MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MINISO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 21 दिसंबर, 2025 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-7 । अंक-348

# मच्छी: मार्केट

## दुकानों का आवंटन नहीं, सड़क पर दुकानदार




निजाम के जमाने से चले आ रहे बेगम बाजार के प्रसिद्ध फिश मार्केट (मच्छी मार्केट) को करोड़ों रुपए खर्च कर जिन दुकानदारों, ग्राहकों, स्थानीय निवासियों व राहगीरों को पेश आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए अत्याधुनिक बनाया गया था, आज भी सभी के लिए यह बाजार परेशानी का सबब बना हुआ है। कई वर्षों की जद्दोजहद के बाद 2022 में यहाँ अत्याधुनिक भवन में दुकानें तो बन गई, लेकिन अज्ञात कारणों से उनका आवंटन लंबित रहने से सारी कवायद पर पानी फिरता नजर आ रहा है। खास बात यह है कि इस चार मंजिला भवन के सभी दरवाजे उद्‌घाटन के बाद से ही लगातार बंद है।

'मर्ज़ बढ़ता गया, ज्यों ज्यों दवा की' की तर्ज़ पर पुरानी दुकानें तोड़कर सभी अत्याधुनिक सुविधा वाला नया भव्य भवन तो तीन साल पहले ही तैयार हो गया था, किन्तु दुकानों का आवंटन अभी तक न होने के चलते दुकानदार सड़क पर व्यापार करने को मजबूर है। इसकी वजह से आस-पास के लोगों का जीना दूभर हो गया है। पहले लोग नाक पर रुमाल रखकर मच्छी मार्केट के आस-पास से गुज़र जाते थे, लेकिन तंग सड़कों व गलियों और ऊपर से सड़क पर व्यापार के चलते बढ़ी गंदगी और दुर्गन्ध के कारण अब रुमाल भी बेअसर साबित हो रहा हैं।

गौरतलब है कि 22 सितंबर 2022 को तत्कालीन मत्स्य पालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने इस भवन का उद्घाटन करते हुए कहा था कि व्यस्त बेगम बाज़ार में निज़ाम काल का यह थोक मछली बाज़ार, जो कभी अपनी दुर्गंध और गंदगी के लिए जाना जाता था और जिससे आस-पास के लोगों का जीना दूभर था, अब इतिहास बनने जा रहा है। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (GHMC) द्वारा राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (NFDB) की आर्थिक सहायता से निर्मित बिल्कुल नये और स्वच्छ बाज़ार में स्वच्छ वातावरण के अलावा, ग्राहकों को निजी रिटेल दुकानों की तुलना में एक ही स्थान पर उचित मूल्य पर विभिन्न प्रकार के समुद्री भोजन (सीफूड) उपलब्ध होंगे। इस नई सुविधा के साथ, अब मछलियाँ मक्खियों और धूल के संपर्क में नहीं आएंगी। राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (NFDB) के फंड से 9.4 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस नई सुविधा में एक सेलार (तहखाना), ग्राउंड फ्लोर और दो अन्य मंजिलें शामिल हैं, जिसका कुल निर्मित क्षेत्र 3,539 वर्ग मीटर है। यहाँ कुल 214 स्टॉल हैं, जिनमें थोक अनुभाग (43), कटिंग अनुभाग (72), रिटेल अनुभाग (91) और सूखी मछली अनुभाग (8) शामिल हैं। सेलार का उपयोग पार्किंग के लिए किया जाएगा, जबकि ग्राउंड फ्लोर पर थोक अनुभाग, आइस फ्लेक मशीन और कोल्ड स्टोरेज रूम होगा। पहली मंजिल पर कटिंग और रिटेल अनुभाग होगा ▶10पर

Agarwal Samaj, Telangana
Presents
AST SUPER SINGERS
(SINGING COMPETITION AMONG AST MEMBERS)
Congratulations and best wishes for 2nd Audition
AGARWAL SUPER SINGERS STARS
Deepak Agarwal - Goshamahal Shakha
Kanak Pitti - Ameerpet Shakha
Pavan Dokaniya - Shalibanda Shakha
Prashant Dev Gupta - Attapur Central Shakha
Rohan Agarwal - Yuva Morcha Malakpet Shakha
Rohit Agarwal - Shahalibanda Shakha
Saurabh Agarwal - Ameerpet Shakha
Sandeep Kumar Agarwal - Gyanbagh Colony Shakha
Vikas Agarwal - Secunderabad North Shakha
Yash Agarwal - Malakpet Shakha
Amit Kumar Agarwal - Srirampally Shakha
Anil Kedia - Bahadurpura Shakha
Anoop Kumar Agarwal - Gachibowli Shakha
Ashok Kumar Bansal - Rikabgunj Shakha
Bhavna Goyal - Attapur West Shakha
Bimal Kumar Kedia - Attapur West Shakha
Deepak Agarwal - Attapur West Shakha
Deepak Agarwal - Agrasen Marg Shakha
Dinesh Kumar Agarwal - Shivrampally Shakha
Dr. Mohan Gupta - Himayat Nagar Shakha
Gayatri Gupta - Malakpet Mahila Shakha
Jaiprakash Agarwal - Shyam Mandir Shakha
Jyoti Agarwal - Murli Nagar Shakha
Kamlesh Agarwal - Gachibowli Mahila Wing
Mahesh Kumar Kedia - Goshamahal Shakha
Maniklal Agarwal - Shyam Mandir Shakha
Nidhish Singhal - Somajiguda Begumpet Shakha
Pankaj Agarwal - Malakpet Shakha
Sawarmal Agarwal - Secunderabad Paradise Shakha
Shikha Agarwal - Gachibowli Shakha
Shiv Bhagwan Agarwal - Ghansi Bazar Jhula Shakha
Snehlata Agarwal - Attapur Mahila Sevika Shakha
Umesh Kumar Agarwal - Lakdikapul Shakha
Vishal Agarwal - Banjara Central Shakha
Vishwanath Agarwal - Murlinagar Shakha
AST Super Singers - Singing Competition Among AST Members
SECOND AUDITION
MONDAY 22ND DEC. 2025
Venue : Allied Artist Auditorium, Himayat Nagar
GRAND FINALE
SUNDAY 4TH JANUARY 2026
Venue : BHARTIYA VIDYA BHAWAN, King Koti
Organising Committee
Chairman - Dr. Dilip Pansari
Mahendra Agarwal, Ashok Jindal - Vice Chairman
Pankaj Sanghi, Mukesh Agarwal, Dinesh Shahbajpuria, Deepak Agarwal, Dinesh Pansari, Nischint Agarwal, Sheetal Rungta - Members
Anirudh Gupta - Presient
Rupesh Agarwal - Vice President
Vikash Kumar Keshan - Secretary
Dr. Seema Jain - Jt. Secretary
Achal Gupta - Treasurer
Manish Agarwal - IPP
D.E.C INFRASTRUCTURE & PROJECTS (INDIA) PVT. LTD.
Keshan Industries King kopper - Trust.. Driven by innovation
ROYALTON HOTELS
ELIXIR PHARMACY MEDICAL CENTRE - Amit Goyal * 9100-139-191 Call on * 9247-522-355

महेश बैंक निदेशक मण्डल चुनाव में संस्थापक पैनल को प्रचण्ड बहुमत दिलवाने पर
श्री रमेश कुमार बंग
श्री लक्ष्मीनारायण राठी
श्री रामप्रकाश भण्डारी
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
नवनिर्वाचित निदेशक मण्डल के
CA मुरली मनोहर पलोड़ - चेयरमैन
श्री गोविन्द नारायण राठी - वाईस चेयरमैन
निदेशक मण्डल
श्री अमित लड्डा (गग्गु)
श्री दीपक कुमार बंग
श्री देवेन्द्र झँवर
श्री भांगड़िया कैलाश नारायण
श्री कैलाश मंत्री
श्री मनोज लोया
श्री मुकुन्दलाल बाहेती
श्री पवन कुमार लोहिया
श्री रुपेश सोनी
श्री विनोद कुमार बंग
CA अल्का झँवर
श्रीमती कविता तोष्णीवाल
आपके कार्यकाल में बैंक चहुँमुखी प्रगति करे इन्ही मंगलकामनाओं के साथ :
ओमप्रकाश अग्रवाल-प्रेमलता अग्रवाल
गणेशलाल ओमप्रकाश अग्रवाल
एबिएंस फोर्ट, अत्तापुर, हैदराबाद

शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे



# सीरिया में आईएसआईएस के 70 ठिकानों पर अमेरिका के हवाई हमले, बदले की कार्रवाई बताया

**वाशिंगटन,20 दिसंबर (एजेंसियां) ।**

अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को मध्य और पूर्वी सीरिया के ग्रामीण इलाकों में इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के दर्जनों ठिकानों पर हवाई हमले किए। 13 दिसंबर को पल्मायरा में हुए हमले के जवाब में यह कार्रवाई की गई है जिसमें दो अमेरिकी सैनिक और एक दुभाषिए की मौत हो गई थी। अमेरिका ने इसे बदले की कार्रवाई बताया है। सीरिया की सरकार ने अमेरिकी कार्रवाई का समर्थन किया है।

अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि बदले की कार्रवाई में आईएसआईएस के कई लड़ाके मारे गए। उनका कहना है कि आईएसआईएस के लड़ाकों उसके बुनियादी ढांचे और हथियार जमा किए जाने के ठिकानों को नष्ट करने के उद्देश्य के साथ यह ऑपरेशन शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि यह किसी युद्ध की शुरुआत नहीं– प्रतिशोध की घोषणा है।

पेंटागन ने इस जवाबी कार्रवाई को 'ऑपरेशन हॉकआई स्ट्राइक' नाम दिया है जो 13 दिसंबर को हुए हमले में मारे गए दो अमेरिकी सैनिकों और एक दुभाषिये की मौत का बदला लेने के लिए शुरू किया गया है।

अल–मॉनिटर ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया है कि स्थानीय समयानुसार तक 70 से अधिक ठिकानों पर हमले किए जा चुके थे। जिसमें अमेरिकी वायु सेना के एफ–15 ए–10 टैंक बस्टर और अमेरिकी सेना के अपाचे हेलीकॉप्टरों के साथ जमीन पर मौजूद अमेरिकी हिमर्स सिस्टम और जॉर्डन की रॉयल एयरफोर्स के एफ–16 विमानों ने भी हिस्सा लिया। ऐसे बड़े हमले आने वाले घंटों और मंगलवार सुबह तक जारी रह सकते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 13 दिसंबर को पल्मायरा में आए अमेरिकी सैन्य प्रतिनिधिमंडल पर हुए हमले के लिए आईएसआईएस को जिम्मेदार ठहराते हुए उसे इसकी कड़ी सजा देने की घोषणा की थी। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने हमले के लिए अकेले आईएसआईएस को जिम्मेदार ठहराया हालांकि आईएसआईएस ने सीधे तौर पर हमले की जिम्मेदारी नहीं ली।

## न्यूज ब्रीफ

### नेपालः प्रतिनिधि सभा चुनाव के लिए करीब 11 हजार मतदान केंद्र स्थापित



**काठमांडू।** नेपाल में आगामी 5 मार्च 2026 को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनाव के लिए देशभर में करीब 11 हजार मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदाताओं के लिए मतदान को अधिक सरल और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से आयोग ने 168 नए मतदान केंद्र जोड़े हैं। इससे पहले देश में 10,892 मतदान केंद्र थे। वहीं, उपयोग में न आने वाले या अनुपयुक्त माने गए 93 मतदान केंद्रों को रद्द कर दिया गया है। इस प्रकार से आगामी चुनावों में कुल 10,967 मतदान केन्द्र होंगे। निर्वाचन आयोग ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मतदान केंद्रों का पुनर्गठन किया गया है। जो मतदान केंद्र पहुंच से बाहर थे या मतदाताओं के लिए उपयुक्त नहीं थे, उन्हें हटाया गया है, जबकि अधिक उपयुक्त स्थानों पर नए मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। मतदान केंद्रों की समीक्षा के दौरान उनके नाम और पते में पाई गई त्रुटियों को भी सुधारा गया। कुछ मामलों में मतदाताओं को आंशिक या पूर्ण रूप से अधिक उपयुक्त मतदान केंद्रों में स्थानांतरित किया गया है। आयोग ने इससे पहले समीक्षा प्रक्रिया को लेकर सार्वजनिक सूचना भी जारी की थी। आयोग के अनुसार, यदि किसी मतदाता का नाम समीक्षा के दौरान किसी अन्य मतदान केंद्र में स्थानांतरित किया गया हो या हटाया गया हो, तो संबंधित व्यक्तियों को आपत्ति दर्ज कराने का अवसर दिया गया था। इसके अलावा, एक ही वार्ड के भीतर एक मतदान केंद्र से दूसरे मतदान केंद्र में नाम स्थानांतरित करने के लिए आवेदन करने की व्यवस्था भी की गई है।

### बांग्लादेश में हिंदू युवक की पीट-पीट कर हत्या और व्यापक हिंसा पर एमनेस्टी इंटरनेशनल ने जताई चिंता तुरंत निष्पक्ष जांच की जरूरत बताई



**ढाका।** मानवाधिकार से जुड़े मामलों की अग्रणी संस्था एमनेस्टी इंटरनेशनल ने एक हिंदू युवक की पीट–पीट कर हत्या और मीडिया संस्थानों पर हमले के साथ देशभर में व्यापक स्तर पर हुई हिंसा पर गहरी चिंता जताई है। संस्था ने ऐसे तमाम मामलों की तुरंत निष्पक्ष जांच की जरूरत बताई है। लंदन स्थित मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने अंतरिम सरकार से इंकलाब मंच के संयोजक शरीफ उस्मान हादी की हत्या और उसके बाद हुई हिंसा की त्वरित गहन स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। संस्था ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा है कि हिंसा के दौरान मीडिया समूह प्रोथोम आलो डेली स्टार और छायानट के कार्यालयों को जला दिया गया और न्यू एज के संपादक नूरुल कबीर को परेशान किया गया। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा कि ईशनिंदा के आरोपों के बाद हिंदू कपड़ा मजदूर दीपू चंद्र दास की पीट–पीटकर हत्या किए जाने से वे चिंतित हैं। हिंसा की निंदा करते हुए एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा कि अंतरिम सरकार को हिंसा और हत्या के दोषियों को निष्पक्ष सुनवाई के माध्यम से जवाबदेह ठहराने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। इससे पहले एमनेस्टी इंटरनेशनल ने हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को फांसी की सजा सुनाए जाने के फैसले का विरोध किया था।

### गाजा में शांति को लेकर खुश हुए अमेरिकी विदेश मंत्री बोले- हम आपके आभारी...



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका पाकिस्तान की उस पेशकश का बहुत आभारी है जिसमें इस्लामाबाद ने गाजा में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल (आईएसएफ) में शामिल होने या कम से कम इस पर विचार करने की इच्छा जताई है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी तक किसी भी देश से औपचारिक सहमति नहीं मांगी गई है और न ही प्राप्त हुई है। यह बयान साल के अंत में आयोजित एक लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आया जहां रुबियो से गाजा में शांति स्थापना के लिए पाकिस्तान की भागीदारी पर सवाल पूछा गया। रुबियो ने कहा कि पाकिस्तान ने हिस्सा बनने की पेशकश की है या कम से कम विचार करने की पेशकश की है जिसके लिए अमेरिका आभारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि कई ऐसे देश हैं जो संघर्ष के सभी पक्षों के लिए स्वीकार्य हैं और इस बल में शामिल होने को तैयार हैं। हालांकि बल के जनादेश फंडिंग और नियमों को स्पष्ट करने की जरूरत है ताकि देशों से ठोस प्रतिबद्धता मांगी जा सके। रुबियो के अनुसार पहले बोर्ड ऑफ पीस और एक फिलिस्तीनी तकनीकी प्रशासनिक ढांचा स्थापित किया जाएगा उसके बाद ही आईएसएफ का स्वरूप अंतिम रूप लेगा। यह टिप्पणियां ट्रंप प्रशासन की गाजा शांति योजना को आगे बढ़ाने की कोशिशों के बीच आई हैं जो इजरायल–हमास युद्ध समाप्त करने पर केंद्रित है।

# भ्रष्टाचार मामले में पूर्व पीएम इमरान खान व पत्नी बुशरा को 17–17 साल की सजा

**वाशिंगटन,20 दिसंबर (एजेंसियां) ।**



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की कानूनी परेशानियां पिछले डेढ़ साल से लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्हें पहली बार 9 मई 2023 को भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद अगस्त 2023 में तोशाखाना मामले में उनकी दूसरी गिरफ्तारी हुई। तब से वे कई मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं और अलग–अलग अदालतों में सुनवाई चल रही है। ताजा फैसला उनके खिलाफ चल रहे मामलों की कड़ी में एक अहम मोड़ माना जा रहा है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और क्रिकेट विश्व कप विजेता कप्तान इमरान खान को भ्रष्टाचार के एक गंभीर मामले में अदालत ने 17 साल की सजा सुनाई है। इसी मामले में उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भी समान सजा दी गई है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब उनके जेल में कथित अमानवीय व्यवहार को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं और पाकिस्तान सरकार पर दबाव बढ़ रहा है।

सजा के समय पाकिस्तान में उनके जेल में रखे जाने के तरीके पर भी विवाद है। समर्थकों और पार्टी नेताओं का आरोप है कि इमरान खान को लंबे समय से एकांत कारावास में रखा गया और उन्हें बुनियादी सुविधाएं भी नहीं दी जा रही हैं। इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने चिंता जताई है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने पाकिस्तान सरकार से अपील की थी कि उन्हें एकांत कारावास से बाहर निकाला जाए। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) ने अदालत के फैसले को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि मौजूदा सत्ता प्रतिष्ठान न्यायिक प्रक्रिया का इस्तेमाल करके इमरान खान को राजनीति से बाहर करने की कोशिश कर रहा है। उनका यह भी दावा है कि यह फैसला निष्पक्ष नहीं है और इसे उच्च अदालतों में चुनौती दी जाएगी। वहीं पाकिस्तान सरकार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। सरकार का कहना है कि देश में कानून अपना काम कर रहा है और अदालतों के फैसलों में किसी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं है। भ्रष्टाचार के मामलों में किसी के साथ कोई रियायत नहीं की जाती चाहे वह कितना ही बड़ा नेता क्यों न हो। इस फैसले के बाद पाकिस्तान की राजनीति में एक बार फिर उथल–पुथल तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

### पाकिस्तानी भिखारियों से कई देश परेशान 50 हजार को दिखाया बाहर का रास्ता



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पूरी दुनिया की नाक में दम कर दिया है। कभी आतंकवाद फैलाता है तो कभी भिखारियों की फौज दूसरे देशों में सप्लाई कर देता है। इससे तंग आकर कई देशों ने उन्हे अपने देश से बाहर कर दिया है। इसकी जानकारी खुद पाकिस्तान ने दी है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली की ओवरसीज पाकिस्तानियों और मानवाधिकारों पर स्थायी समिति की बैठक में एफआईए के महानिदेशक रिफ्फत मुख्तार राजा ने जानकारी दी। उन्होंने समिति को बताया कि इस वर्ष 51000 पाकिस्तानियों को प्रवेश से वंचित किया गया। उन्होंने बताया कि सऊदी अरब में निर्वासन की संख्या सबसे अधिक रही जहां भीख मांगने के आरोप में 24000 लोगों को वापस भेजा गया। यूएई ने भी इसी आधार पर 6000 पाकिस्तानियों को निर्वासित किया जबकि अजरबैजान से करीब 2500 भिखारियों को बाहर किया गया। एफआईए डीजी ने कहा कि उमरा के बहाने यूरोप जाने की कोशिश कर रहे कई लोगों को तब रोका गया जब उनके दस्तावेजों से यूरोपीय देशों में प्रवेश का इरादा सामने आया। उन्होंने कहा 'सबूतों के आधार पर ऐसे यात्रियों को प्रवेश से वंचित किया गया। समिति को यह भी बताया गया कि इस वर्ष 24000 पाकिस्तानी कंबोडिया गए जिनमें से 12000 अब तक वापस नहीं लौटे। वहीं 4000 लोग म्यांमार पर्यटक वीजा पर गए जिनमें से लगभग 2500 वापस नहीं आए।एफआईए प्रमुख ने कहा कि कड़े नियंत्रण उपायों के चलते पाकिस्तान के पासपोर्ट रैंकिंग में सुधार हुआ है और यह 118वें स्थान से 92वें स्थान पर आ गया है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान पहले अवैध प्रवासन के मामलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल था लेकिन नीतियों में बदलाव के कारण स्थिति में सुधार आया है। इससे पहले जनवरी में सऊदी अरब और अमेरिका सहित कई देशों से 200 से अधिक पाकिस्तानियों को एक सप्ताह के भीतर निर्वासित किया गया था।

# बांग्लादेश : काशिमपुर में किराएदार परिवार पर बर्बर हमला, तीन घायल

**ढाका,20 दिसंबर (एजेंसियां) ।**



**बांग्लादेश के गाजीपुर महानगर के काशिमपुर थाना क्षेत्र के दक्षिण पानीशैल इलाके में मामूली विवाद को लेकर एक किराएदार परिवार पर बर्बर हमले का मामला सामने आया है। आरोप है कि कचरा व्यवसाय से जुड़े अबुल बशर के बड़े बेटे के नेतृत्व में यह हमला किया गया। इस घटना में एक दंपत्ति और उनका नाबालिग बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पति पत्नी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित मोहम्मद आतिख (28) द्वारा थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार 14 दिसंबर की शाम उनके चार साल के बेटे यामिन अराफात का अबुल बशर के छोटे बेटे के साथ खेल को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर शुक्रवार को योजनाबद्ध तरीके से अबुल बशर के बड़े बेटे मोहम्मद अंतर (27) और प्रांत (20) ने लोहे की रॉड से आतिख पर हमला कर दिया।**

हमले के दौरान आतिख को बचाने आई उनकी पत्नी आफरीन (24) पर भी लोहे की रॉड से बेरहमी से वार किया गया। शिकायत में कहा गया है कि आतिख के सिर में गहरी चोट आई जिसके कारण पांच टांके लगाने पड़े जबकि आफरीन के सिर में 15 टांके आए हैं। हमलावरों ने चार साल के बच्चे को भी नहीं बख्शा और उसके साथ मारपीट कर उसे लहूलुहान कर दिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपित अबुल बशर इलाके में प्रभावशाली माना जाता है। पड़ोसियों का आरोप है कि वह कचरा व्यवसाय के नाम पर चलने वाले एक सिंडिकेट से जुड़ा है और जबरन वसूली सहित कई अवैध गतिविधियों में शामिल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उसके परिवार के सदस्यों की दबंगई से इलाके के लोग और किराएदार लंबे समय से परेशान हैं। एक पड़ोसी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बशर के बेटे अक्सर आम लोगों के साथ मारपीट करते रहते हैं।

हमले के बाद लोगों ने घायलों को पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और हालत गंभीर होने पर उन्हें शहीद ताजुद्दीन अहमद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल आतिख और उनकी पत्नी इलाजरत हैं।

इस मामले में पीड़ित आतिख ने काशिमपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।

# उस्मान हादी के अंतिम संस्कार के बाद बांग्लादेश में तनाव बरकरार

## समर्थकों ने यूनुस सरकार को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

**ढाका, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।**


शरीफ उस्मान हादी के अंतिम संस्कार के बाद बांग्लादेश की राजधानी में तनाव बढ़ गया। समर्थकों ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को कड़ी चेतावनी जारी की। उन्होंने हादी की हत्या के लिए जिम्मेदार सभी लोगों की 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी की मांग की।

समर्थकों के अनुसार, अंतिम संस्कार के बाद अब धैर्य खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास आरोपियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए सीमित समय है। हादी के समर्थकों ने चेतावनी दी अगर 24 घंटे के भीतर सभी हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

गौरतलब है कि हादी की जनाज़े की नमाज़ शनिवार दोपहर ढाका में संपन्न हुई। इस नमाज़ में इंकलाब मंचो के संयोजक के लिए बड़ी संख्या में लोग प्रार्थना करने पहुंचे। परिवार की इच्छा के अनुसार, हादी को राष्ट्रीय कवि काज़ी नज़रुल इस्लाम की कब्र के बगल में दफनाया गया। सुबह से ही शोक मनाने वाले लोग समूहों में मानिक मियां एवेन्यू पर पहुंचने लगे और देखते ही देखते संसद के सामने का रास्ता लोगों से भर गया। भीड़ में से कुछ लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज ओढ़ा हुआ था, जबकि अन्य लोग हादी की हत्या के लिए न्याय की मांग करते हुए नारे लगा रहे थे।

हादी के निधन पर शनिवार को राजकीय शोक मनाया जा रहा है। इस दिन राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और पूजा स्थलों पर विशेष प्रार्थनाएं आयोजित की जाएंगी। इंकलाब मंचो के समर्थकों द्वारा दो दिनों के विरोध प्रदर्शन के बाद राजधानी में





अपेक्षाकृत शांति का माहौल रहा। बीडीन्यूज़24 के हवाले से एएनआई ने बताया कि उनकी अंतिम संस्कार प्रार्थना से पहले बांग्लादेश गार्ड बॉर्डर और पुलिस को संसद भवन और ढाका के अन्य प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया था। इंकलाब मंचो के निर्देशों के अनुसार, अंतिम संस्कार प्रार्थना सभा में केवल बांग्लादेश का राष्ट्रीय ध्वज ही फहराया गया।

# सरकार के 100 दिन पूरे होने पर प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने कहा चुनाव एकमात्र लक्ष्य

**काठमांडू,20 दिसंबर (एजेंसियां) ।**

नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने अपनी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर कहा है कि उनकी सरकार ने सुशासन और चुनाव को अपनी एकमात्र प्राथमिकता बनाया है और आगामी चुनाव ही स्थिरता तथा लोकतांत्रिक पुनर्जागरण का एकमात्र व्यवहारिक रास्ता हैं।

जेन–ज़ी आंदोलन के बाद गठित सरकार के 100 दिन पूरे होने पर राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री कार्की ने कहा कि सरकार 5 मार्च 2026 को प्रतिनिधि सभा का चुनाव स्वतंत्र निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

उन्होंने कहा 'जेन–ज़ी आंदोलन की भावना से प्रेरित होकर इस सरकार ने सुशासन और चुनाव को ही अपना एकमात्र लक्ष्य बनाया है। चुनाव में कौन जीतता है या हारता है यह गौण है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हमारा लोकतंत्र और राष्ट्रीय अखंडता मजबूत रहे।

राष्ट्रीय एकता का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री कार्की ने नागरिकों से आगामी चुनाव को 'राष्ट्रीय अनुष्ठान' के रूप में देखने का आग्रह किया जो परिवर्तन का द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा 'राष्ट्रीय एकता की डोर में बंधकर हमें देश को नई दिशा में आगे बढ़ाना है। यह चुनाव नेपाल की राजनीति में एक नए स्वच्छ और स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत करेगा।' उन्होंने चुनाव में देरी या रद्द होने की अफवाहों को निराधार बताते हुए कहा कि निर्धारित समय पर चुनाव कराने के अपने संकल्प में सरकार 'चट्टान की तरह मजबूत' है। जेन–ज़ी आंदोलन के बाद हुई हिंसा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 8 और 9 सितंबर की दुखद घटनाओं के बाद देश फिर से शांति के मार्ग पर लौट आया है। उन्होंने बताया कि जान गंवाने वालों को शहीद घोषित किया गया है घायलों के इलाज और आजीविका सहायता की प्रक्रिया जारी है तथा क्षतिग्रस्त संरचनाओं के पुनर्निर्माण का




काम भौतिक अवसंरचना पुनर्निर्माण कोष के माध्यम से शुरू हो चुका है। चुनाव की तैयारी के संबंध में उन्होंने कहा कि एकीकृत चुनाव सुरक्षा योजना को मंजूरी दे दी गई है और नेपाल सेना की तैनाती सुनिश्चित की गई है। अशांति के दौरान लूटे गए 1342 हथियारों में से अधिकांश बरामद कर लिए गए हैं जबकि पुलिस ने अतिरिक्त 32 अवैध हथियार भी जब्त किए हैं। क्षतिग्रस्त 465 पुलिस कार्यालयों को फिर से संचालन में लाया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के लिए 673 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है और मतदाता पंजीकरण कानून में संशोधन के बाद चुनाव की तिथि घोषित होने के पश्चात भी 8 लाख 37 हजार नए युवा मतदाता जोड़े गए हैं। अब 1 करोड़ 81 लाख से अधिक मतदाता मतदान के पात्र हैं और 114 राजनीतिक दल चुनाव प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं।

विशेष रूप से जेन–ज़ी सहित युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव जीत–हार का नहीं बल्कि लोकतंत्र और सुशासन को मजबूत करने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा 'सड़क आंदोलन सवाल उठाते हैं लेकिन मतपत्र समाधान देता है' और आश्वस्त किया कि राज्य प्रत्येक वोट की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। पिछले 100 दिनों में किए गए शासकीय सुधारों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि कानून प्रवर्तन और भ्रष्टाचार–रोधी संस्थाएं अब पूर्ण पेशेवर स्वतंत्रता के साथ पद और प्रभाव की परवाह किए बिना कार्रवाई कर रही हैं।

सरकार मिलीभगत वाले ठेकों राज्य संसाधनों के दुरुपयोग और ठप विकास परियोजनाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। धैर्य रखने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सार्थक परिवर्तन रातोंरात संभव नहीं है और जेन–ज़ी आंदोलन की उपलब्धियों को संस्थागत रूप देने के लिए निरंतर प्रयास और समय की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा 'अराजकता किसी को खुशी नहीं देती; केवल शांति और स्थिरता ही समृद्धि का द्वार खोलती है' और नागरिकों से 5 मार्च 2026 के चुनाव को राष्ट्रीय नवजागरण का एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बनाने का आह्वान किया।

# जर्मनी में भारत विरोधी लोगों से मिले राहुल गांधी, देश को कर रहे बदनाम : भाजपा

**नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जर्मनी दौरे को लेकर तल्ख टिप्पणी की। भाजपा ने शनिवार को आरोप लगाया कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विदेश जाकर राहुल गांधी ने न केवल भारत को बदनाम किया, बल्कि भारत विरोधी ताकतों से मुलाकात भी की। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पहला कर्तव्य संसद में मौजूद रहना होता है, लेकिन राहुल गांधी संसद सत्र छोड़कर जर्मनी चले गए। भाटिया ने कहा, विदेश जाकर भारत को बदनाम करना और भारत विरोधी लोगों से मिलना, यह काम देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कर रहे हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी जर्मनी के हर्टी स्कूल गए, जहां उन्होंने डॉ. कॉर्नेलिया वोल से मुलाकात की। उन्होंने दावा किया कि डॉ. वोल सेंट्रल यूरोपियन यूनिवर्सिटी (सीईयू) की ट्रस्टी हैं, जिसे अमेरिकी निवेशक और परोपकारी जॉर्ज सोरोस से जुड़ा बताया जाता है। भाजपा का आरोप है कि जॉर्ज सोरोस और उनसे जुड़े संस्थानों के भारत विरोधी रुख रहे हैं।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा प्रवक्ता ने एक राजनीतिक मीम का जिक्र करते हुए कहा कि राहुल गांधी और जॉर्ज सोरोस के बीच करीबी संबंध हैं।




उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी संसद सत्र चल रहा होता है, राहुल गांधी विदेश यात्रा पर निकल जाते हैं और ऐसे लोगों से मिलते हैं जो भारत के विरोधी हैं या भारत की प्रगति से जलन रखते हैं।

गौरव भाटिया ने सवाल उठाया कि आखिर नेता प्रतिपक्ष किस एजेंडे के तहत विदेशों में जाकर भारत के खिलाफ माहौल बनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी का नाम कथित तौर पर भारत विरोधी गतिविधियों से जुड़ा हो।

उन्होंने राहुल गांधी की तुलना 'मीर जाफर' से करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां देश के हितों के खिलाफ हैं।

भाजपा प्रवक्ता ने यह भी कहा कि जॉर्ज सोरोस भारत को लेकर कई बार नकारात्मक बयान दे चुके हैं और उन पर भारत में अशांति फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोरोस भारतीय नागरिक नहीं हैं और न ही उन्होंने भारतीय संविधान की शपथ ली है, लेकिन राहुल गांधी ने संविधान की शपथ ली है, इसके बावजूद उनका ऐसा व्यवहार बेहद शर्मनाक है।

भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी को मासूम नहीं बल्कि चालाक बताया जा सकता है और उनका रवैया सत्ता हासिल करने के लिए भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े होने जैसा है। उन्होंने इसे देश के खिलाफ साजिश करार देते हुए गंभीर शब्दों का इस्तेमाल किया।

उन्होंने पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ये जान चुकी हैं कि वो आगामी चुनाव हारने जा रही हैं। इसलिए वो सांप्रदायिक राजनीति करके चुनाव को प्रभावित करना चाहती हैं। टीएमसी के विधायक मदन मित्रा ने जिस प्रकार से हिंदू विरोधी वक्तव्य दिया, उससे हिंदुओं की भावनाएं काफी आहत हुई हैं। ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मदन मित्रा ने कहा कि प्रभु श्रीराम हिंदू नहीं, मुसलमान हैं। इसके बावजूद ममता बनर्जी ने न तो इसकी निंदा की और न ही उन्हें पार्टी से निकाला।

# सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चलाया, हम सब मुकाबला करने के लिए तैयार : सोनिया गांधी

**नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** कांग्रेस संसदीय दल की मुखिया सोनिया गांधी ने संसद के दोनों सदनों से पास हो चुके वीबी जी राम जी बिल को लेकर देश के नाम संदेश जारी किया है. इसमें उन्होंने मनरेगा की उपलब्धियों का जिक्र किया है. साथ ही वीबी जी राम जी बिल को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है. सोनिया गांधी ने कहा मुझे आज भी याद है, 20 साल पहले डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला था। खासतौर पर वंचित, शोषित, गरीब और अतिगरीब लोगों के लिए रोजी-रोटी का जरिया बना।रोजगार के लिए अपनी माटी, अपना गांव, अपना घर-परिवार छोड़कर पलायन करने पर रोक लगी।



रोजगार का कानूनी हक़ दिया गया, साथ ही ग्राम पंचायतों को ताकत मिली। मनरेगा के जरिए महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम उठाया गया। सोनिया ने कहा पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की, जबकि कोविड के वक़्त ये गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ। लेकिन बहुत अफसोस की बात है कि अभी हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। न सिर्फ महात्मा गांधी का नाम हटाया गया, बल्कि मनरेगा का रूप-स्वरुप बिना विचार-विमर्श किए, बिना किसी से सलाह-मशवरा किए, बिना विपक्ष को विश्वास में लिए मनमाने ढंग से बदल दिया गया।अब किसको, कितना, कहां और किस तरह रोजगार मिलेगा, यह जमीनी हकीकत से दूर दिल्ली में बैठकर सरकार तय करेगी।कांग्रेस संसदीय दल की मुखिया सोनिया गांधी ने कहा कांग्रेस का मनरेगा को लाने और लागू करने में बड़ा योगदान था, लेकिन यह पार्टी से जुड़ा मामला कभी नहीं था। ये देशहित और जनहित से जुड़ी योजना थी। मोदी सरकार ने इस कानून को कमजोर करके देश के करोड़ों किसानों, श्रमिकों और भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीबों के हितों पर हमला किया है। इस हमले का मुकाबला करने के लिए हम सब तैयार हैं। 20 साल पहले अपने गरीब भाई-बहनों को रोजगार का अधिकार दिलवाने के लिए मैं भी लड़ी थी, आज भी इस काले कानून के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

# उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई डीएमएम,बीएमएम की कार्यशाला

**लखनऊ, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से जिला मिशन प्रबन्धक डीएमएम जिला मिशन प्रबन्धक, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं ब्लाक मिशन मैनेजर बीएमएम ब्लाक मिशन मैनेजर, ग्रामीण आजीविका मिशन) प्रतिभाग किया।श्री मौर्य ने कार्यशाला के दौरान ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों पर चर्चा तथा मिशन के लक्ष्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारियों को मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप बेहतर समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यशाला से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण महिलाओ के आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यक्रमों को नई गति मिलेगी। लखपति दीदियो की संख्या बढ़ाने, नमो ड्रोन दीदियो की सक्रियता सुनिश्चित करने सहित समूहो की संख्या बढ़ाने व निष्क्रिय समूहो को सक्रिय किये जाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा ग्रामीण आजीविका मिशन की उपलब्धियों, चल रही योजनाओं एवं भविष्य की कार्ययोजनाओं की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पहुंचे।

उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली बी सी सखियो, विद्युत सखियो, लखपति दीदियो व टीएचआर प्लान्ट्स मे कार्य करने वाली दीदियो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# उड़ानों के रद्द होने से प्रभावित यात्रियों को 10,000 का ट्रैवल वाउचर 26 से जारी करेगा इंडिगो

**नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो इस महीने की शुरुआत में बड़ी संख्या में उड़ानों के रद्द होने से प्रभावित यात्रियों को अगले हफ्ते से 10,000 रुपए का ट्रैवल वाउचर जारी करना शुरू करेगा। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक, बजट एयरलाइन इंडिगो 26 दिसंबर से इस महीने की 3,4 और 5 तारीख को रद्द हुई उड़ानों से प्रभावित यात्रियों को 10,000 रुपए की वैल्यू का ट्रैवल वाउचर जारी करेगा। यह वाउचर प्रभावित यात्रियों को सरकारी नियमों के अनुसार दिए जाने वाले 5,000 रुपए से 10,000 रुपए तक के मुआवजे के अतिरिक्त होगा।

सरकार ने इंडिगो को सख्ती के साथ कहा है कि वह इस बात को बिना पुख्ता करें कि सभी पात्र यात्रियों तक भुगतान बिना किसी देरी के पहुंचे।



इंडिगो को ट्रैवल एजेंटों और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों से यात्रियों का विवरण एकत्र करने और प्रभावित ग्राहकों को सीधे भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। नागर विमानन महानिदेशालय को मुआवजे के सफल वितरण की निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है और नागर विमानन मंत्रालय अपने वायु सेवा शिकायत पोर्टल के माध्यम से इस प्रक्रिया की निगरानी करेगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंडिगो ने रद्द उड़ानों के लिए रिफंड की प्रक्रिया शुरू कर दी है, लेकिन ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों (ओटीए) के जरिए बुकिंग कराने वाले कई यात्रियों को अभी तक भुगतान नहीं मिला है, जो एयरलाइंस और बुकिंग प्लेटफॉर्म के बीच समन्वय की कमी को दर्शाता है।

रिपोर्ट्स में कहा गया कि मेकमाईट्रिप ने डीसीजीए के निर्देश के बाद इंडिगो से भुगतान मिलने से पहले ही लगभग 10 करोड़ रुपए का रिफंड प्रोसेस कर दिया है।

इससे पहले इंडिगो के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा था कि एयरलाइन का बोर्ड, प्रबंधन के साथ मिलकर काम करने और पिछले सप्ताह हुई व्यापक उड़ान रद्दीकरण के मूल कारणों की पहचान करने के लिए बाहरी तकनीकी विशेषज्ञों को नियुक्त करेगा।

उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ यह सुनिश्चित करने में मदद करेंगे कि इस तरह की व्यापक परिचालन विफलताएं दोबारा न हों।इस बीच, कंपनी ने बताया कि 8 दिसंबर से एयरलाइन के नेटवर्क के सभी गंतव्य पूरी तरह से जुड़े हुए हैं और 9 दिसंबर से परिचालन स्थिर हो गया है।

# मध्य प्रदेश: उद्यमशीलता भारतीयों के डीएनए में है : यादव

**इंदौर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि हम भारतीयों के डीएनए में है उद्यमशीलता। यही उद्यमशीलता हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग रही है। सीएम मोहन यादव ने मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में यंग इंटरप्रेन्योर फोरम समिट-2025 को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही सदैव नया इतिहास लिखती है। युवाओं की असीम ऊर्जा, नवाचार और उद्यमशील सोच से ही हमारा मध्य प्रदेश लगातार प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि हमारा प्रदेश युवा ऊर्जा से भरपूर है और सामूहिक प्रयासों से हम विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहे हैं। उद्यमशीलता हम भारतीयों के डीएनए में है। उद्यमिता हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रही है, जिसे आज के नव उद्यमी आधुनिक तकनीक, नवाचार और अपने हुनर से नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के नव उद्यमियों ने अपनी मेधा, कौशल और आधुनिक तकनीकी ज्ञान का उपयोग कर रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया है। अपनी लगन, मेहनत और आत्मविश्वास से उन्होंने स्वयं का नया मुकाम बनाया है। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्यमिता की विशेषता यही है कि हम केवल लाभार्जन तक ही सीमित नहीं रहें, बल्कि समाज और राष्ट्र के हित से भी सदैव जुड़े रहें। हमारे युवा उद्यमियों ने जोखिम उठाने की क्षमता तथा अपने साहस से समाज और प्रदेश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुख्यमंत्री यादव ने युवा उद्यमियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सब जो भी करना चाहते हैं, पूरे मनोयोग और आत्मविश्वास के साथ करें। शुरुआत कर ली है तो विस्तार की ओर बढ़े तथा अगर विस्तार कर रहे हैं तो पूरी समाज को साथ में लेने का प्रयास करें। सरकार सहयोगी बनकर हमेशा आप सबके साथ खड़ी है। नव उद्यमियों को उनका व्यापार-व्यवसाय, बिजनेस यूनिट, औद्योगिक इकाई की स्थापना सहित इसमें उत्पादन प्रारंभ करने तक सभी जरूरी मदद मुहैया कराई जायेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में फार्मा से लेकर एग्रीकल्चर तक, फिशरीज से लेकर फूड प्रोसेसिंग तक, टेक्नोलॉजी से लेकर टूरिज्म तक ऑटोमोबाइल से लेकर मैनुफैक्चरिंग, हर क्षेत्र में निवेश आ रहा है और रोजगार के नए-नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उद्यमिता तभी सफल है जब वह राष्ट्र-कल्याण से भी जुड़ी हो। नए भारत के निर्माण का सुनहरा अवसर युवा उद्यमियों को मिला है तो देश के विकास में अमिट योगदान दीजिए। उन्होंने कहा कि भारत उपभोक्ता नहीं, उत्पादक राष्ट्र बने, यही आज की आवश्यकता है और यह काम युवाओं के संकल्प से ही पूरा होगा। युवा ही भारत को 5 ट्रिलियन इकोनॉमी वाली अर्थव्यवस्था बनाएंगे।मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में उद्यमिता लोक कल्याण के संस्कार के रूप में हमारे रक्त में बहती है। देश सिर्फ रोजगार से नहीं, उद्यमिता से आगे बढ़ता है। उद्यम से कई लोगों को रोजगार मिलता है, अर्थव्यस्था का पहिया घूमता है। मध्य प्रदेश तेजी से विकसित होते राज्यों में अग्रणी है। पिछले दो वर्ष में हमने उद्योग, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में निर्णायक और दूरगामी कदम उठाए हैं। उन्होंने राज्य में निवेश की संभावनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के पास एक लाख एकड़ का विशाल लैंड बैंक है।



मध्य प्रदेश में जीपीएस प्रणाली द्वारा औद्योगिक भूमि बैंक का सुदृढ़ीकरण किया गया है ताकि निवेशकों को समय पर और उपयुक्त भूमि उपलब्ध हो सके। हमारा उद्देश्य प्रदेश में न केवल निवेश-अनुकूल नीतियां तैयार करना है, बल्कि इनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना भी है। मुख्यमंत्री यादव ने राज्य में आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की सफलता की चर्चा करते हुए कहा कि इसी साल फरवरी में हुई जीआईएस से मध्य प्रदेश को 30.77 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले। इनमें से 8.57 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। प्रदेश में आज 6 हजार 400 से अधिक स्टार्टअप्स सक्रिय हैं, जिनमें से 3 हजार से अधिक स्टार्टअप यानी लगभग 50 प्रतिशत स्टार्टअप्स महिलाओं द्वारा संचालित है।

# शांति बिल को लेकर जयराम रमेश का केंद्र सरकार पर तंज, नाम बदलकर ट्रंप एक्ट रख दो

**नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर एक बार फिर तीखा हमला बोला है। इस बार उनका निशाना अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित नेशनल डिफेंस ऑथराइजेशन एक्ट (एनडीएए) 2026 और भारत में हाल ही में पारित शांति विधेयक पर है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में अमेरिका के वित्तीय वर्ष 2026 के लिए नेशनल डिफेंस ऑथराइजेशन एक्ट पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। यह कानून करीब 3,100 पन्नों का है और इसके पेज नंबर 1,912 पर अमेरिका और भारत के बीच न्यूक्लियर लाइबिलिटी नियमों को लेकर संयुक्त आकलन का उल्लेख किया गया है। उन्होंने दावा किया कि अब यह साफ हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने इसी सप्ताह संसद में जल्दबाजी में शांति बिल क्यों पारित कराया। जयराम रमेश के अनुसार, इस विधेयक के जरिए सिविल लाइबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट, 2010 के कई अहम प्रावधानों को हटा दिया गया है, जबकि यह कानून उस समय संसद ने सर्वसम्मति से पास किया था।



कांग्रेस नेता का आरोप है कि शांति बिल को संसद में पारित कराने का मकसद अमेरिका के साथ न्यूक्लियर सहयोग को लेकर पुराने रिश्तों को दोबारा मजबूत करना था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री मोदी और उनके कभी अच्छे दोस्त रहे ट्रंप के रिश्तों को फिर से पटरी पर लाने के लिए उठाया गया है।जयराम रमेश ने शांति कानून का नाम बदलकर इसे 'ट्रंप एक्ट' कहने की बात भी कही। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि शांति का पूरा नाम अब 'रिएक्टर उपयोग और प्रबंधन वादा अधिनियम (ट्रंप अधिनियम)' होना चाहिए।उन्होंने यह भी संकेत दिया कि न्यूक्लियर दायित्व से जुड़े प्रावधानों में बदलाव से भारत की जवाबदेही और सुरक्षा ढांचे पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। सरकार ने बिना पर्याप्त बहस और पारदर्शिता के यह फैसला किया जो राष्ट्रीय हितों के लिहाज से चिंताजनक है।कांग्रेस नेता ने अमेरिका के आधिकारिक दस्तावेज का लिंक भी साझा किया और कहा कि अब तथ्यों के आधार पर यह साफ है कि शांति बिल के पीछे अंतरराष्ट्रीय दबाव और समझौते की भूमिका रही है।

# अगस्ता वेस्टलैंड केस: क्रिश्चियन मिशेल को ईडी मामले में राहत, रिहाई का आदेश

**नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को राऊज एवेन्यू कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मनी लॉन्ड्रिंग केस में उसकी रिहाई का आदेश दे दिया है। हालांकि, राहत के बावजूद क्रिश्चियन मिशेल फिलहाल जेल से बाहर नहीं आ पाएगा, क्योंकि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जुड़े मामले में अभी उसकी रिहाई का कोई आदेश नहीं आया है। ऐसे में उसे जेल में ही रहना होगा। कोर्ट में सुनवाई के दौरान क्रिश्चियन मिशेल के वकील ने दलील दी कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अभी तक ट्रायल पूरा नहीं हुआ है, लेकिन इसके बावजूद आरोपी लगभग 7 साल से हिरासत में है, जो इस मामले में संभावित अधिकतम सजा के बराबर है। गौरतलब है कि इससे पहले क्रिश्चियन मिशेल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी थी। वहीं, सीबीआई केस में उसे सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत दी गई थी, लेकिन उसके पासपोर्ट की अवधि समाप्त हो जाने और जमानत की शर्तों के तहत जरूरी श्योरिटी न मिल पाने के कारण वह अब तक जेल से बाहर नहीं निकल सका था।इससे पहले 8 अगस्त को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने क्रिश्चियन मिशेल को बड़ा झटका दिया था।



उस समय कोर्ट ने उसकी उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उसने जेल से रिहाई के निर्देश देने की मांग की थी। अदालत ने कहा था कि आरोपी पर आईपीसी की धारा 467 के तहत गंभीर आरोप हैं, जिनमें आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। इसलिए यह नहीं माना जा सकता कि उसने अधिकतम सजा की अवधि पहले ही पूरी कर ली है।अदालत ने यह भी स्पष्ट किया था कि धारा 467 लागू होती है या नहीं, यह फैसला आरोप तय होने के दौरान किया जाएगा। तब तक आरोपी को रिहा नहीं किया जा सकता।

क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को 5 दिसंबर 2018 को संयुक्त अरब अमीरात से भारत प्रत्यर्पित किया गया था।

# राजधानी एक्सप्रेस हादसा: सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने 7 हाथियों की मौत पर दिए जांच के आदेश

**गुवाहाटी, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** असम में शनिवार तड़के एक बड़ा रेल हादसा होने से टल गया। लुमडिंग मंडल के जामुनामुख-कामपुर सेक्शन में डाउन 20507 सैरांग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रैक पार कर रहे हाथियों के झुंड से टकरा गई। इस हादसे के कारण ट्रेन का इंजन और पांच कोच पटरी से उतर गए। हादसे में किसी मानवीय हानि की खबर नहीं मिली, लेकिन इस दुर्घटना में सात हाथियों की मौत हो गई।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस दुखद हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दुर्घटना की जांच के आदेश दिए। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज सुबह एक दुखद ट्रेन दुर्घटना में सात हाथियों, तीन वयस्क और चार बच्चों, की मौत से हम बहुत दुखी हैं।

मैंने वन विभाग को इस बहुत परेशान करने वाली दुर्घटना की विस्तृत जांच करने और खासकर कम विजिबिलिटी वाले मौसम में हमारे वन्यजीव गलियारों को और सुरक्षित करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया है। बता दें कि यह हादसा सुबह करीब 2:17 बजे हुआ। जिस जगह पर हादसा हुआ वह गुवाहाटी से लगभग 126 किलोमीटर की दूरी पर है।



इस घटना के बाद, पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, लुमडिंग मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण किया और प्रभावित कोचों के यात्रियों को दूसरे डिब्बों में खाली बर्थों पर शिफ्ट करके ट्रेन को रवाना किया गया। इसी बीच, गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर हेल्पलाइन नंबर 0361-2731621, 2731622 और 2731623 जारी किए गए ताकि यात्री और उनके परिजन संपर्क कर सकें।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि यह हादसा उस जगह पर हुआ, जो निर्धारित हाथी कॉरिडोर नहीं है। लोको पायलट ने हाथियों का झुंड देखने पर आपातकालीन ब्रेक लगाए, लेकिन तब तक इंजन से हाथियों की टक्कर हो गई और फिर ट्रेन की कोचें पटरी से उतर गईं। उन्होंने आगे कहा कि हादसे के बाद इस खंड से गुजरने वाली ट्रेनों को फिलहाल अप लाइन से डायवर्ट किया जा रहा है, जबकि ट्रैक बहाली का काम युद्ध स्तर पर जारी है।



# अभिनेत्री श्रीलीला ने एआई के दुरुपयोग पर जताई नाराजगी

सोशल मीडिया पर एआई का चलन काफी तेजी से बढ़ रहा है। एक तरफ यह तकनीक जीवन को आसान बना रही है, तो दूसरी ओर इसके गलत इस्तेमाल से कई लोगों की छवि को भी नुकसान पहुंचाया गया है। इसकी चपेट में मनोरंजन जगत के सितारे भी पीछे नहीं हैं। डीप फेक कंटेंट से परेशान कई सेलेब्स ने इसको लेकर आवाजें भी उठाई हैं। इसी कड़ी में साउथ सिनेमा की अभिनेत्री श्रीलाला ने नाराजगी जताते हुए बुधवार को इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया। इसमें उन्होंने सभी से निवेदन किया कि बढ़ते एआई फेक वीडियो या किसी भी प्रकार के कंटेंट का समर्थन न करें। उन्होंने लिखा, मैं हाथ जोड़कर सभी से निवेदन करती हू कि कृपया एआई द्वारा बनाई गई गलत और फेक चीजों का समर्थन न करें। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल और उसका दुरुपयोग करने में जमीन-आसमान का फर्क है। मेरी नजर में टेक्नोलॉजी का उद्देश्य जिंदगी को आसान बनाना है, न कि उसे और भी ज्यादा मुश्किल करना।

उन्होंने आगे लिखा कि दुनिया की हर लड़की किसी की बेटी, बहन, पोती या दोस्त होती है, भले ही वह फिल्म इंडस्ट्री में काम क्यों न कर रही हो। हम सब एक ऐसे माहौल में काम करना चाहते हैं, जहां पर खुशी फैले और हर कोई सुरक्षित महसूस करे।

श्रीलीला ने खुलासा किया कि व्यस्त शेड्यूल की वजह से उन्हें सोशल मीडिया पर चल रही बातों की जानकारी देर से प्राप्त हुई। इसी के साथ अभिनेत्री ने अपने फैंस और शुभचिंतकों का शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने उन्हें अलर्ट किया।

अभिनेत्री ने लिखा, मैं हमेशा बातों को हल्के में लेकर अपनी दुनिया में मस्त रहती आई हू, लेकिन यह सब बहुत परेशान करने वाला और दुखद है। मैं देख रही हू कि मेरे कई सहकलाकार भी इसकी चपेट में आ चुके हैं। मैं सभी की तरफ से यह बात रख रही हू।

अभिनेत्री ने आखिरी में लिखा, सम्मान और गरिमा के साथ, मैं अपने फैंस पर भरोसा रखते हुए, सभी से निवेदन करती हू कि कृपया हमारा साथ दें।

# संदीपा धर का डेनिम के साथ कैजुअल लेकिन कातिलाना लुक



साधारण को असाधारण बना देना हर किसी के बस की बात नहीं, लेकिन संदीपा धर इसे बेहद सहजता से कर दिखाती हैं। फिलहाल हाल ही में सामने आई उनकी डेनिम लुक वाली तस्वीरें इस बात का सबूत हैं कि कैजुअल फैशन भी कितना मोहक और असरदार हो सकता है। नीले डेनिम में सजी संदीपा का अंदाज़ न तो बनावटी है, न ही ज़रूरत से ज़्यादा सजा हुआ। यह लुक उनकी आत्मविश्वास भरी पर्सनैलिटी और सहज खूबसूरती को बख़ूबी उभारता है। सिंपल सिलुएट, क्लीन स्टाइलिंग और नेचुरल एटीट्यूड से मिलकर बने उनके लुक को और आकर्षक बना रहा है।

संदीपा की सबसे बड़ी खासियत यही है कि वह फैशन को अपने ऊपर हावी नहीं होने देतीं, बल्कि उसे अपनी पहचान का हिस्सा बना लेती हैं। डेनिम जैसे रोज़मर्रा के फैब्रिक में भी उनका एलिगेंस देखते ही बनता है, और वो भी एकदम सटीक और स्टाइलिश।

वैसे यह कहना गलत नहीं होगा कि संदीपा धर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि कैजुअल कभी इतना कातिलाना भी हो सकता है। उनका यह डेनिम मोमेंट फैशन प्रेमियों के लिए इंस्पिरेशन है कि सादगी में भी कितना ग्लैमर छिपा हो सकता है। फिलहाल फिल्मों के साथ ओटीटी वेबसीरिज़ में भी अपना मुकाम हासिल कर चुकीं संदीपा धर पिछली बार रोमांटिक कॉमेडी वेबसीरिज़ 'प्यार का प्रोफेसर' में मल्लिका चौधरी के रूप में नज़र आई थीं। फिलहाल वे एक नए वेब प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है, लेकिन नाम अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है

# स्क्रीन से दूर रहने के सवाल पर बोलीं माधुरी दीक्षित

बॉलीवुड की 'धक-धक गर्ल' माधुरी दीक्षित लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी कर रही हैं। वह जल्द ही एक बहुप्रतीक्षित थ्रिलर सीरीज 'मिसेज देशपांडे' में नजर आने वाली हैं। इस बीच आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि वह इतने दिनों तक स्क्रीन से दूर क्यों थीं? माधुरी दीक्षित ने कहा कि वह आजकल बहुत सोच-समझकर ही किसी प्रोजेक्ट का चुनाव करती हैं। अब मेरे लिए फिल्मों या वेब सीरीज की क्वांटिटी से ज्यादा क्वालिटी मायने रखती है। कलाकार को वही काम करना चाहिए जिससे उसे खुशी और संतुष्टि मिले, न कि सिर्फ स्क्रीन पर बने रहने के लिए काम करना चाहिए। माधुरी ने कहा, ''मैं ऐसे किरदार निभाना चाहती हूं, जिसे लेकर मैं हर सुबह उत्साह के साथ काम पर जाऊं। मन में यह भावना हो कि आज कुछ खास और चुनौतीपूर्ण करने जा रही हूं। यही वजह है कि मैं अब सिर्फ वही भूमिकाएं चुनती हूं, जो मुझे भीतर से प्रेरित करती हैं।'' माधुरी ने निर्देशक नागेश कुकुनूर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''मैं उन्हीं फिल्ममेकर्स के साथ काम करना चाहती हू, जिन पर मुझे भरोसा हो कि वे कहानी और किरदार के साथ पूरा न्याय करेंगे। नागेश कुकुनूर जैसे निर्देशक किरदारों की गहराई को समझते हैं और कलाकार को अपनी पूरी क्षमता दिखाने का मौका देते हैं।''



माधुरी दीक्षित का मानना है कि फिल्म या सीरीज बनाना किसी एक व्यक्ति का काम नहीं होता। यह पूरी टीम की मेहनत का नतीजा होता है। उन्होंने कहा, अगर कहानी अच्छी न हो, किरदार ठीक से लिखा न गया हो, या निर्देशक और निर्माता का विजन स्पष्ट न हो, तो अकेला अभिनेता कुछ नहीं कर सकता।



# जब आप डर की बजाय जीवन को चुनते हैं, सब कुछ बदल जाता है : कुब्रा सैत

अपने दस दिनों के ब्रह्मपुत्र राफ्टिंग के साहसिक अनुभवों से गुज़रकर कुब्रा सैत लौट चुकी हैं, लेकिन इस बार वे पूरी तरह एक नए दृष्टिकोण के साथ लौटी हैं, जिसमें उन्होंने डर की बजाय साहस को चुनने का संदेश दिया है. गौरतलब है कि फिल्म और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अपनी दमदार और बहुमुखी अभिनय के लिए जानी जाने वाली कुब्रा सैत ने हमेशा खुद को एक ऐसे अभिनेता के रूप में स्थापित किया है, जो अपनी गहरी और सच्चाई से भरी परफॉर्मेंस के लिए प्रसिद्ध हैं। हालांकि स्क्रीन के साथ वे वास्तविक जीवन की चुनौतियों का सामना करना भी अच्छे से जानती हैं। फिलहाल अरुणाचल प्रदेश के सियांग नदी, जो ब्रह्मपुत्र की ऊपरी धारा है, पर 180 किलोमीटर की कठिन राफ्टिंग यात्रा पूरी करने के बाद वे काफी रोमांचित महसूस कर रही हैं। 12 दिनों में संपन्न हुई, जिसमें सात दिन लगातार राफ्टिंग थी। यह यात्रा अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले के दूरदराज इलाकों से होकर गुजरी, जहां मोबाइल नेटवर्क और आधुनिक सुविधाएं नहीं थीं। सियांग-ब्रह्मपुत्र नदी प्रणाली अपने चौड़े, तेज-बहाव वाले धाराओं और अप्रत्याशित रैपिड्स के लिए जानी जाती है, जो शारीरिक सहनशक्ति, तकनीकी कौशल और मानसिक ध्यान की आवश्यकता होती है। इस दौरान टीम ने नदी के किनारे कैंप लगाए और केवल बुनियादी सुविधाओं के साथ समय बिताया। अपनी यात्रा की झलकियां इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए कुब्रा ने लिखा है, साहसिक यात्रा तब नहीं होती जब आप इसके बारे में सपना देखते हैं, बल्कि तब होती है जब आप अपने कैलेंडर पर एक तारीख चुनते हैं और उसे पूरा करने का संकल्प करते हैं। इस यात्रा ने मुझे यह याद दिलाया कि मैं साहस को क्यों चुनती हू, इसलिए नहीं कि मैं निडर हू, बल्कि इसलिए क्योंकि मैं डर को पार करना सीख रही हूं। जब आप जीवन को जीवन शक्ति के साथ चुनते हैं, तो सब कुछ बदल जाता है।





कुब्रा ने यह भी बताया कि इस अभियान के दौरान वे कई लोगों से मिली, लेकिन उन्हें सबसे ज़्यादा प्रभावित किया 19 वर्षीय तामार ने। तामार ने कुब्रा को उनके 19 वर्षीय सेल्फ से मिलवाया और याद दिलाया कि साहस क्या होता है, बजाय इसके कि दुनिया हमें संकोच सिखाए।

ब्रह्मपुत्र राफ्टिंग के अपने अनुभव में उन्होंने वहां के खुशनुमा मौसम का ज़िक्र करते हुए यह भी लिखा है कि शहरों के मुकाबले स्वच्छ वातावरण और पूरे चाँद ने उन्हें एक और नया नज़रिया दिया। वे लिखती हैं, यह वह सुविधाएँ हैं, जिनके सुखद अनुभव और उनके होने को हम भूल जाते हैं। फिलहाल दुनिया की चौथी सबसे बड़ी नदी ब्रह्मपुत्र को सियांग के माध्यम से 30 लोगों के साथ पार करना, यह वाकई शब्दों से परे एक अनुभव था।

कुब्रा ने राफ्टिंग के अपने अनुभव को आगे लिखा है, यह आखिरी वीडियो है जब हम 18 फीट की राफ्ट के साथ 30 फीट की लहरों को चीरते हुए राफ्टिंग कर रहे थे, वो भी बिल्कुल पागलपन के साथ, जहां उथल-पुथल भी थी और शांति भी। मैं समझती हूँ हर किसी को ऐसी एक साहसिक यात्रा जरूर करनी चाहिए। क्योंकि इसके बाद, जीवन धीरे-धीरे उस व्यक्ति में बदल जाता है जो आप होने के लिए बने हैं।

# थिएटर में तोड़फोड़ से लेकर बैन तक, इस साल इन फिल्मों को लेकर मचा हो-हल्ला

मनोरंजन के लिहाज से साल 2025 बेहद शानदार साबित हुआ। अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में रिलीज हुईं, जिन्होंने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और बॉक्स ऑफिस पर सफलता भी हासिल की। हालांकि, इस साल विवादों की कमी नहीं रही। कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' से लेकर 'धुरंधर' तक कई फिल्में रिलीज से पहले या बाद में विवादों के घेरे में आ गईं। कुछ पर कहानी को लेकर, कुछ पर स्टारकास्ट के कारण, तो कुछ पर इतिहास से छेड़छाड़ या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगे। यही नहीं, कुछ पर कोर्ट ने रोक लगाई, तो कुछ पर एफआईआर दर्ज हुईं। साल 2025 में विवादों में फंसी फिल्मों की लिस्ट काफी लंबी रही। इमरजेंसी :- कंगना रनौत निर्देशित और अभिनीत फिल्म 'इमरजेंसी' 17 जनवरी को रिलीज हुई। साल 1975 की इमरजेंसी पर आधारित फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी के किरदार में थीं। रिलीज से पहले ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ के आरोप लगे। सिख संगठनों सहित कई संगठनों ने विरोध किया। फिर भी फिल्म रिलीज हुई, कंगना के अभिनय की तारीफ हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने में सफल नहीं रही।

**छावा:-** विक्की कौशल स्टारर 'छावा' 14 फरवरी को सिनेमाघरों में आई। छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता पर आधारित यह फिल्म ट्रेलर रिलीज से ही विवादों में घिर गई थी। एक गाने में संभाजी का डांस करना और ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ के आरोप लगे। महाराष्ट्र के मंत्रियों और संगठनों ने विरोध किया। मेकर्स ने विवादित डांस सीक्वेंस हटा दिया, लेकिन बहस जारी रही।







**जाट :-** सनी देओल और रणदीप हुड्डा की एक्शन फिल्म 'जाट' 10 अप्रैल को रिलीज हुई। एक चर्च सीन को लेकर ईसाई समुदाय नाराज हुआ, जिसमें धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप भी लगा। फिल्म के सीन को लेकर शिकायत दर्ज हुई और विरोध के बाद मेकर्स ने विवादित सीन हटा दिया।

**फुले :-** प्रतीक गांधी और पत्रलेखा स्टारर 'फुले' 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई (पहले तारीख 11 अप्रैल थी)। ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले की बायोपिक में ब्राह्मण समुदाय को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगा। नाराज ब्राह्मण संगठनों ने विरोध किया, रिलीज टली और सेंसर बोर्ड ने कई कट्स लगाए।

**हरि हर वीरा मल्लू :-** पवन कल्याण की 'हरि हर वीरा मल्लू' में मुदिराज समुदाय ने किरदार को लोक नायक से मिलता-जुलता बताकर विरोध जताया। फिल्म काल्पनिक बताई गई, लेकिन बहुजन ग्रुप्स ने ऐतिहासिक विरासत से छेड़छाड़ का आरोप लगाया। फिल्म 24 जुलाई को सिनेमाघरों में उतरी।

**उदयपुर फाइल्स :-** 'उदयपुर फाइल्स' 8 अगस्त को 4500 स्क्रीनों पर रिलीज हुई। यह पहले 11 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। साल 2022 की कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित यह फिल्म नफरत फैलाने और मुस्लिम समुदाय को गलत दिखाने के आरोपों में घिरी। दिल्ली हाईकोर्ट ने रोक लगाई, लेकिन कानूनी लड़ाई के बाद रिलीज हुई। सेंसर बोर्ड ने 55 सीन्स हटाए।

**द बंगाल फाइल्स :-** विवेक रंजन अग्निहोत्री की 'द बंगाल फाइल्स' 5 सितंबर को रिलीज हुई। साल 1946 की हिंसा पर आधारित फिल्म पर प्रोपगैंडा के आरोप लगे। हिंदू नरसंहार को पर्दे पर उतारने वाली फिल्म का जबरदस्त विरोध पश्चिम बंगाल में भी देखने को मिला था।

**अबीर गुलाल :-** पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान और वाणी कपूर की 'अबीर गुलाल' पहलगाम हमले के बाद भारत में बैन हो गई। पाकिस्तानी कलाकार होने से रिलीज नहीं हुई। फिल्म 12 सितंबर को रिलीज होने वाली थी।

**द ताज स्टोरी :-** परेश रावल की 'द ताज स्टोरी' पर ताजमहल को लेकर झूठे दावे करने का आरोप, पीआईएल दायर हुई। फिल्म 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। 'द ताज स्टोरी' में परेश रावल, जाकिर हुसैन और अमृता खानविलकर जैसे एक्टर अहम भूमिकाओं में हैं।

**धुरंधर :-** आदित्य धर की 'धुरंधर' 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मेजर मोहित शर्मा की फैमिली ने दावा किया कि फिल्म उनके बेटे पर आधारित है और उनसे बिना अनुमति लिए फिल्माई गई। नाराज फैमिली मेंबर कोर्ट गए, लेकिन सेंसर बोर्ड ने काल्पनिक बताकर क्लियर कर दिया। रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, अक्षय खन्ना, सारा अर्जुन, और राकेश बेदी स्टारर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ चुकी है और इसे काफी पसंद किया जा

# इक अजनबी सा अहसास जगाने वाली स्नेहा, ऐश्वर्या राय का टैग बना मुसीबत

बॉलीवुड में कई चेहरे आए और चले गए, लेकिन कुछ चेहरे ऐसे होते हैं, जो फिल्मों से ज्यादा अपनी पहचान की वजह से चर्चा में रहते हैं। ऐसी ही एक अभिनेत्री हैं स्नेहा उल्लाल, जिनका नाम सामने आते ही सबसे पहले ऐश्वर्या राय की हमशक्ल होने की बात याद आती है। यह टैग उनके लिए शुरुआत में एक दरवाजा खोलने वाला साबित हुआ, लेकिन धीरे-धीरे यही पहचान उनके करियर के रास्ते में सबसे बड़ी रुकावट भी बन गई। स्नेहा की कहानी सिर्फ एक एक्ट्रेस बनने की नहीं, बल्कि उस संघर्ष की भी है, जहां उन्हें पहचान तो मिली, लेकिन अपनी शर्तों पर नहीं। स्नेहा उल्लाल का जन्म 18 दिसंबर 1987 को ओमान में हुआ था। उनका बचपन भी वहीं बीता। शुरुआती पढ़ाई उन्होंने ओमान में की और बाद में अपनी मां के साथ मुंबई आ गईं। मुंबई में उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई पूरी की। स्नेहा का परिवार फिल्मों से बिल्कुल दूर था और खुद स्नेहा ने भी कभी अभिनेत्री बनने का सपना नहीं देखा था। वह एक साधारण जिंदगी जी रही थीं और उसी दौरान उनकी दोस्ती सलमान खान की बहन अर्पिता खान से हुई, जो आगे चलकर उनकी जिंदगी का टर्निंग पॉइंट बनी।

अर्पिता खान के जरिए स्नेहा की मुलाकात सलमान खान से हुई। उस वक्त स्नेहा की उम्र महज 17 साल थी। सलमान खान को स्नेहा का चेहरा पसंद आया, क्योंकि उनकी झलक काफी हद तक ऐश्वर्या राय से मिलती थी। इसी वजह से उन्हें फिल्म 'लकी: नो टाइम फॉर लव' में कास्ट किया गया। फिल्म 2005 में रिलीज हुई और इसके साथ ही स्नेहा रातों-रात चर्चा में आ गईं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन स्नेहा की खूबसूरती और उनकी तुलना ऐश्वर्या राय से हर जगह होने लगी।यहीं से वह टैग शुरू हुआ, जिसने स्नेहा को पहचान तो दी, लेकिन उनके काम पर हमेशा भारी पड़ा। एक इंटरव्यू में स्नेहा ने कहा कि यह तुलना एक तरह से पीआर स्ट्रैटजी का हिस्सा थी। लोग उन्हें एक नई अभिनेत्री के तौर पर देखने की बजाय दूसरी ऐश्वर्या के रूप में देख रहे थे। स्नेहा कई बार यह कह चुकी हैं कि वह ऐश्वर्या राय की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं, लेकिन वह अपनी पहचान अपने काम से बनाना चाहती थीं, न कि किसी और की परछाईं बनकर।

'लकी' के बाद स्नेहा ने बॉलीवुड में 'आर्यन', 'क्लिक', और 'जाने भी दो यारों' जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन उन्हें वैसी सफलता नहीं मिली, जैसी उनको अपने करियर से उम्मीद थी। इसके बाद स्नेहा ने साउथ सिनेमा का रुख किया और यहीं उन्हें असली पहचान मिली। तेलुगु फिल्म 'उल्लासंगा उत्साहंगा' उनके करियर की सबसे बड़ी हिट साबित हुई और इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस अवॉर्ड भी मिला। बाद में 'सिंहा' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म ने उन्हें साउथ में मजबूत जगह दिलाई। स्नेहा का करियर धीरे-धीरे पटरी पर आ रहा था, तभी उनकी जिंदगी में एक बड़ा मोड़ आया। वह ऑटोइम्यून डिसऑर्डर जैसी गंभीर बीमारी से जूझने लगीं। उनकी हालत ऐसी हो गई थी कि वह 30-40 मिनट से ज्यादा खड़ी भी नहीं रह पाती थीं। मजबूरी में उन्हें फिल्मों से लंबा ब्रेक लेना पड़ा। इस दौरान वह पूरी तरह लाइमलाइट से दूर रहीं और अपनी सेहत पर ध्यान दिया।करीब छह साल बाद स्नेहा ने 2022 में फिल्म 'लव यू लोकतंत्र' से वापसी की। वह मानती हैं कि ऐश्वर्या राय की हमशक्ल होना उनके करियर की शुरुआत में वरदान था, लेकिन लंबे समय तक वही टैग उनके लिए बोझ बन गया। फिर भी उन्होंने खुद को साबित किया।

# 30 को पुत्रदा एकादशी का व्रत, जानें पूजा विधि और महत्व



पौष पुत्रदा एकादशी का व्रत हिंदू धर्म में बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। पौष महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को बहुत ही शुभ फलदायी माना गया है। ऐसी मान्यता है कि यह व्रत संतान की सुख समृद्धि और संतान की प्राप्ति के लिए रखा जाता है। विवाहित जातकों के लिए इस एकादशी का विशेष महत्व है। पुत्रदा एकादशी साल 2025 की अंतिम एकादशी है। आइए जानते हैं कब रखा जाएगा पुत्रदा एकादशी का व्रत। जानें कब है पुत्रदा एकादशी का व्रत।

पुत्रदा एकादशी 30 दिसंबर को सुबह में 6 बजकर 38 मिनट पर एकादशी तिथि का आरंभ होगा। अगले दिन 31 दिसंबर को 4 बजकर 48 मिनट पर समाप्त हो जाएगा। ऐसे में उदय काल के अनुसार, पुत्रदा एकादशी का व्रत 30 दिसंबर को रखा जाएगा। शास्त्रों के अनुसार, उदयकाल में एकादशी तिथि होने पर ही एकादशी का व्रत करना सर्वोत्तम माना जाता है।


**पुत्रदा एकादशी व्रत का महत्व**

शास्त्रों के अनुसार, पुत्रदा एकादशी का व्रत संतान की कामना के लिए रखा जाता है। जिन लोगों को संतान प्राप्ति में बाधा आ रही हैं उन लोगों को पुत्रदा एकादशी का व्रत जरूर रखना चाहिए। वहीं, जिन लोगों को संतान है उन्हें संतान के अच्छे स्वास्थ्य खुशहाली और समृद्धि के लिए इस व्रत को करना चाहिए। इतना ही नहीं इस व्रत को करने से धन धान्य और आरोग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही व्यक्ति की सारी इच्छाएं भी पूर्ण होती हैं।

**पुत्रदा एकादशी पूजा विधि**

* व्रत के दिन सुबह जल्दी उठें इसके बाद ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करें और पीले वस्त्र धारण करें।
* इसके बाद एक लकड़ी की चौकी पर पीला वस्त्र बिछाकर इसपर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करें।
* इसके बाद उन्हें पंचामृत से स्नान कराएं। फिर पीले रंग के वस्त्र धारण करें और धूप दीप अर्पित करें।
* भगवान विष्णु को पीली मिठाई, कसार, चरणामृत और फल का भोग लगाएं।
* अंत में एकादशी कथा का पाठ करें और अंत में आरती करके पूजा संपूर्ण करें।
* पूजा के बाद परिवार और सभी को प्रसाद अर्पित करें।

# क्या होता है जब हथेली में हो क्रॉस का निशान



किसी भी व्यक्ति के भविष्य को जानने के लिए ज्योतिष शास्त्र ही सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। सामुद्रिक शास्त्र में हाथ की रेखाओं का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हस्तरेखा का अध्ययन भी एक विज्ञान है। हथेली में रेखाओं की अच्छी-बुरी स्थिति व्यक्ति के स्वभाव और भाग्य की ओर इशारा करती है। हस्तरेखाओं का सही अध्ययन करने पर किसी भी व्यक्ति के विषय में सटीक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। रेखाओं के साथ ही हाथों में कई प्रकार के चिन्ह भी बने होते हैं। यह चिन्ह शुभ और अशुभ दोनों प्रकार के प्रभावों वाले होते हैं। अशुभ प्रभाव वाले चिन्हों में से एक है क्रॉस का चिन्ह। क्रॉस का निशान अधिकतर विपरीत ही फल देता है।

यदि किसी व्यक्ति की हथेली में शनि क्षेत्र, यानि बीच वाली उंगली के नीचे क्रॉस का चिन्ह है और वह भाग्य रेखा को स्पर्श करें तो ऐसे व्यक्ति को दुर्घटना से हानि होने की प्रबल सम्भावना रहती है। यदि केवल शनि क्षेत्र पर ही क्रॉस का निशान बना है तो व्यक्ति निराशावादी, उत्साहहीन और आलसी होता है।

* सूर्य क्षेत्र यानि अनामिका उंगली के नीचे पर अगर क्रॉस हो तो व्यक्ति जीवन में बड़ी मुश्किल से सफल होता है, अधिकांश कार्यों में उसे असफलता ही प्राप्त होती है।
* सबसे छोटी उंगली के नीचे के क्षेत्र को बुध क्षेत्र कहते हैं, यहां क्रॉस हो तो व्यक्ति के स्वभाव में ईमानदारी की कमी होती है, जिसके कारण उसे सफलता नहीं मिल पाती है।
* मंगल क्षेत्र हथेली के मध्य रहता है। इस क्षेत्र पर क्रॉस हो तो व्यक्ति का स्वभाव लड़ाई-झगड़ा करने वाला होता है, ऐसे लोगों के शत्रुओं की संख्या काफी अधिक होती है।
* अंगूठे के नीचे शुक्र पर्वत पर क्रॉस का चिन्ह हो तो व्यक्ति प्रेम में बहुत दुःख पाता है।
* चन्द्र क्षेत्र जो कि शुक्र पर्वत, अंगूठे के दूसरी ओर स्थित होता है, यहां क्रॉस का चिन्ह है तो उस व्यक्ति की कल्पना शक्ति कमजोर होती है।
* यदि क्रॉस का चिन्ह गुरू पर्वत यानि तर्जनी उंगली के नीचे हो तो यह आमतौर पर बुरा प्रभाव नहीं देता है, जितने भी बड़े भविष्यकवक्ता हुए हैं, उनमें से अधिकांश के हाथों में गुरु यानि बृहस्पति पर्वत पर क्रॉस का निशान देखा गया है।

# घर के इलेक्ट्रॉनिक सामान बार-बार हो जाते हैं खराब? जानें क्या कहता है वास्तु शास्त्र

**क्या आपके घर में टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, इन्वर्टर या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बार-बार खराब हो जाते हैं? वास्तु शास्त्र और ज्योतिष में इसे नकारात्मक ऊर्जा और खराब ग्रह दशा के संकेत के तौर पर देखा जाता है। माना जाता है कि बार-बार इलेक्ट्रॉनिक सामान का खराब होना राहु के अशुभ प्रभाव और वास्तु दोष का संकेत हो सकता है। घर में ऊर्जा के असंतुलन का सीधा असर घर की इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर पड़ता है। वास्तु के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अग्नि तत्त्व से जुड़े होते हैं, इसलिए इन्हें सही दिशा में न रखने पर घर के ऊर्जा संतुलन में बाधा आती है। आइए जानते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के बार-बार खराब होने के पीछे क्या वजह है।**



**घर की दक्षिण-पूर्व दिशा का वास्तु उपाय**

वास्तु शास्त्र में अग्नि तत्व को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से जोड़ा गया है। यदि घर में अग्नि तत्व असंतुलित हो जाए, तो शॉर्ट सर्किट, ओवरहीटिंग और उपकरणों के जल्दी खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। खासतौर पर किचन और ड्राइंग रूम में रखे गए इलेक्ट्रॉनिक सामान पर इसका प्रभाव अधिक रहता है। अगर घर की दक्षिण-पूर्व दिशा दोषपूर्ण हो तो यह समस्या लगातार बनी रह सकती है। घर में खराब पड़े या इस्तेमाल ना होने वाले इलेक्ट्रॉनिक सामान को लंबे समय तक जमा करके रखना भी वास्तु दोष माना जाता है। इससे घर के सदस्यों की सेहत और आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ सकता है।

**घर में राहु दोष का संकेत**

राहु को बिजली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से जुड़ा ग्रह माना जाता है। अगर कुंडली में राहु अशुभ हो तो घर में इलेक्ट्रॉनिक सामान तेजी से खराब होने लगते हैं। ऐसे में अचानक शॉर्ट सर्किट या बार-बार रिपेयर करने की जरूरत पड़ने लगती है। यह स्थिति धीरे-धीरे मानसिक तनाव और आर्थिक तंगी का कारण भी बन सकती है। घर में खराब या टूटे हुए इलेक्ट्रॉनिक सामान का होना राहु दोष का संकेत माना जाता है, जो धन हानि का कारण बनता है।

**वास्तु दोष और राहु के अशुभ प्रभाव को दूर करने के उपाय**

घर में पड़ा फ्यूज बल्ब, टूटा चार्जर, खराब मोबाइल और खराब गैजेट तुरंत रिपेयर करवा लें या घर से बाहर निकाल दें। ये घर में वास्तु दोष का कारण माने जाते हैं।

हफ्ते में एक दिन घर में नमक मिले पानी से पोछा लगाएं। माना जाता है कि इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा कम होती है।

फ्रिज, माइक्रोवेव, मिक्सर, गीजर, टीवी जैसे भारी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को दक्षिण-पूर्व दिशा में रखें। उत्तर-पूर्व दिशा में अधिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण रखना आपके ए परेशानी का कारण ब सकते हैं।

ज्योतिष के अनुसार, राहु को शांत करने के लिए शुक्रवार या शनिवार के दिन काले या सफेद कुत्ते को मीठी रोटी खिलाना शुभ माना जाता है।

शाम के समय घर के मुख्य दरवाजे के पास सरसों तेल या तिल के तेल का दीपक जलाएं। इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होने लगती है।


# नववर्ष 2026 का राशिफल कैसा रहेगा

## तुला राशि

पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा.अनीष व्यास ने बताया कि तुला राशि के लोगों के लिए साल 2026 एक बेहतरीन साल साबित हो सकता है। भरपूर मस्ती करने का मौका मिलेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां रहेगी। छठे भाव में शनि ग्रह अपना प्रभाव देंगे, जो आपको हर कार्य में मदद करेंगे। पंचम भाव में राहु का गोचर प्रेम संबंधों की सफलता के साथ-साथ असंभव लगने वाले कामों को भी संभव करने का बल देगा। बृहस्पति साल की शुरुआत में भाग्य स्थान में और साल के मध्य में दशम स्थान में होकर आपके कार्यों में सफलता प्रदान करेंगे। कोर्ट कचहरी के मामले में सावधान रहना होगा। अपने कामों में सच्चाई और नौकरी में सफलता आपकी पहचान बनेंगे। गुरु महाराज का प्रभाव भाग्य भाव पर असर डालने वाला होगा। राहु पंचम भाव पर बैठ कर जीवन के कई पक्षों पर असर डालेंगे। मंगल का प्रभाव भी सामान्य गति से विचरण करते हुए अपना असर देने वाला होगा। इसके अलावा केतु लाभ भाव पर बैठ कर इच्छाओं के मामले में संतोष का भाव दिखा सकते हैं। सूर्य और बुध की स्थिति आपके मुनाफे और खर्चे पर असर डालने वाली है। तो ये बात हुई आपके ग्रहों के गोचर की ओर अब जान लेते हैं इस साल किन चीजों को पाने में होंगे सफल और कहां करना होगा त्याग। इस साल ग्रहों की स्थिति आपके जीवन में कई बदलाव लाने वाली है। ग्रहों का असर कुछ क्षेत्र में चुनौती से भरी स्थितियों को देने वाला होगा, तो वहीं कुछ क्षेत्रों में अनुकूल अवसर भी मिल सकते हैं। इसलिए आपके लिए यह साल धैर्य और समझदारी से निर्णय लेने का रहेगा। इस साल आपके योगकारक ग्रह शनि मीन राशि में छठे भाव में गोचर करने वाले हैं। छठा भाव आपकी शारीरिक और मानसिक स्थिति को प्रभावित करता है। आपकी दिनचर्या और आप के कंपटीशन के लिए भी खास होता है। तो इन सभी बातों पर शनि का असर देगा अलग तरह का प्रभाव। इस समय स्वास्थ्य पर ध्यान देने और नियमित दिनचर्या को बैलेंस में रखने की जरूरत होगी। शनि का यह स्थान कोर्ट-कचहरी और कानूनी मामलों में सावधानी बरतने की आवश्यकता की ओर इशारा करता है। इस अवधि में शिक्षा, प्रेम और सृजनात्मकता यानि जो आप अलग करना चाहेंगे उन सभी में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। नवंबर के बाद राहु के मकर राशि में गोचर करने से घर और परिवार के मामलों में तनाव उत्पन्न हो सकता है। इस दौरान पारिवारिक जीवन में कुछ समस्याएं आ सकती हैं, जो आपको संयम से निपटने की आवश्यकता होगी।

**कैरियर-** तुला राशि के जातकों की नौकरी के लिए वर्ष 2026 काफ़ी अच्छा रहेगा। हालांकि, छठे भाव में शनि देव की मौजूदगी इस बात का संकेत कर रही है कि आपको कार्यस्थल पर अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। अगर आप मेहनत करने से पीछे नहीं हटेंगे, तो आप कार्यों में अपनी पकड़ मज़बूत कर पाएंगे। सरल शब्दों में कहें तो, इन जातकों के लगन के साथ काम करने पर आप अच्छी उपलब्धियां अपने नाम कर सकेंगे। साथ ही, आपके सहकर्मियों की नज़रों में आपके लिए सम्मान बढ़ेगा। इस दौरान वरिष्ठ आपकी प्रशंसा करेंगे और आने वाले समय में आपके काम करने के तरीके को उदाहरण के रूप में दूसरों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। छठे भाव के स्वामी बृहस्पति देव साल की शुरुआत से लेकर 02 जून 2026 तक आपके भाग्य भाव में रहेंगे जो बहुत अच्छी स्थिति मानी जाती है। वहीं, ऐसे जातक जो नौकरी बदलना चाहते हैं या फिर ट्रांसफर लेना चाहते हैं, उनके लिए यह समय मददगार साबित हो सकता है। हालांकि, 02 जून से 31 अक्टूबर की अवधि में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। साथ ही, कभी-कभी वरिष्ठों के मार्गदर्शन की भी आवश्यकता महसूस हो सकती है क्योंकि अपने अनुसार काम करने पर वरिष्ठ आपसे नाराज हो सकते हैं। अतः भले ही शनि देव आपके लिए अनुकूल रहेंगे, परंतु बृहस्पति देव की स्थिति की वजह से वरिष्ठों का सम्मान करना और उनका मार्गदर्शन लेना आपके लिए जरूरी होगा। 31 अक्टूबर के बाद बृहस्पति देव की स्थिति पुनः अनुकूल हो जाएगी। ऐसे में, यह आपको फिर से अनुकूल परिणाम प्रदान करेंगे। कुल मिलाकर, यह वर्ष आपके लिए अनुकूल रहेगा और आप नौकरी में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। साथ ही, इस दौरान उपलब्धियां, मान-सम्मान और मनचाही जगह स्थानांतरण पाना भी संभव हो सकेगा। आप जो भी काम करेंगे उसमें सफलता पाने के लिए आपको एकाग्रता और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होगी। भूमि, रियल एस्टेट या संपत्ति से जुड़ी कोई भी योजना सफल हो सकती है। इस वर्ष आपके व्यवसाय में विस्तार हो सकता है और आपको अपने कारोबार को ऊँचा उठाने के लिए अवसर मिलेंगे।

**आर्थिक स्थिति -** तुला राशि के लोगों को साल 2026 में धन की स्थिति ठीक-ठाक रहने से अपनी इच्छाओं को पूरा करने का मौका मिलेगा, जो सपने अपने देखे थे, अब वह पूरे होंगे, क्योंकि आर्थिक रूप से आपको अच्छे फलदाई परिणाम प्राप्त होने वाले हैं। इन्कम में बढ़ोतरी साल के शुरुआत में ही दिखाई देने लगेगी और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पसंदीदा वस्तुओं को खरीदने में आप बिल्कुल भी नहीं हिचकेंगे, क्योंकि धन की कोई कमी नहीं होगी। साल के शुरुआती दिनों में कुछ एक्स्ट्रा खर्च आपकी बचत को कम कर सकते हैं, लेकिन इन पर ध्यान देंगे, तो पैसों के मामले में आपको स्थिरता और बढ़िया परिणाम मिलेंगे। आप अपने खर्चों को अच्छे से मैनेज कर पाएंगे। घर के निर्माण कार्यों पर साल के बीच में धन खर्च हो सकता है। आप अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए इन्वेस्टमेंट पर ध्यान दे सकते हैं, उसके लिए आपको इन्वेस्टर भी मिल जाएंगे। साल के अंतिम महीनो में वनस्पति का गोचर आपके 11 वे घर में होगा, जो आपकी इन्कम के स्रोतों में लगातार बढ़ोतरी करेगा और उससे आपके बिजनेस को भी फायदा मिलेगा। यह स्थितियां आपको करियर में अच्छी स्पीड देगी और साल के अंत तक आप आर्थिक चुनौतियों को साइड लाइन कर देंगे। आपने जो आर्थिक लक्ष्य निर्धारित किए थे, वह साल के अंत तक पूरे हो जाएंगे, जिससे तुला राशि के लोगों को खुशी के साथ आत्मविश्वास की प्राप्ति होगी। मई जून के बाद गुरु की चतुर्थ भाव पर दृष्टि पड़ने से आपको भूमि, भवन, वाहन, आभूषण जैसी संपत्ति की खरीदारी करने का अवसर मिल सकता है। लेकिन इस समय आप यात्राओं पर भी अच्छा पैसा लगा सकते हैं। ये समय प्रॉपर्टी से जुड़े कामों में भी पैसा लगाने की इच्छा रख सकते हैं। ये समय संपत्ति में निवेश करने के लिए शुभ रहेगा। आप अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए किसी बड़े निवेश पर विचार कर सकते हैं, जैसे घर खरीदना या वाहन खरीदने का विचार आ सकता है।आपके द्वारा की गई यह खरीदारी आपके परिवार के सदस्यों या रिश्तेदारों के शुभ कार्यों से जुड़ी हो सकती है। इसका अर्थ यह हो सकता है कि आप परिवार के लिए कोई महत्वपूर्ण उपहार या कीमती वस्तु खरीद सकते हैं या किसी पारिवारिक समारोह में खर्च कर सकते हैं। यह खर्च आपके परिवार की खुशी और समृद्धि के लिए होगा, और यह आपकी सामाजिक स्थिति को भी मजबूत कर सकता है।






डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

**परिवार -** तुला राशि के जातकों के पारिवारिक जीवन के लिए वर्ष 2026 अच्छा रहने की संभावना है। हालांकि, मंगल ग्रह का गोचर कभी-कभी छोटी-मोटी समस्याएं पैदा कर सकता है। लेकिन, गुरु ग्रह इस वर्ष 02 जून से 31 अक्टूबर के बीच अपना शुभ प्रभाव आप पर बनाए रखेंगे और ऐसे में, आप पारिवारिक जीवन में रिश्तों को मज़बूत बनाए रखने के सक्षम होंगे। हालांकि, इसके बाद का समय यानी कि 02 जून से 31 अक्टूबर के बीच का समय आपके लिए ज्यादा अच्छा रहेगा। साथ ही, घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य भी हो सकते हैं और दूर रहने वाले रिश्तेदार भी आपके घर आ सकते हैं। आप सब एक-दूसरे की उन्नति को लेकर चर्चा करते हुए नज़र आ सकते हैं। गृहस्थ जीवन की बात करें तो, आपके चतुर्थ भाव के स्वामी छठे भाव में रहेंगे। वैसे तो, चतुर्थेश का छठे भाव में जाना अच्छा नहीं माना गया है, परंतु शनि के गोचर को छठे भाव में शुभ माना जाता है। ऐसे में, घर-गृहस्थी में शनि अनुकूलता देने का काम कर सकते हैं। इस दौरान कोई बड़ी समस्या नहीं आएगी, लेकिन छोटी-मोटी परेशानियां बनी रह सकती हैं। गुरु ग्रह 02 जून से 31 अक्टूबर 2026 के बीच आपके चतुर्थ भाव को देखेंगे। ऐसे में, यह आपके गृहस्थ जीवन को मजबूत बनाने का काम करेंगे। कुल मिलाकर, यह वर्ष पारिवारिक और गृहस्थ जीवन दोनों के लिए नकारात्मक नहीं कहा जा सकता है क्योंकि बीच-बीच में बृहस्पति ग्रह की अनुकूलता बनी रहेगी। इस प्रकार, पारिवारिक जीवन और गृहस्थ बता दें कि 02 जून से 31 अक्टूबर 2026 तक की अवधि शादी-विवाह के लिए कमजोर रहेगी। इस दौरान शादी-विवाह से संबंधित बातों के आगे न बढ़ने की आशंका है। तुला राशिफल 2026 के अनुसार, 31 अक्टूबर के बाद फिर से शादी-विवाह के योग बनेंगे। साथ ही, 05 दिसंबर 2026 के बाद राहु का प्रभाव हट जाने की वजह से समय अनुकूल रहेगा। कुछ विशेष अवधि में इस वर्ष सगाई या विवाह के योग बन रहे हैं।

**प्रेम - रोमांस -** तुला राशि के जातकों का प्रेम जीवन वर्ष 2026 में मिलाजुला रहेगा। हालांकि, कभी-कभी यह आपको औसत से कमज़ोर भी लग सकता है। इस साल आपके पंचम भाव के स्वामी शनि ग्रह छठे भाव में रहेंगे। वैसे तो, छठे भाव में शनि की उपस्थिति को बहुत अच्छा माना जाता है। लेकिन, पंचमेश के छठे भाव में जाने से आपको ज्यादा अच्छे परिणाम नहीं मिलने की आशंका है। वहीं, पंचम भाव में राहु देव का गोचर प्रेम जीवन में गलतफहमियां देने का काम कर सकता है। ऐसे में, आपको रिश्ते में कुछ समस्याएं जन्म ले सकती हैं। साल की शुरुआत से लेकर 02 जून 2026 तक गुरु ग्रह की नवम दृष्टि आपके पंचम भाव पर रहेगी। ऐसे में, अगर आप समझदारी से परिस्थितियों को संभालेंगे, तो गलतफहमियों को दूर करते हुए रिश्ते को मधुर बना सकेंगे। साथ ही, इस अवधि में आपके सामने एक के बाद एक समस्याएं आ सकती हैं। लेकिन, गुरु देव के प्रभाव की वजह से आप 2 जून से पहले की अवधि में इन समस्याओं से बच सकेंगे। वहीं, 02 जून से 31 अक्टूबर के दौरान गुरु ग्रह का प्रभाव पंचम भाव पर नहीं रहेगा, बल्कि राहु जैसे पाप ग्रह पंचम भाव को प्रभावित करेंगे। ऐसे में, रिश्ते में परेशानियां जन्म ले सकती हैं। हालांकि, 31 अक्टूबर के बाद बृहस्पति का प्रभाव पुनः पंचम भाव पर रहेगा जो जातकों को बुद्धिमानी से अपना रिश्ता सुधारने के मौके देंगे। साल का पहला भाग आपके लिए प्रेम और मैरिज लाइफ के दृष्टिकोण से सकारात्मक रहेगा। लग्न में बृहस्पति का प्रभाव आपके व्यक्तिगत जीवन में खुशियां लेकर आएगा। आपके संबंधों में सामंजस्य और समझ बनी रहेगी। गुरु की स्थिति आपके लव लाइफ को जोश देने वाले या आगे बढ़ाने वाली होगी, जिससे आपके साथी के साथ रिश्ते मजबूत होंगे। साल के दौरान में लंबी यात्रा करने के भी योग बन सकते हैं। इन यात्राओं के दौरान आपको अपने लव लाइफ में भी कुछ नई खुशियां मिल सकती हैं।

**शिक्षा-**शिक्षा की दृष्टि से वर्ष 2026 तुला राशि वालों के लिए मिलाजुला रहेगा। एक तरफ, पंचम भाव में राहु ग्रह की उपस्थिति इस बात का संकेत कर रही है कि छात्रों का ध्यान अपनी पढ़ाई से भटक सकता है। सरल शब्दों में कहें तो, इस राशि के छात्र अपने विषयों की पढ़ाई मन लगाकर करने में कठिनाई का अनुभव कर सकते हैं। दूसरी तरफ, साल की शुरुआत से 02 जून तक बृहस्पति महाराज का नवम भाव में गोचर शिक्षा के लिए बहुत शुभ कहा जाएगा। वहीं, इसके बाद यानी कि 02 जून से 31 अक्टूबर की अवधि में छठे भाव के स्वामी और उच्च शिक्षा के कारक बृहस्पति दशम भाव में उच्च अवस्था में विराजमान होंगे। यह स्थिति प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के साथ-साथ पेशेवर कोर्स की पढ़ाई करने वालों के लिए भी बहुत शुभ रहेगी। बता दें कि दशम भाव में बृहस्पति महाराज के गोचर को अच्छा नहीं माना जाता है। ऐसे में, यह आपसे अधिक मेहनत करवाने का काम कर सकते हैं। लेकिन, जो छात्र राहु के दुष्प्रभाव को अपनी मेहनत और लगन से पीछे छोड़ते हुए एकाग्रता के साथ पढ़ाई करेंगे, उनको सकारात्मक परिणामों की प्राप्ति हो सकती है। तुला राशि के छात्रों को शिक्षा के मामले में एक तरह के परिणाम नहीं मिलने की संभावना है। जो छात्र लगातार कोशिश करेंगे, उन्हें अपने प्रयासों के दम पर शानदार परिणामों की प्राप्ति होगी। वहीं, जो विद्यार्थियों कोशिश नहीं कर रहे हैं या फिर थोड़ी बहुत कोशिश करके हार मान लेते हैं; स्वाभाविक है कि उनको मिलने वाले परिणाम कमजोर रह सकते हैं। इन जातकों के लिए श्रेष्ठ होगा कि आप पढ़ाई में लगातार मेहनत करें, बड़े बुजुर्गों का मार्गदर्शन लें और गुरुजनों का आदर-सम्मान करते हुए उनके दिखाए गया मार्ग का अनुसरण करें। ऐसा करने से आप पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करके अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकेंगे।

**स्वास्थ्य -**अगर हेल्थ के दृष्टिकोण से देखे, तो यह साल तुला राशि के लोगों के लिए नरम रहने वाला है। शनि का पांचवे घर में होना पेट से जुड़ी समस्याओं को बढ़ाने वाला साबित हो सकता है, लेकिन साल की शुरुआत से साल के बीच तक बृहस्पति का नवम भाव में होकर आपकी राशि पर प्रभाव डालने के कारण सेहत में सुधार भी होगा और आपकी ऊर्जा भी बढ़ेगी। रोग प्रतिरोधक क्षमता और सही को सही और गलत को गलत समझ कर संतुलित डाइट लेने का प्रभाव आपको शारीरिक तंदुरुस्ती के रूप में बैलेंस करेगा। गुरु की कृपा से ही मानसिक शांति भी मिलेगी और आप अधिक प्रसन्न महसूस करेंगे। चौथे भाव के राहु बार-बार समस्या उत्पन्न करेंगे। विभिन्न प्रकार के संक्रमण और परिवार तथा करियर को लेकर चिंताएं देंगे, जो बेवजह की होगी और उससे आपको परेशानी महसूस होगी, लेकिन वर्ष का दूसरा भाग आपके लिए चुनौतियां लेकर आएगा और सेहत पर ध्यान देने की जरूरत पड़ेगी। सेहत के मामले में इस साल तुला राशि के जातक नरम गरम स्थिति को देख पाएंगे। तुला राशि के जातकों के लिए स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से सामान्यतः शुभ रहेगा। इस वर्ष ग्रहों की स्थिति आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार और समृद्धि का संकेत दे रही है, हालांकि कुछ छोटी-मोटी समस्याएं भी हो सकती हैं, जिन्हें सही समय पर ध्यान देकर नियंत्रित किया जा सकता है।गुरु का नवम भाव में स्थित होना और उसकी पंचम दृष्टि का आपकी लग्न पर होना यह दर्शाता है कि इस वर्ष आपकी शारीरिक तंदुरुस्ती तो अच्छी रह सकती है। गुरु का यह प्रभाव आपके शरीर की काम करने की क्षमता और दक्षता को बढ़ाएगा, जिससे आप कार्यों को अधिक उत्साही और आत्मविश्वास के साथ कर सकेंगे।

खबरें जो सोच बदल दें
शुभ लाभ

# आयी फरिश्तों की मीठी आवाज...

## मैरी क्रिसमस

**दुनिया** में लगभग हर कौम को कभी न कभी गुलामी देखनी पडी है। और लगभग हर कौम ने गुलामी करवाने वालों के विरुद्ध बगावत की है। ऐसी ही एक खुनी बगावत के लिए मशहूर है कौम यहूदियों की भी।

ईस्वी पूर्व 42 की बात है, धनी यहूदियों पर एक शक्तिशाली गैर-यहूदी का राज्य हो गया। हेरोद-महान नामक यह गैर-यहूदी राजा जानता था कि यहूदियों से लोहा लेना आसान नहीं है अत: उसने हर तरह से यहूदियों को प्रसन्न रखा। राजकाज ठीक से चलता रहा। लेकिन लगभग तीन दशाब्दी राज्य करने के बाद उसके राज्य की नींव हिलने लगी। उसने अपनी शक्तिशाली गुप्तचर सेना की सहायता से हर शत्रु का उन्मूलन कर दिया और राज्य अपने हाथ से न जाने दिया।

उसकी क्रूरता के कारण यहूदी फिर दब कर रहने लगे। रहस्यमय राजनैतिक हत्यायें चलती रहीं और उसके परिवार के कई प्रतिद्वन्दी एक-एक करके लुप्त होने लगे। हेरोद और उसकी गुप्तचर सेना के मारे हर कोई थर्राता था। अचानक एक दिन एक दुर्घटना हुई और हर यहूदी का कलेजा मुँह को आ गया। उस दिन यहूदियों के देश के पूर्वी देशों से विद्वानों का एक बडा काफिला हेरोद-महान के दरबार पहुंचा और बताया कि एक नये राजा का जन्म हुआ है और आसमान में उदित एक नया तारा इसका चिन्ह है। यह चिन्ह देख हेरोद एकदम डर गया। वह लगभग 75 साल की उमर का हो गया था और उसके हाथ से राज्य के छिन जाने के डर के कारण वह अपने परिवार, मित्र, और राज्य में हर संभावित प्रतियोगी की रहस्य में हत्या करवा चुका था। अचानक अब कौन पैदा हो गया!

इस बीच सारे यहूदी बुरी तरह घबरा गये क्योंकि राजपरिवार में कोई बच्चा नहीं जन्मा था और वे समझ गये कि इस खबर के कारण किसी आम परिवार के बच्चे पर तलवार गिरने वाली है। हेरोद समझ गया कि नक्षत्र जरूर किसी यहूदी राजपुत्र के जन्म की खबर लेकर आया है। उसने यहूदियों के पंडितों को बुलाया जिन्होंने इस बात की पुष्टि की कि वे एक राजाधिराज के जन्म का इंतजार कर रहे हैं और उनका पदार्पण 'बेतलेहेम' नामक यहूदी गांव में होगा। हेरोद बहुत चालाक था। उस ने विद्वानों को रहस्य में बुलाकर तारे के उदय होने की तारीख एवं उस बालक की संभावित उमर वगैरह की जानकारी लेकर विद्वानों को बेतलेहेम गांव की ओर भेज दिया। उनसे यह भी कहा कि जब वे बालक का पता लगा कर उसे दंडवत कर लें तो उसके ठिकाने की खबर बादशाह को भी दें जिससे वे भी जाकर बालक को माथा टेक आयें। विद्वान लोग जैसे ही उस सुदूर गांव की ओर चल दिये कि अचानक वह तारा पुन: आकाश में दिखने लगा और इस बार उनके आगे आगे उस गांव की ओर चलने लगा जिस के बारे में यहूदियों के पंडितों ने इशारा किया था। बेतलेहेम पहुंच कर वह तारा उस घर के उपर ठहर गया जहां मुक्तिदाता ईसा अपने माँ-बाप के साथ थे। उनकी उमर दो साल होने ही वाली थी।

पूर्वी देशों से पधारे विद्वानों ने अपने ऊंटों के ऊंटों के काफिले से उतर कर ईसा के समक्ष माथा टेका और महाराजाधिराजों के लिये उपयुक्त कुंदन, लोहबान, और गंधरस भेंट किया। अनुमान है कि लोहबान और गंधरस हिन्दुस्तान से (हिमालय से) ले जाये गये थे। ईसा के मांबाप ने उनको बताया कि वे ईश्वरीय प्रेरणा से ईसा को माथा टेकने के लिये पधारे दूसरे झुंड हैं। पहला झुंड गडरियों का था जो एक आसमानी वाणी सुन कर लगभग दो साल पहले ईसा के जन्म के दिन उनके दर्शन के लिये आये थे।

विद्वान लोग वापसी की तैयारी कर रहे थे कि उनको ईशवाणी हुई के वे हेरोद बादशाह के पास वापस न जायें क्योंकि उसका लक्ष्य ईसा का दर्शन नहीं बल्कि हत्या करवाना है। ईशवाणी के कारण वे बादशाह के पास जाने के बदले सीधे अपने देश चले गये। इस बीच ईसा के पितामह को ईशवाणी हुई कि हेरोद बादशाह ईसा की हत्या की सोच रहे हैं। इस दिव्य वाणी को सुन वे लोग ईसा को लेकर चुप के से मिस्र देश चले गये। विद्वानों की वापसी के इंतजार में बैठे बादशाह को आखिर उनके गुप्तचरों ने आकर खबर दी कि जीजान कोशिश करने के बावजूद किसी अनजान कारण से वे न तो विद्वानों पर नजर रख सके, न ही बालक ईसा का घर ढूंढ सके। इसे सुन कर हेरोद के क्रोध का पारा ऐसा चढा कि उसने आज्ञा दी कि यहूदियों के दो साल से कम उमर के सारे बालकों को तलवार के घाट उतार दिया जाये। तारे के उदय होने का समय उसने विद्वानों से पूछ लिया था और उस आधार पर उसका अनुमान था कि ईसा उस समय दो साल से कम उमर के थे। यहूदियों के सारे गांवों और नगरों में हाहाकार मच गया जब सैनिकों ने निर्दयता से एक एक घर पहुंच कर दो साल व उस से कम उमर के सारे बालकों को निर्दयता के साथ तलवार के घाट उतार दिया। इस तरह हेरोद बादशाह को बडा सकून मिला कि अब उनका राय उन से कोई भी छीन न सकेगा। लेकिन अचानक एक घटना हुई। बादशाह को एक एक करके कई प्रकार के असाध्य रोगों ने घेर लिया। खाल फट कर रिसने लगा। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त भी होने लगा। लोगों को ऐसा लगने लगा कि कोई पागल मानवनुमा जंगली जानवर अब उन पर राज्य कर रहा है। मुश्किल से एक साल नहीं बीते कि उसके बदन में कीडे पड गये और अचानक एक दिन वह 'महान' बादशाह न रहा।

त्योहार

## ईसाई समाज में क्रिसमस का उल्लास

# बड़ा दिन आ गया है



**मैरी** क्रिसमस पर सांता क्लॉज, क्रिसमस ट्री, प्रार्थना, मोमबत्तियों व सितारों की चमक, घंटों की खनक, सुन्दर सजावट, बिजली के जगमगाते बल्ब, ग्रीटिंग कार्ड, केक, पेस्ट्री, गीत-संगीत, महकते फूल और चहकते बच्चे। इन सबने मिलकर जता दिया कि बड़ा दिन आ गया है, यीशु का जन्म हो चुका है।

रात के बारह बजते ही फटाखे फूटने लगे और चर्च से कैरोल गाने की आवाजें आने लगीं तो समझ लीजिए प्रभु येशू ख्रीस्त हमारे बीच पधार चुके हैं। इस अवसर पर समुदाय के लोग केक काट कर एक-दूसरे को मैरी क्रिसमस की बधाइयाँ देकर अपनी खुशी का इजहार करते है। सेंटा क्लॉज बच्चों के प्यारे प्यारे गिफ्ट देकर खुश करते है। ईसाई समाज के इस सबसे बड़े त्योहार के रंग महीने भर पहले से शुरू होने वाली क्रिसमस की तैयारी से जमने लगता है। इस दौरान क्रिसमस, नव वर्ष जैसे त्योहार लगातार आ जाते हैं।

क्रिसमस के दिन प्रभु यीशु का जन्म गौशाला में हुआ था इसलिए गौशाला की झाँकी का बड़ा महत्व होता है। क्रिसमस की खुशी पकवानों के बिना अधूरी होती है। हर घर में रम केक, जिंजर वाइन, डोनल्ड, सलोनी, मीठा, नमकीन सहित तरह-तरह के पकवान बनाएँ और खिलाएँ जाते हैं। गौशाला में जन्म लेने वाले यीशु को बाद में चरनी में रखा जाता है ताकि सभी लोग प्रभु के दर्शन कर सकें।

इस दिन बड़ा दिन हो सबको मुबारक, जन्मा है मुक्ति का दाता हमारा.. जैसे कई गीतों के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुतियों का आयोजन भी किया जाता है। चर्च को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा। बाइबिल में लिखे प्रभु के वचन को सुनकर सभी बंधु अपने पापों के लिए प्रभु से माफी भी माँगेंगे और अपनी सुविधानुसार दान भी करेंगे।



# क्रिसमस पर बनाएँ स्पेशल केक

## ऑरेंज फ्रॉस्टिंग केक



**सामग्री**- आइसिंग शुगर 300 ग्राम, डबल क्रीम सवा कप, कैस्टर शुगर 1 कप, क्रीम 2 बड़े चम्मच, मैदा 1 कप, बेकिंग पावडर 1 चम्मच, कोको पावडर 1 कप, मक्खन (पिघला हुआ) 1 बड़ा चम्मच, संतरे का एसेंस 1 चम्मच, संतरे का रस 2 बड़े चम्मच, चॉकलेट के पतले टुकड़े 2 बड़े चम्मच।

çßçÏ - क्रीम और चीनी मिलाएँ। फिर क्रीम डालते हुए खूब फेंटें। मैदा, बेकिंग पावडर तथा आधा कप कोको छानकर क्रीम के मिश्रण में डालें और मैदे को खूब फेटें। फिर घी लगे केक पॉट में सेट करके 180 डिग्री सेंटीग्रेड पर 45-50 मिनट बेक कर लें।

बेक्ड केक को 10 मिनट ओवन में रहने दें। फिर वायर रैक पर रखकर ठंडा होने दें। आइसिंग शुगर और आधा कप कोको को एक प्याले में छानें व मक्खन-एसेंस तथा संतरे का रस मिला दें। केक को सर्विंग प्लेट में रख दें। पूरे केक पर आइसिंग शुगर की तह बिछा दें। ऊपर से चॉकलेट के चपटे टुकड़े सजाकर सर्व करें।

## फ्रूटी राइस केक



âæx»ýè- बासमती चावल सवा कप, दूध 4 कप, कैस्टर शुगर 1/2 कप, पिसी इलायची 6, तेजपत्ते 2, क्रीम 6 चम्मच।

**डेकोरेशन के लिए**- डबल क्रीम सवा कप, वैनिला एसेंस, नीबू का छिल्का (कसा हुआ) 1, कैस्टर शुगर 3 बड़े चम्मच, स्ट्रॉबेरी के टुकड़े 1/2 कप, चेरी 1 बड़ा चम्मच।

çßçÏ - चावलों को 1/2 घंटे के लिए पानी में भिगो दें, फिर पानी से निकालकर एक पैन में डाल दें। उसी पैन में दूध, चीनी, इलायची और तेज पत्ते मिलाकर आग पर चढ़ा दें। उबाल आने पर आँच धीमी कर दें और 20 मिनट पकाएँ। चावलों को ठंडा करें। तेजपत्ते व इलायची के छिल्के हटा दें। क्रीम भी फेंटकर डाल दें। अब चावलों के मिश्रण को केक पॉट में डाल दें और 40-45 मिनट 180 डिग्री सेंटीग्रेड पर बेक कर लें। बेक्ड केक को 8-10 घंटे पॉट में ही रखा रहने दें। डबल क्रीम को खूब फेंटें फिर एसेंस, नीबू के छिल्के और चीनी मिला दें और केक के ऊपर तह बिछा दें। ऊपर स्ट्रॉबेरी और चेरी सजा दें और सर्व करें।

# क्रिसमस

## प्रेम, शांति, क्षमा, त्याग एवं सेवा का पर्व

### 25 दिसंबर क्रिसमस विशेष



*क्रिसमस शांति का भी संदेश लाता है। पवित्र शास्त्र में ईसा को 'शांति का राजकुमार' नाम से पुकारा गया है। ईसा हमेशा अभिवादन के रूप में कहते थे- 'शांति तुम्हारे साथ हो।' शांति के बिना कोई भी धर्म का अस्तित्व संभव नहीं है। घृणा, संघर्ष, हिंसा एवं युद्ध आदि का धर्म के अंतर्गत कोई स्थान नहीं है।*

ç·ý¤â×â संपूर्ण विश्व का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। क्रिसमस सभी राष्ट्रों एवं महाद्वीपों में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के आँकड़ों के अनुसार विश्व के करीब 150 करोड़ लोग ईसाई धर्म के अनुयायी हैं। सौभाग्यवश भारत में भी क्रिसमस मनाया जाता है यद्यपि यहाँ की जनसंख्या के केवल 2.5 प्रतिशत ईसाई लोग हैं।

ईसा के बारह शिष्यों में से एक, संत योमस, ईस्वी वर्ष 52 में दक्षिण भारत आए थे। योमस सुतार का धंधा करते थे और उन्होंने दक्षिण भारत के कुछ प्राचीन राजाओं के महल में भी कार्य किए थे। अपने कामों के साथ-साथ योमस ईसा के सुसमाचार का प्रचार भी करते थे और उन्होंने कई चमत्कारी कार्य भी किए। इन सबसे प्रभावित होकर कुछ ब्राह्मणों ने ईसाई धर्म ग्रहण किया। इसी कारण दक्षिण भारत में कई पुराने गिरजाघर देखने को मिलते हैं। मेरे स्वयं के गाँव में करीब एक हजार वर्ष पुराना एक गिरजाघर है। लोगों में यह भ्रांति फैली हुई है कि ईसाई धर्म एक विदेशी धर्म है। जब यह धर्म प्रथम शताब्दी से ही भारत में मौजूद रहा है तो इसे विदेशी धर्म मानने का क्या औचित्य है? अधिकांश लोग यह समझते हैं कि भारत में ईसाई धर्म विदेशी मिशनरियों द्वारा लाया गया है। यह पूर्णरूपेण गलत है यद्यपि पुर्तगाल, स्पेन, फ्रांस, इंग्लैंड, जर्मनी, इटली आदि राष्ट्रों से मिशनरी लोग चौदहवीं शताब्दी से भारत में आए हैं और सुसमाचार का प्रचार किया है। ईसाई धर्म प्रारंभ से ही प्रेम, शांति, क्षमा, त्याग एवं दूसरों की सेवा आदि सिद्धांतों पर विशेष ध्यान देता आया है।

ईसा का जन्म मानव के प्रति परमेश्वर के प्रेम को प्रकट करता है। बाईबल पवित्र शास्त्र में स्पष्ट लिखा है कि ईश्वर प्रेम है और मानव के प्रति ईश्वर के अपार प्रेम के कारण ही उन्होंने अपने एकलौते पुत्र को जगत में भेजा। ईसाई धर्म में ईश्वर के तीन स्वरूप बताए गए हैं- पिता, पुत्र एवं पवित्र आत्मा। यह त्रिएक परमेश्वर सृष्टि के प्रारंभ से ही एकसाथ अस्तित्व में है, परंतु 2000 वर्ष पूर्व ईसा मसीह ने (परमेश्वर के पुत्र) मनुष्य के रूप में पृथ्वी पर जन्म लिया। पवित्र शास्त्र कहता है- 'परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नष्ट न हो, परंतु अनंत जीवन पाए।' (यूहन्ना रचित सुसमाचार 3:16)।

ईश्वर ने मानव को स्वयं के स्वरूप में रचा, परंतु मानव पाप करके ईश्वर से दूर भटक गए। इसी खोई हुई मानव जाति को वापस अपने पास लाने के लिए ईश्वर ने ईसा मसीह को मानव के रूप में जगत में भेजा। मानव जाति की सृष्टि के बारे में पवित्र शास्त्र में लिखा है- 'परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप के अनुसार उत्पन्ना किया, नर और नारी करके उसने मनुष्यों की सृष्टि की।' (उत्पत्ति 1:27)। मानव ईश्वर की सृष्टियों में सर्वश्रेष्ठ है। ईश्वर मानव से प्रेम रखता है और यही चाहता है कि मानव उसकी संगति एवं निकटता में रहे। अदन की वाटिका में परमेश्वर आदम तथा हव्वा के साथ संगति रखते थे, परंतु इन दोनों ने ईश्वर की आज्ञा का उल्लंघन करके पाप किया। इस प्रकार ईश्वर और मानव के बीच एक खाई उत्पन्ना हुई। इस खाई को दूर कर मानव को वापस अपने निकट लाने के लिए परमेश्वर ने अपने पुत्र ईसा मसीह को मानव के रूप में जगत में भेजा। यह लूका रचित सुसमाचार के पंद्रहवें अध्याय में लिखा हुआ उडाव पुत्र की कहानी से मिलता-जुलता है। उडाव पुत्र अपने पिता का दिल तोड़कर अपना हिस्सा लेते हुए घर से निकल गया, परंतु पिता उससे निरंतर प्रेम करता रहा और उसके लौटने का इंतजार करता रहा। इसी प्रकार परमेश्वर भी प्रत्येक मानव के उनकी ओर लौटने का इंतजार करता रहता है। ईसा मसीह जब पृथ्वी पर रहे, अपने साथ चलने एवं कार्य करने के लिए बारह शिष्यों को चुना। उन्होंने उनको यह सिखाया कि आपस में प्रेम रखें। नि:स्वार्थ प्रेम ही ईसाई धर्म का पहला सिद्धांत है।

क्रिसमस शांति का भी संदेश लाता है। पवित्र शास्त्र में ईसा को 'शांति का राजकुमार' नाम से पुकारा गया है। ईसा हमेशा अभिवादन के रूप में कहते थे- 'शांति तुम्हारे साथ हो।' शांति के बिना कोई भी धर्म का अस्तित्व संभव नहीं है। घृणा, संघर्ष, हिंसा एवं युद्ध आदि का धर्म के अंतर्गत कोई स्थान नहीं है। ईसा के जन्म के समय स्वर्गदूतों ने गाया- 'आकाश में परमेश्वर की महिमा और पृथ्वी पर उन मनुष्यों में जिनसे वह प्रसन्ना है, शांति हो। (लूका 2:14)। शांति एवं सद्भावना ईसाई धर्म के बुनियादी आदर्श हैं। पहाड़ी उपदेश के दौरान ईसा ने कहा- 'धन्य है वे जो मेल कराने वाले हैं, क्योंकि वे परमेश्वर के पुत्र कहलाएँगे। (मत्ती 5:9)। धार्मिक कट्टरपंथ, पूर्वाग्रह, घृणा एवं हिंसा कोई भी धर्म का आधार नहीं बन सकता है।

दूसरों की गलतियों को माफकरना ईसाई धर्म का एक अन्य महत्वपूर्ण सिद्धांत है। ईश्वर के निकट जाने के लिए दूसरों की गलतियों को हृदय से माफकरना नितांत आवश्यक है। ईसा ने अपने अपराधियों को क्षमा किया है, वैसे ही तू भी हमारे अपराधों को क्षमा कर। (मत्ती 6:12) ईसा के अनुसार दूसरों को माफकरने के लिए कोई शर्त नहीं रखी जाना चाहिए।

त्याग एवं सेवा की भावना भी ईसा की शिक्षा के मुख्य भाग रहे हैं। ईसा के कुछ चेले जैसे पतरस, याकूब, यूहन्ना आदि मछुवारे थे और उनके काम के स्थान से ही यीशु ने उन्हें बुलाए थे। यीशु ने कहा- 'मेरे पीछे चलो, मैं तुम्हें मनुष्य को पकड़ने वाला बनाऊँगा।' दूसरे शब्दों में ईसा ने उनको इसीलिए बुलाया कि उनके द्वारा अन्य मनुष्यों के जीवन में सुधार हो सके। जब यीशु ने उन्हें बुलाया तो वे सब कुछ छोड़कर उनके पीछे हो लिए। सांसारिक संपत्ति और वस्तु ईसा के पीछे चलने में बाधा नहीं बनना चाहिए।

यीशु ने अपने शिष्यों से कहा- कोई अपने आपको इंकार करने और अपना क्रूस उठाने में असमर्थ है तो वह मेरे योग्य नहीं है। ईसा के अनुसार उनके अनुयायियों को दु:ख उठाने एवं यहाँ तक कि अपने प्राण त्याग के लिए भी सर्वदा तैयार पहना चाहिए। इसालिए कहा- 'शहीदों का रक्त ही कलीसिया का बीज है।'

जहाँ कहीं ईसाई कार्यकर्ता पहूँचे, उन्होंने विद्यालय, अस्पताल, अनाथालय, निराश्रितों एवं पीड़ितों के लिए आश्रम स्थान आदि प्रारंभ किए हैं। यीशु ने अपने शिष्यों को ज्योति एवं नमक के रूप में कार्य करने का उपदेश दिया है। यीशु ने कहा- 'तुम पृथ्वी के नमक हो, तुम जगत की ज्योति हो। तुम्हारा उरजियारा मनुष्यों के सामनो चमके कि वे तुम्हरे भले कामों को देखकर तुम्हारे पिता की, जो स्वर्ग में हैं, बढ़ाई करें।' (मत्ती 5:13-16)

यीशु को कई नामों से पुकारा गया है जैसे मसीहा (लोगों को उनके पापों से उद्धार करने वाला) इम्मान्यूएल (जो मानव के साथ हमेशा है), सच्चा गडरिया (जो सही मार्ग दिखाता है और सहायता करता है), जगत का उजियारा (सभी प्रकार की अंधियारे को दूर करने वाला) और राजाओं के राजा (जो सभी सांसारिक शक्तियों से बढ़कर है)। यीशु ने उनके शिष्यों को स्पष्ट समझाया कि उनके राज्य सांसारिक नहीं है, बल्कि अलौकिक हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संपूर्ण संसार में ईश्वर के राज्य की स्थापना हो।

क्रिसमस का शुभ संदेश वर्तमान जगत के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज संपूर्ण विश्व स्वार्थ, घृणा, हिंसा, शोषण, उत्पीड़न, भ्रष्टाचार, युद्ध आदि से भरा है। क्रिसमस का शुभ संदेश हमारे दिलों में प्रेंम, शांति, क्षमा एवं सेवा की नई ज्योति जलाते रहे।



# गर्मी की छुट्टियाँ और क्रिसमस!

**केक,** कैरल्स और कैंडल्स से सजा क्रिसमस... एक ग्लोबल त्योहार है। परंपराओं के अलावा बाकी त्योहारों की ही तरह अब ये बाजार का भी बड़ा हिस्सा है। क्रिसमस की तैयारियाँ आमतौर पर एक महीने पहले से जोर पकड़ लेती हैं और फिर लगभग पूरे दिसंबर माह दुनिया भर में इसकी धूम रहती है। दुनिया भर में इसे अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। चलिए जानते हैं क्रिसमस से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

● दक्षिणी गोलार्ध में क्रिसमस गर्मी की छुट्टियों में मनाया जाता है। चौंकिए नहीं... तारीख वही है 25 दिसंबर लेकिन इस हिस्से में यह गर्मियों का मौसम होता है। इस गोलार्ध में अफ्रीकी देश, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया तथा दक्षिण अमेरिका आदि आते हैं। तो यहाँ क्रिसमस धूप स्नान करते हुए सेलिब्रेट किया जाता है।

● ये शायद मूड की बात है और भौगोलिक परिस्थितियों की भी... हवाई में सांता क्लॉज़ बोट में आते हैं और कैलिफोर्निया में सर्फिंग बोर्ड पर सर्फ करते हुए।

● पोलिश अमेरिकन्स आज भी अपने किचन के फर्श पर सूखी घास बिछाते हैं ताकि वो उस गौशाला जैसा माहौल लगे जहाँ यीशू ने जन्म लिया था। यही नहीं वे डायनिंग टेबल के पास दो खाली कुर्सियाँ भी रखते हैं। एक मदर मेरी के लिए व दूसरी नन्हें यीशू के लिए। इस उद्देश्य के साथ कि अगर कभी वे पनाह माँगते हुए घर के दरवाजे पर दस्तक दें, तो उनका स्वागत है।

● फ्राँस में इस दिन के लिए घरों में एक 'थ्री किंग्स केक' बनाया जाता है जिसमें एक-एक बीज छुपा दिया जाता है। जिसके हिस्से में ये बीज आ जाए, वो एक दिन के लिए क्रमश: राजा-रानी बन जाता है।

● जर्मनी में इस अवसर पर फलों की छोटी-छोटी फलों की गुड़ियाएँ, अदरकयुक्त ब्रेड के घर आदि बनाए जाते हैं। यहाँ बच्चे 'क्राइस्टकिड' के नाम मनपसंद उपहारों के लिए बकायदा खत लिखते हैं और उसे खिड़की पर टाँग देते हैं। यह क्राइस्टकिड सफेद परिधान और परों वाला एक फरिश्ता होता है जो सुनहरा मुकुट पहने होता है और बच्चों को गिफ्ट बाँटता है। उपहारों के लिए लिखे गए खतों के लिफाफों पर शकर के दानों से सजावट भी की जाती है ताकि वो चमकते रहें।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज का दिन अगर बहतर बनाना हैं तो सुबह सूर्य नमस्कार से दिन की शुरुआत करें । मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे. घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं. संतान की खुशी बनी रहेगी. संतान को करियर में कोई बड़ी सफलता मिल सकती है. आपको किसी काम से अच्छा लाभ मिल सकता है. अगर आप नई नौकरी की तलाश में हैं, तो बड़े भा–ई–बहनों की मदद से आपको नौकरी मिल सकती है. आप दूसरों की खुशी के लिए हमेशा काम करने वाले रहेंगे।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

नया कारोबार चालू करना लाभदायक रहेगा परन्तु महनत करनी पडेगी किन्तु आने वाले समय में आर्थिक लाभ रहेगा. अगर प्रेम–संबंध की बात हो तो परिजनों की सलाह लेने में संकोच न करें। पारिवारिक जीवन संतोषप्रद रहेगा. प्रेम विषयों की स्थिति गंभीर हो सकती है. वैवाहिक सम्बन्ध को आगे बढाने के लिए समय अनुकूल हैं।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज सूर्य अष्टक का पाठ करके ही कार्य आरंभ करें दिल का भय दूर होगा इसलिए इससे परेशान ना हों और खुद को शांत रखें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है. सुख के साधन जुटेंगे. प्रसन्नता रहेगी. मित्रों और परिवारजनों का भी भरपूर सहयोग आज आपको मिलने वाला है. आज मित्रों से आपको मदद मिलने वाली है. पैतृक संपत्ति मिलने के आसार हैं. गाय को गेहूं का भूसा खिलाए पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज सूर्य द्वादश नाम का जप करके सूर्य को प्रणाम करें आपको उचित समय की पहचान होगी. सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है. परिवार में भी स्थिति ठीक बनी रहेगी. बच्चों की किसी जरूरत को पूरा करने के लिये आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं. आपका दोस्त आपको कोई काम करने के लिये कह सकता है. प्राइवेट नौकरी करने वालों को अपनी वाणी पर थोड़ा ध्यान रखने की जरूरत है. सीनियर से बात करते समय आपकी जुबान फिसल सकती है. गाय और नंदी की तन–मन–धन से सेवा करें ।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज का दिन अच्छा हैं आमदनी बढेगी आय अच्छी रहेगी किन्तु बेकार के खर्चों पर अंकुश लगाना श्रेयकर रहेगा. आपको अपने करियर में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है. अथक परिश्रम उपरांत आप स्थितियों पर काबू पा पायेंगे. भावनाओं को अपने निर्णयों को निर्धारित न करने दें, निष्पक्षता बनाये रखें. व्यावसायिक एवं आर्थिक सन्दर्भ में यात्रा आपको नवीन अवसर प्रदान कर सकती है. आज आप किसी पुराने परिचित से अचानक ही मिल सकते हैं. शरीर से सम्भव है तो सूर्यास्त के बाद दूध का आहार करें ।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आपका पारिवारिक जीवन सुखी रहेगा. दिन आपके लिए बहुत ही लाभदायक है. जल्दबाजी में लेन–देन न करें. किसी छोटी सी भूल से हानि हो सकती है. अपरिचित व्यक्ति की बातों पर भरोसा न करें. कड़ी मेहनत और पर्याप्त कोशिश अच्छा फल देगी. संतान के प्रति भी चिंताएं कम होंगी. जो कार्य आप करने की योजना बना रहे थे आज उनमें गति आएगी. दोपहर के बाद आप बच्चों के साथ सैर सपाटे पर निकल जाए पूरा समय मनोरंजन मे बीतेगा ।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आप अपने रोजगार में नई संभावनाओं को तलाश करने की कोशिश करेंगे. किसी काम के लिये कई दिनों से की जा रही मेहनत का फल आपको मिल सकता है. आपको अपने बच्चों से काम में सपोर्ट मिलेगा. आपको कोई भी मौका हाथ से नहीं गंवाना चाहिए. बदलते मौसम में आपको अपने ऊपर थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है. बहतर स्वास्थ्य के लिए आप को आपको अपने खान–पान में भी बदलाव करना चाहिए. और सुबह शाम के समय टहलना भी चाहिए।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

अपने कार्यक्षेत्र पर काम करने वाले व्यक्तियो कुछ साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखने होंगे । व्यर्थ की यात्राओं से बचने का प्रयास करें. हांलाकि आर्थिक रूप से समय को अनुकूल कहा जाएगा. फिर भी खर्चे पर नियंत्रण रखना श्रेयकर रहेगा. समय–समय पर परिजनों का सहयोग मिलता रहेगा. कार्य क्षेत्र पर आपके समक्ष कुछ समस्याएं आ सकती हैं अपने हाथ से गाय माता को गुड खिलाए ।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आप की झूठ बोलने की आदत आप को हरेक समय अपने सहकर्मियों के बीच लज्जित करती हैं झूठ बोलने से बचें, और यह आपके प्रेम–संबंध को भी बिगाड़ सकता है. तनाव का तबियत पर ख़राब असर हो सकता है. धन संबंधी मामलों में बुद्धि व विवेक से फैसले लें. दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा. बच्चे को रोमांचक समाचार ला सकते हैं. आज आप ख़रीदारी के लिए निकल सकते हैं, यह समय पैसे और वित्त संबंधी मामलों में अच्छा रहेगा कुछ पैसा अपने उज्जवल भविष्य के लिए जमीन मे निवेश करदे ।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज सूर्य की सात प्रदक्षिणा करके निकलना चाहिए आप कोई बड़ी बिजनेस डील करने जा रहे हैं, तो आपको बहुत ही सोच–समझकर फैसले करने की जरुरत है. आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद जरूर लेनी चाहिए. आज आपको किसी सरकारी काम को पूरा करने में परेशानी आ सकती है. आपका कोई कागज पूरा न होने पर काम अटक भी सकता है. जो छात्र उच्च शिक्षा में दाखिला लेने के लिये परीक्षाएं दे रहे हैं, उन्हें मन–मुताबिक परिणाम के लिये कड़ी मेहनत करनी चाहिए. आप को अपने दोस्तों के साथ बाहर घूमने–फिरने पर अधिक पैसा खर्च करने से बचना चाहिए ।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

सुबह ओंकार का उच्चारण करके ध्यान करें । व्यवसायी संदर्भ में आज आप अच्छा महसूस कर सकते हैं कि आपके पास बहुत अधिक काम है. किन्तु उसे पूरा करने के लिए समय बहुत कम है. व्यावसायिक, आर्थिक और सामाजिक प्रतिबद्धता का आपके आदेशों पर एक मजबूत प्रभाव पड़ेगा. भाई–बहनों की सामाजिक स्थिति में अप्रत्याशित और अचानक वृद्धि होगी.दिन की कोई अप्रिय घटना आपके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है.आप प्रेमी के साथ कहीं घूमने पर जाने से बचना चाहिए।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज सूर्य को जल , सूर्य को नमस्कार सूर्य जप करने से शरीर मे जबरदस्त ऊर्जा और उत्साह रहेगा सकारात्मक परिणाम आंएगे और घरेलू तनाव दूर होने में मददगार मिलेगी कोई भी क़दम उठाने से पहले विशेषज्ञ की सलाह ज़रूर ले लें. अगर आप अपनी घरेलू ज़िम्मेदारियों को अनदेखा करेंगे, तो कुछ ऐसे लोग नाराज़ हो सकते हैं जो आपके साथ रहते हैं. पैसों के मामलों में सावधानी रखनी होगी. हल्का भोजन करें सेहत अनुकूल रहेगी ।

## आज का पंचांग

दिनांक : 21 दिसंबर 2025, रविवार
विक्रम संवत : 2082
मास : पोष , शुक्ल पक्ष
तिथि : प्रतिपदा प्रात: 09:13 तक
नक्षत्र : पूर्वाषाढा रात्रि 03:36 तक
योग : वृद्धि सायं 04:35 तक
करण : बव प्रात: 09:13 तक
चन्द्रराशि : धनु
सूर्योदय : 06:41, सूर्यास्त 05:46 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:36, सूर्यास्त 05:58 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:30, सूर्यास्त 05:50 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:31, सूर्यास्त 05:40 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : रवि उत्तरायण आरंभ , चन्द्रदर्शन, शिशिर ऋतु आरंभ




* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# मोदी ने गुवाहाटी एयरपोर्ट के नये टर्मिनल का किया उद्घाटन कांग्रेस पर लगाया घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप

**गुवाहाटी, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर असम में घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार राज्य को देश के पूर्वी द्वार के रूप में विकसित करने का काम कर रही है।




श्री मोदी ने गुवाहाटी स्थित लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज एक बार फिर असम के विकास में नया अध्याय जुड़ रहा है। जैसे राज्य में ब्रह्मपुत्र नदी की धारा कभी नहीं रुकती उसी तरह भाजपा के डबल इंजन के विकास का धारा भी अनवरत बह रही है।

उन्होंने कहा, भारत के भविष्य का नया सूर्योदय पूर्वोत्तर से ही होना है। हमें असम के विकास को सबसे आगे रखकर चलना होगा। विकसित असम से विकसित भारत का रास्ता बनाना है।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र को जानबूझकर विकास से दूर रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस क्षेत्र का विकास उसके एजेंडे में ही नहीं था। उन्होंने कहा, ङ्खकांग्रेस ने छह–सात दशक तक जो गलती की, मोदी एक–एक कर उसे सुधार रहा है। मोदी के लिए असम का विकास जरूरत भी है और जिम्मेदारी भी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने असम और उत्तर पूर्व को विकास से दूर रखा जिसका खामियाजा देश की अखंडता और एकता को उठाना पड़ा। उन्होंने कांग्रेस पर इस क्षेत्र की पहचान मिटाने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि मौजूदा सरकार उस पहचान की रक्षा कर रही है और इसीलिए उसे इसका विकास करने में कामयाबी मिली है।

श्री मोदी ने कहा कि विभाजन के समय कांग्रेस ने असम को पूर्वी बंगाल (अब बंगलादेश) में मिलाने की साजिश की थी। राज्य के पहले मुख्यमंत्री गोपीनाथ बारदोलोई ने अपनी ही पार्टी के विरुद्ध लड़ाई लड़ी और असम को भारत में बनाये रखा गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद मजहबी तुष्टिकरण के लिए घुसपैठियों को खुली छूट दी। घुसपैठियों ने जंगलों और जमीनों पर कब्जा किया। राज्य की मौजूदा सरकार अब उन अवैध कब्जों को समाप्त कर रही है।

उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा विभिन्न राज्यों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण पर भी कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि मुख्य विपक्षी दल और मइंडियाफ गठबंधन के दूसरे दल घुसपैठियों के पक्ष में बयानबाजी करते हैं। चुनाव आयोग एसआईआर की प्रक्रिया कर रहा है तो ङ्खकांग्रेस को तकलीफङ्ख हो रही है।

असम के लोगों से उन्होंने अपील की, ङ्खहमें बहुत सावधान रहना है, असम की अस्मिता की रक्षा करनी है, कांग्रेस के संयंत्रों को पल–पल विफल करना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नये टर्मिनल भवन से गुवाहाटी और असम की क्षमता बढ़ जायेगी, यहां ज्यादा लोग आ सकेंगे और मां कामाख्या के दर्शन की सुविधा आसान होगी। उन्होंने कहा कि नये टर्मिनल भवन को असम की प्रकृति और संस्कृति को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें बांस का भरपूर इस्तेमाल किया गया है और इनडोर फॉरेस्ट भी है।

एक लाख 40 हजार वर्ग मीटर में फैले इस टर्मिनल भवन से हवाई अड्डे की क्षमता सालाना 34 लाख यात्रियों के बढ़कर 131 लाख यात्री पर पहुंच जायेगी। वर्तमान में यहां हर साल 65 लाख यात्रियों की आवाजाही होती है और यह देश का 10वां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है। नये टर्मिनल भवन का तोरण द्वार बांस का बना है। साथ ही अंदर भी बांस और बांस की प्रतिकृति का काफी इस्तेमाल किया गया है। इनडोर फॉरेस्ट में काजीरंगा को दिखाया गया है।

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा यह सिर्फ नया टर्मिनल बिल्डिंग नहीं, असम की आकांक्षाओं, उत्तर पूर्व की संभावनाओं और भारत के विकास का प्रतीक है। असम के लोगों और विशेष रूप से गुवाहाटी के लोगों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि जहां हवाई अड्डा बनता है वहां उद्योग, पर्यटन और रोजगार भी बढ़ता है। साल 2014 में देश में 74 हवाई अड्डे थे जिनकी संख्या पिछले 11 साल में बढ़कर 165 पर पहुंच गयी है।

इस मौके पर असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, पूर्व मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल और केंद्र में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल भी मौजूद थे।

## राष्ट्रपति मुर्मू का आह्वान: विकास और आध्यात्मिकता के बीच संतुलन ही विश्व शांति का मार्ग

**हैदराबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को बढ़ती वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भौतिक प्रगति और आध्यात्मिक मूल्यों के मेल की आवश्यकता पर बल दिया। वे ब्रह्माकुमारीज़ शांति सरोवर की 21वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित मभारत का कालातीत ज्ञान: शांति और प्रगति के पथफ विषयक सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं।



राष्ट्रपति ने उल्लेख किया कि दुनिया तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रही है, लेकिन साथ ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं, सामाजिक संघर्षों, पारिस्थितिक असंतुलन और मानवीय मूल्यों के क्षरण जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है। उन्होंने कहा, ङ्खकेवल भौतिक विकास ही सुख या शांति सुनिश्चित नहीं कर सकता, क्योंकि आंतरिक स्थिरता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और मूल्य–आधारित दृष्टिकोण भी उतने ही आवश्यक हैं।ङ्ख

भारत की आध्यात्मिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश की प्राचीन ऋषि परंपरा ने हमेशा सत्य, अहिंसा और शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व पर जोर दिया है। उन्होंने आगे कहा, ङ्खभारत का आध्यात्मिक ज्ञान दुनिया की मानसिक, नैतिक और पर्यावरणीय समस्याओं का सार्थक समाधान प्रदान करता है।ङ्ख आधुनिकता और आध्यात्मिकता का संगम भारत की सबसे बड़ी ताकत है।

वैश्विक शांति के लिए मवसुधैव कुटुंबकमफ का संदेश

राष्ट्रपति ने कहा कि मवसुधैव कुटुंबकमफयानी पूरी दुनिया को एक परिवार मानने की अवधारणावैश्विक शांति प्राप्त करने के लिए आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आध्यात्मिकता सामाजिक एकता और राष्ट्रीय प्रगति को मजबूत करती है। नैतिक मूल्यों और आत्म–अनुशासन में निहित व्यक्ति सहिष्णुता, सहयोग और जिम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा देते हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान मिलता है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने भारत को आध्यात्मिक अन्वेषण, नैतिक चिंतन और उच्च चेतना द्वारा आकार प्राप्त एक शाश्वत सभ्यता बताया। भगवद गीता और महात्मा गांधी सहित भारतीय दर्शन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मूल्यों के बिना प्रगति केवल सतही शांति की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति के बावजूद, मानवता तनाव, संघर्ष और पारिस्थितिक गिरावट का सामना कर रही है।

राज्यपाल ने ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि वे ध्यान, नेतृत्व प्रशिक्षण, युवा और महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से प्राचीन ज्ञान को व्यावहारिक कार्यों में बदल रहे हैं।

इस अवसर पर मंत्री दानसारी मसीथक्काफ अनसूया भी उपस्थित थीं। सम्मेलन में आध्यात्मिक नेताओं, प्रशासकों, पेशेवरों और नागरिकों ने हिस्सा लिया, जहाँ भारत के शाश्वत ज्ञान के आधार पर शांति और सतत प्रगति के रास्तों पर विचार–मंथन किया गया।

## दिल्ली में कोहरे के कारण 100 से अधिक उड़ानें रद्द सरकार ने एयरलाइंस के लिए जारी किए निर्देश

**नयी दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** दिल्ली–एनसीआर समेत उत्तर तथा पूर्वी भारत के कई हिस्सों में कोहरे के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह 100 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं। इस बीच सरकार ने विमान सेवा कंपनियों को निर्देश जारी कर यात्रियों को उड़ान की वास्तविक स्थिति की सही–सही जानकारी देने और देरी की स्थिति में उनकी सुविधाओं का ध्यान रखने के लिए निर्देश जारी किया है।दिल्ली हवाई अड्डे की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अब तक प्रस्थान करने वाली 50 से अधिक और यहां आने वाली भी लगभग इतनी ही उड़ानों के रद्द होने की सूचना है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली समेत उत्तर भारत और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में इन दिनों तड़के और सुबह के समय घना कोहरा बन रहा है। इससे उड़ानें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शुक्रवार रात एक निर्देश जारी किया है जिसमें कहा गया है कि विमान सेवा कंपनियां यात्रियों को उड़ान में देरी, समय में बदलाव या उसके रद्द होने के बारे में अग्रिम और सही–सही जानकारी देंगी। अंतिम समय में देरी की घोषणा करने पर तुरंत जानकारी देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा एक सीमा से अधिक देरी होने पर यात्रियों के जलपान की व्यवस्था करनी होगी। साथ ही, रीशिड्यूलिंग की स्थिति में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।



## सीबीआई की कार्रवाई: रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग का लेफ्टिनेंट कर्नल रिश्वतखोरी में गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने 20.12.2025 को लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा और एक प्राइवेट व्यक्ति विनोद कुमार को रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। यह मामला 19 दिसंबर, 2025 को एक विश्वसनीय सूत्र से मिली जानकारी के आधार पर लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा, डिप्टी प्लानिंग ऑफिसर, इंटरनेशनल कोऑपरेशन एंड एक्सपोर्ट्स, रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, उनकी पत्नी कर्नल काजल बाली, उज, 16 इन्फैंट्री डिवीजन ऑर्डनेंस यूनिट (ृजण), श्रीगंगानगर, राजस्थान और अन्य, जिसमें दुबई की एक कंपनी भी शामिल है, के खिलाफ आपराधिक साजिश और रिश्वतखोरी आदि के आरोपों में दर्ज किया गया है।

आरोप है कि लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा, रक्षा उत्पादों के निर्माण, निर्यात आदि का काम करने वाली विभिन्न प्राइवेट कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ आपराधिक साजिश रचकर, उन्हें अनुचित लाभ पहुंचाने के बदले उनसे अनुचित फायदा/रिश्वत लेकर, आदतन भ्रष्ट और अवैध गतिविधियों में शामिल रहते हैं।

आगे आरोप है कि राजीव यादव और रवजीत सिंह आरोपी कंपनी के भारत में कामकाज को देखते हैं और बेंगलुरु में रहते हैं। वे लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा के साथ नियमित संपर्क में थे और उनके साथ मिलकर अपनी कंपनी के लिए विभिन्न सरकारी विभागों और मंत्रालयों से अवैध तरीकों से अनुचित लाभ प्राप्त करने की कोशिश कर रहे थे। विनोद कुमार ने उक्त कंपनी के कहने पर 18.12.2025 को लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा को 3 लाख रुपये की रिश्वत दी थी। श्रीगंगानगर, बेंगलुरु, जम्मू और अन्य जगहों पर तलाशी ली जा रही है।

दिल्ली में लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा के घर पर तलाशी के दौरान 3 लाख रुपये की रिश्वत की रकम के साथ–साथ 2,23,000,00/– रुपये नकद और श्री गंगानगर में आरोपी के घर से 10,00,000/– रुपये नकद, अन्य आपत्तिजनक सामग्री के अलावा जब्त किए गए हैं। नई दिल्ली में लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा के ऑफिस परिसर में भी तलाशी जारी है। दोनों आरोपी, लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा और विनोद कुमार को आज कोर्ट में पेश किया गया। फिलहाल, वे 23.12.2025 तक पुलिस हिरासत में हैं। आगे की जांच जारी है।

### एपस्टीन सेक्स स्कैंडल में सबसे बड़ा खुलासा

## लड़कियों के साथ हॉट–टब में नहाते दिखे क्लिंटन, माइकल जैक्सन की भी तस्वीरें



**वॉशिंगटन डीसी, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी जांच के तहत शुक्रवार रात ढाई बजे (भारतीय समय के मुताबिक) तीन लाख दस्तावेज जारी कर दिए हैं। इनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, पॉप सिंगर माइकल जैक्सन, हॉलीवुड एक्टर क्रिस टकर, ब्रिटिश प्रिंस एंड्र्यू जैसे दिग्गजों की तस्वीरें सामने आई हैं।कुछ फोटोज में क्लिंटन लड़कियों के साथ पूल में नहाते और पार्टी करते नजर आ रहे हैं। पहले ये सभी तस्वीरें 4 सेट में जारी की गईं। इसके कुछ घंटे बाद 3 और सेट जारी किया गया।इसमें कुल मिलाकर 3,500 से अधिक फाइलें हैं, जिनमें 2.5 ऋइ से ज्यादा की तस्वीरें और दस्तावेज शामिल हैं। हालांकि कई तस्वीरों में यह साफ नहीं है कि ये कहां ली गई हैं।

इन खुलासों का असर कितना बड़ा होगा, यह अभी साफ नहीं है। वजह यह है कि दस्तावेजों की संख्या बहुत ज्यादा है और एपस्टीन से जुड़ी काफी तस्वीरें पहले भी सामने आ चुकी है।

जस्टिस डिपार्टमेंट ने यह भी कहा है कि कुछ दस्तावेज अभी रोके गए हैं, क्योंकि कुछ जांचें चल रही हैं या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कारण हैं।

जेफ्री एपस्टीन एक फाइनेंसर और दोषी यौन अपराधी था, उसकी जेल में मौत हो गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 18 नवंबर को कानून पर दस्तखत कर एपस्टीन से जुड़े सभी दस्तावेजों को 30 दिन के भीतर जारी करने का आदेश दिया था।

## विकसित भारत और विकसित राजस्थान की जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधों पर : भजनलाल शर्मा

**जयपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल अक्षरों का ज्ञान नहीं है, बल्कि वह प्रकाश है जो अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर राष्ट्र के भविष्य को रोशन करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरु बनने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लेकर आए हैं। यह नीति 21वीं सदी के भारत को नई दिशा देगी। शर्मा शनिवार को बांसवाड़ा के लियो इंटरनेशनल संस्थान में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।




उन्होंने कहा कि शिक्षा के महत्व को लेकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने कहा था कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पीएगा वो दहाड़ेगा। गरीब और वंचित समाज की प्रगति का एकमात्र जरिया शिक्षा ही है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जो बौद्धिक विकास के साथ ही आत्मिक और नैतिक विकास भी करे। शिक्षित के साथ संस्कारवान भी बनाएं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को ऊंचाइयों पर ले जाने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण – मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति सुनिश्चित करती है कि भाषा किसी विद्यार्थी की प्रगति में बाधा नहीं बने और प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में मिले। विद्यार्थियों में रटने की प्रवृत्ति के स्थान पर तार्किक सोच पैदा हो। वोकेशनल ट्रेनिंग के माध्यम से विद्यार्थी केवल डिग्री धारक नहीं, बल्कि दक्ष नागरिक बनें। विद्यार्थी किन्हीं परिस्थितियों में पढ़ाई छोड़ने के बाद उसे पुनः प्रारंभ कर सकें। उन्होंने कहा कि इस नीति को सफलता की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में शिक्षकगणों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शर्मा ने कहा कि शिक्षक की भूमिका केवल अक्षर या पुस्तक ज्ञान देने तक ही सीमित नहीं है, इनकी भूमिका बहुत व्यापक और महत्वपूर्ण है। इसीलिए शिक्षक को भविष्य निर्माता और राष्ट्र निर्माता कहा गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के पथ–प्रदर्शक हैं। शिक्षक दीपक के समान समाज को आलोकित करता है और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गढ़ता है। जब–जब समाज में परिवर्तन आया है, उसका नेतृत्व शिक्षक ने किया है।उन्होंने कहा कि चाणक्य ने एक साधारण बालक चंद्रगुप्त को सम्राट बनाया क्योंकि उनके पास शिक्षा और दृष्टिकोण की शक्ति थी। चाणक्य ने कहा कि प्रलय और निर्माण शिक्षक की गोद में पलते हैं। उन्होंने कहा कि ङ्खविकसित भारतफ और विकसित राजस्थानफ की नींव को मजबूत करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधों पर है।

# कड़ाके की ठंड के बीच सीएम योगी ने किया जनता दर्शन, 250 लोगों की समस्याएं सुनी



**गोरखपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि लोगों को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे एजेंटों से पीड़ितों का पूरा पैसा भी वापस करायाजाए।। उन्होंने विदेश भेजने के नाम पर फ्रॉड करने वालों को चिन्हित करने और उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश शनिवार सुबह कड़ाके की ठंड में आयोजित जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी निराकरण कराया जाएगा। जनता दर्शन में आई एक महिला ने परिवार के एक सदस्य को विदेश भेजने के नाम पर एजेंट द्वारा ठगी किए जाने का मामला मुख्यमंत्री को बताया। इस पर मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को एजेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और पीड़ित का पैसा दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला को भी समझाते हुए कहा, विदेश जाने के नाम पर एजेंटों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। गलत तरीके से जाने पर लोगों को वहां जेल में रहना पड़ जाता है।जनता दर्शन में आए पुलिस से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए।जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को प्यार-दुलारकर सीएम योगी ने उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलहुए चॉकलेट दिया।

# दूरदर्शी नीतियां ही देश की तस्वीर बदल सकती हैं : जेपी नड्डा

**लखनऊ, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के दीक्षांत समारोह में कहा कि दूरदर्शी नीतियां ही देश की तस्वीर बदलती हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है और आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना बन चुकी है। जेपी नड्डा ने कहा कि केजीएमयू ने देश की ही नहीं, दुनिया में मानवता की सेवा की है। यहां पर मेडिकल की पढ़ाई कर निकले छात्र दुनिया के अन्य देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजीएमयू का गौरवमय इतिहास रहा है। यहां काम करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि मरीज को स्वस्थ करना आसान काम नहीं होता है। मरीज आपके पास जीवन की रक्षा व सुरक्षा की आस से आता है। नड्डा ने कहा कि 20वीं शताब्दी तक देश में एक ही एम्स था।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश में 23 एम्स हैं। पहले मेडिकल के छात्र उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाते थे। अब हमारा विद्यार्थी नहीं कह सकता कि भारत में सुविधा नहीं है। अब भारत में इस्टीट्यूशन, इन्फ्रास्ट्रक्चर व फैसिलिटी है। मेडिकल के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन आ रहा है। पीएम मोदी ने आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से 62 करोड़ परिवार को लाभान्वित किया है। 70 वर्ष से ऊपर सबको पांच लाख का हेल्थ कवर दिया जा रहा है।उन्होंने केजीएमयू को देश के प्रमुख अस्पतालों में शामिल बताते हुए कहा कि इसे और आगे ले जाने की जरूरत है। नड्डा ने आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया कि यह 53 नहीं बल्कि 62 करोड़ भारतीयों को कवर दे रही है। योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को हर साल 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य कवर दिया जा रहा है।उन्होंने बताया कि देश में हर समय करीब 5 करोड़ गर्भवती माताओं और उनके गर्भस्थ शिशुओं की निगरानी की जाती है, साथ ही प्री- और पोस्ट-डिलीवरी वैक्सीनेशन सुनिश्चित किया जाता है।

# ग्रेप-4 लागू होते ही नोएडा पुलिस सख्त, बॉर्डर पर कड़ी निगरानी, 3 दिनों में करीब तीन करोड़ रुपये का चालान

**नोएडा, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप-4) लागू होते ही नोएडा पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। बीते तीन दिनों से नोएडा- दिल्ली बॉर्डर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत बीएस-4 श्रेणी की गाड़ियों को दिल्ली में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है और उन्हें वापस लौटाया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ व्यापक स्तर पर चालान की कार्रवाई की जा रही है। गौतमबुद्ध नगर के डीसीपी ट्रैफिक डॉक्टर प्रवीन रंजन सिंह ने बताया कि ग्रेप-4 के नियमों के तहत अब तक पीयूसी (पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल) प्रमाणपत्र न होने पर 784 वाहनों का चालान किया गया है। वहीं, जिन वाहनों से स्पष्ट रूप से धुआं निकलता हुआ पाया गया, ऐसे विजिबल पॉल्यूशन वाले 61 वाहनों पर भी कार्रवाई की गई है। ये अधिकतर निर्माण सामग्री और अन्य सामान ढोने वाले वाहन थे। इसके अलावा नियमों का उल्लंघन करने वाले 216 मालवाहक वाहनों का भी चालान किया गया है।



डीसीपी ट्रैफिक के अनुसार बीएस-4 श्रेणी में आने वाले 1050 वाहनों और बीएस-3 श्रेणी में आने वाली पेट्रोल से चलने वाली 880 गाड़ियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।इसके साथ ही बड़ी संख्या में ऐसे वाहन भी सामने आए, जो अनजाने में बॉर्डर तक पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं थी। ऐसे लगभग 3,500 वाहनों को मौके पर ही रोककर वापस लौटाया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए इस तीन दिवसीय विशेष अभियान के दौरान कुल 2 करोड़ 99 लाख 30 हजार रुपये का चालान अब तक काटा जा चुका है।

# गोलमोल जवाब न देकर कोडीन माफिया के साथ फोटो की हकीकत बताएं सपा अध्यक्ष : सुरेश खन्ना

**शाहजहांपुर,20 दिसंबर (एजेंसियां)।** प्रदेश के वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कोडीनयुक्त कफ सिरप मामले में शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए कार्रवाई का जिक्र किया। खन्ना ने साफ तौर पर कहा कि योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत बड़े-बड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। इस दौरान सुरेश खन्ना ने समाजवादी पार्टी को भी घेरा। उन्होंने कहा कि कोडीन माफिया के साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का फोटो आया है, इसलिए गोलमोल जवाब देने की बजाय वे कोडीन माफिया के साथ फोटो की हकीकत बताएं। पूरा देश इस फोटो के पीछे की बात जानना चाहता है। खन्ना ने कहा कि कफ सिरप से देश में हुई बच्चों की मौत पर भी सपा ने कुछ नहीं बोला। बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थ की तस्करी हुई और इससे मौतें हुईं, लेकिन इस पर कुछ नहीं बोला गया। पकड़े गए लोगों का किसी न किसी रूप में समाजवादी पार्टी के लोगों से संबंध है। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार ने पहले ही साफ कर दिया है कि इससे उत्तर प्रदेश में एक भी मौत नहीं हुई है। बावजूद इसके योगी सरकार ने इस मामले में तत्परता से कार्रवाई की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का



उद्देश्य है कि जिस प्रकार नशा मुक्त भारत हो, उसी प्रकार नशा मुक्त उत्तर प्रदेश भी हो। इसी के तहत व्यापक पैमाने पर कार्रवाई की गई है। कोडीन युक्त सिरप गंभीर खांसी के मरीजों के इलाज के लिए है। यह उन मरीजों को दिया जाता है जिन्हें डॉक्टर लिखते हैं। मेडिकल स्टोर के लिए अनिवार्य है कि उन्होंने किसे कितनी दवाई दी, इसका रजिस्टर मेंटेन करें।

खन्ना ने कहा कि इसकी स्मगलिंग बड़े पैमाने पर की गई। नशे के रूप में इस्तेमाल करने के लिए उसे नेपाल व बांग्लादेश भेजा गया। खन्ना ने बताया कि इस अपराध के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। एफएसडीए व पुलिस विभाग के सहयोग से एसआईटी बनाई गई। इसमें पुलिस महानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) एलआर कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी बनी है। एसआईटी बड़े पैमाने पर जांच कर रही है। फिलहाल 33 जनपदों में 140 फर्मों के खिलाफ बीएनएस व एनडीपीएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। जो चीज गंभीर खांसी के मरीजों के लिए थी, वो उन लोगों को न मिली। नशे के उद्देश्य से इसकी स्मगलिंग की गई।

उन्होंने कहा कि इसका संज्ञान लेकर जांच कराई गई तो पता चला कि काफी लोग इसमें संलिप्त हैं। उन सबके खिलाफ कार्रवाई की गई है। अब तक 75 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। 9.42 करोड़ रुपए का कफ सिरप सीज किया गया है। 12,65,455 कोडिन युक्त सिरप की बोतलें बरामद हुईं। खन्ना ने आश्वस्त किया कि जैसे-जैसे एसआईटी की जांच बढ़ेगी, इसमें जितने लोग भी शामिल पाए जाएंगे, उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी में महिला अपराधों में बड़ी गिरावट, दुष्कर्म के मामलों में 34 प्रतिशत की कमी

**लखनऊ, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान के सकारात्मक और ठोस नतीजे अब सामने आने लगे हैं। प्रदेश के सभी थानों में मिशन शक्ति केंद्रों की स्थापना के बाद महिला अपराधों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण की समीक्षा बैठक में सामने आई। डीजीपी मुख्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मिशन शक्ति केंद्र बनने के बाद दुष्कर्म के मामलों में करीब 34 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं महिलाओं और बच्चियों के अपहरण के मामलों में 17 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। दहेज हत्या के मामलों में भी लगभग 13 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि घरेलू हिंसा के मामलों में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। आंकड़ों के अनुसार, दहेज हत्या के मामलों में सबसे अधिक 80 प्रतिशत की कमी बलरामपुर जिले में दर्ज की गई है। वहीं दुष्कर्म के मामलों में बाराबंकी जिले में करीब 77 प्रतिशत की बड़ी गिरावट सामने आई है। महिलाओं और बच्चियों के अपहरण के मामलों में अमेठी जिले में 42 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की गई, जबकि घरेलू हिंसा के मामलों में श्रावस्ती जिले में करीब 36 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है।यह आंकड़े मिशन शक्ति केंद्र स्थापित होने से पहले और बाद के तीन-तीन महीनों की तुलना के आधार पर तैयार किए गए हैं। समीक्षा के दौरान



16 जून से 15 सितंबर 2025 (केंद्र स्थापना से पहले) और 16 सितंबर से 15 दिसंबर 2025 (केंद्र स्थापना के बाद) के महिला संबंधी अपराधों का विश्लेषण किया गया।डीजीपी राजीव कृष्ण ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक, पुलिस आयुक्त, संयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त, तथा सभी जिलों के मिशन शक्ति नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर फीडबैक लिया।

उन्होंने मिशन शक्ति केंद्रों की सफलता के लिए पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की सराहना की और आगे बेहतर कार्य के लिए कई अहम निर्देश भी दिए।

डीजीपी ने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र अब केवल शिकायत दर्ज कराने का स्थान नहीं रह गए हैं, बल्कि यह महिलाओं के लिए एक सिंगल प्वाइंट ऑफ सपोर्ट के रूप में काम कर रहे हैं। यहां महिलाओं को शिकायत की शुरुआत से लेकर न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने तक मानसिक, सामाजिक, कानूनी और संस्थागत सहयोग दिया जा रहा है।बैठक में यह भी सामने आया कि मिशन शक्ति केंद्रों की वजह से कई मामलों में विवादों का समाधान आपसी बातचीत और काउंसलिंग से ही हो जा रहा है, जिससे मामलों की संख्या कम हुई है। विभिन्न जिलों में महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए नए-नए प्रयोग भी किए जा रहे हैं, जैसे गोपनीय शिकायत पेटी, महिला वॉलंटियर की नियुक्ति, स्कूल स्तर पर शिकायत व्यवस्था और सरकारी योजनाओं से जोड़ने की पहल।डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसमें पुलिस समन्वयक और लीड एजेंसी की भूमिका निभा रही है।

उन्होंने कहा कि सही क्रियान्वयन के साथ मिशन शक्ति केंद्र प्रदेश की जमीनी पुलिसिंग में लंबे समय तक सकारात्मक बदलाव लाने वाला गेम-चेंजर साबित हो सकता है।उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण के लिए मिशन शक्ति केंद्रों को और मजबूत किया जाएगा ताकि हर जरूरतमंद महिला तक समय पर मदद पहुंच सके।

# अटल स्वास्थ्य मेले के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित हुए उप मुख्यमंत्री केशव

**लखनऊ, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य आज विकास नगर स्थित मिनी स्टेडियम, सेक्टर-11 में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अटल स्वास्थ्य मेले के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अटल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित रहा है। उनकी सोच का केंद्र सदैव सबका साथ, सबका विकास रहा, जिसमें आम जनमानस का स्वास्थ्य और कल्याण एक महत्वपूर्ण आधार है। अटल स्वास्थ्य मेला इसी विचारधारा को साकार करने का एक सशक्त माध्यम है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रत्येक नागरिक को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है।अटल स्वास्थ्य मेले के माध्यम से आम नागरिकों को एक ही स्थान पर स्वास्थ्य जांच, परामर्श, जागरूकता एवं विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। यह मेला स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ निवारण से बेहतर है उपचार की भावना को भी मजबूत करेगा। अटल जी के आदर्शों पर चलते हुए प्रदेश सरकारजनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देती रहेगी और प्रत्येक नागरिक के स्वस्थ, सशक्त एवं समृद्ध उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर राज्यमंत्री स्वास्थ्य मंयकेश्वर शरण सिंह पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी, भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, सदस्य विधान परिषद अवनीश पटेल महापौर सुषमा खर्कवाल विधायक योगेश शुक्ला, विधायक ओपी श्रीवास्तव, पूर्व सासंद अशोक बाजपेई, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेन्द्र भूषण सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों के साथ बडी संख्या क्षेत्रीय निवासी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं चिकित्सों के माध्यम से स्वास्थ्य उपचार का लाभ प्राप्त किया।



# शहरीकरण की चुनौतियों और समावेशी विकास पर विमर्श हेतु भोपाल पहुंचे खट्टर

**लखनऊ, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में भोपाल में उत्तर मध्य क्षेत्र के शहरी विकास से संबंधित विषयों पर क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य तेजी से बढ़ते शहरीकरण की चुनौतियों, भावी आवश्यकताओं और समाधानात्मक रणनीतियों पर राज्यों के साथ गहन विचार-विमर्श करना रहा।बैठक में उत्तर-मध्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राज्यों में शहरी विकास की वर्तमान स्थिति, अधोसंरचना की जरूरतों, आवास, परिवहन, स्वच्छता, ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण तथा स्मार्ट और टिकाऊ शहरों के निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बैठक में सहभागिता करते हुए प्रदेश के शहरी विकास से जुड़े अनुभव और नवाचार साझा किए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत- 2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए शहरी विकास को समावेशी, संतुलित और सतत बनाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शहरीकरण की प्रक्रिया में सभी वर्गों गरीब, मध्यम वर्ग, महिला, युवा एवं वंचित समूहों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जानी चाहिए। शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग, हरित शहरों के विकास तथा मजबूत आधारभूत ढांचे पर प्रकाश डाला। उत्तर प्रदेश में नगर विकास विभाग में हुए कार्यों के संबंध में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं उनकी टीम ने तारीफ की। ख़ास कर लेगेसी वेस्ट के दशकों पुराने कूड़े के पहाड़ों को दूर कर नगरों को स्वच्छ रखने के लिए यूपी की हुई प्रशंसा। प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन कर देश में यूपी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैठक के दौरान बेहतर शहरी शासन व्यवस्था, पारदर्शिता, तकनीक के उपयोग, नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने पर भी विचार किया गया।

# महिला सम्मान और संवैधानिक मर्यादाओं से खिलवाड़ दुर्भाग्यपूर्ण : मायावती

**लखनऊ, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि महिला सम्मान, प्रशासनिक मर्यादाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा से जुड़े मामलों को सत्ता और बयानबाजी के हवाले छोड़ देना दुर्भाग्यपूर्ण है। बसपा मुखिया मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरण के सार्वजनिक कार्यक्रम में एक मुस्लिम महिला डॉक्टर का हिजाब (चेहरे का नकाब) हटाने का मामला सुलझने की बजाय, ख़ासकर मंत्रियों आदि की बयानबाजी के कारण, विवाद का रूप लेकर यह लगातार तूल पकड़ता ही जा रहा है, जो दुःखद व दुर्भाग्यपूर्ण है।

जबकि यह मामला पहली नज़र में ही महिला सुरक्षा व सम्मान से जुड़ा होने के कारण मुख्यमंत्री के सीधे हस्तक्षेप से अब तक सुलझ जाना चाहिए था, खासकर तब जब कई जगहों पर ऐसी अन्य वारदातें भी सुनने को मिल रही हैं। उन्होंने आगे कहा, अच्छा होगा कि मुख्यमंत्री इस घटना को सही परिप्रेक्ष्य में देखते हुए इसके लिए पश्चाताप कर लें और कड़वे होते जा रहे इस विवाद को यहीं पर ख़त्म करने का प्रयास करें। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश के बहराइच जिला पुलिस द्वारा



पुलिस परेड में, स्थापित परम्परा/नियमों से हटकर, एक कथावाचक को सलामी देने का मामला भी काफी बड़े विवाद में है और इसको लेकर सरकार कठघरे में है। पुलिस परेड व सलामी की अपनी परम्परा/नियम, मर्यादा, अनुशासन व पवित्रता है, जिसको लेकर खिलवाड़ कतई नहीं किया जाना चाहिये।

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि हालांकि यह अच्छी बात है कि यूपी के पुलिस प्रमुख ने इस घटना का संज्ञान लेकर जिला पुलिस कप्तान से जवाब तलब किया है। कार्रवाई का लोगों को इंतज़ार है। वैसे राज्य सरकार भी इसको गंभीरता से लेकर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति पर रोक लगाए तो यह पुलिस प्रशासन/अनुशासन एवं कानून के राज के हक़ में उचित होगा।

मायावती ने आगे लिखा कि जहां तक कल दिनांक 19 दिसम्बर से शुरू हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के संक्षिप्त शीतकालीन सत्र का सवाल है, तो यह सत्र भी पिछले सत्रों की तरह ही, जनहित व जनकल्याण के मुद्दों से दूर रहने के कारण सत्ता व विपक्ष के बीच वाद-विवाद में घिर गया है। बेहतर होता कि सरकार किसानों के खाद की समस्या के साथ-साथ जनहित की अन्य समस्याओं तथा जनकल्याण के प्रति गंभीर होकर सदन में इन पर जवाबदेह होती।

बसपा प्रमुख ने कहा कि साथ ही, संसद का शीतकालीन सत्र भी, राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की भीषण समस्या सहित देश व जनहित की विकराल रूप धारण कर रही समस्याओं पर विचार किये बिना ही, कल समाप्त हो गया। जबकि पूरे देश की निगाहें लगी थी कि सरकार व विपक्ष दोनों देश की ज्वलंत समस्याओं पर विचार करेंगे और इससे कुछ उम्मीद की नई किरण पैदा होगी, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। देश की चिंताएं लगातार बरकरार हैं।

एक अन्य पोस्ट पर उन्होंने लिखा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में जो हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं तथा वहां भी नेपाल की तरह भारत विरोधी गतिविधियां बढ़ रही हैं, वो भी चिन्तनीय स्थिति है, जिस पर भी केन्द्र सरकार समुचित संज्ञान लेकर दीर्घकालीन नीति के तहत कार्य करे तो यह उचित होगा।



# बे ओवल टेस्ट में कावेम होज के नाबाद शतक से वेस्टइंडीज की जोरदार वापसी

**माउंट माउंगानुई,20 दिसंबर (एजेंसियां) ।**

कावेम होज की शानदार नाबाद शतकीय पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड की पहली पारी के स्कोर के जवाब में जोरदार वापसी की है। अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को बे ओवल में दिन का खेल समाप्त होने तक वेस्टइंडीज ने 6 विकेट पर 381 रन बना लिए। हालांकि मेहमान टीम अब भी न्यूजीलैंड से 194 रन पीछे है। होज ने अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा किया और 109 रन बनाकर नाबाद लौटे। उनकी इस पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने फालोआन से बचते हुए टेस्ट मैच को बचाने की उम्मीद कायम रखी है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 8 विकेट पर 575 रन बनाए थे।

वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन बिना विकेट गंवाए 110 रन से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन जैकब डफी ने जान कैंपबेल को आउट कर अच्छी शुरुआत पर ब्रेक लगा दिया। कैंपबेल अपने ओवरनाइट स्कोर में कोई इजाफा नहीं कर सके। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा, लेकिन होज ने नौ गेंदों में तीन चौके लगाकर रन गति बढ़ाई। इसके बावजूद पहले घंटे में ही डफी ने एक और सफलता हासिल करते हुए ब्रैंडन किंग को 63 रन पर पवेलियन भेज दिया।

इसके बाद होज और तेविन इमलाच ने दूसरे विकेट के लिए 50 से अधिक रनों की साझेदारी की। होज ने अपना अर्धशतक पूरा किया और लंच तक वेस्टइंडीज का स्कोर 2 विकेट पर 206 रन पहुंच गया। लंच के बाद माइकल रे ने इमलाच (27) को आउट कर 66 रन की साझेदारी तोड़ी। इसके बाद एलिक अथानेज़ ने होज का साथ निभाया और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 81 रन जोड़े। अथानेज 50 से पांच रन पहले एजाज पटेल की गेंद पर आउट हुए। यह घरेलू मैदान पर पटेल का 22 टेस्ट मैचों में पहला विकेट था। इसके बाद होज और जस्टिन ग्रीव्स ने अहम मौकों पर चौके लगाते हुए टीम को 300 रन के पार पहुंचाया। न्यूजीलैंड ने नई गेंद लेते ही दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन वेस्टइंडीज की जोड़ी ने चाय तक स्कोर 4 विकेट पर 310 रन पहुंचा दिया। चाय के बाद होज और ग्रीव्स ने बेहतरीन टाइमिंग के साथ बल्लेबाज़ी जारी रखी।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमांशु जांगड़ा ने सबसे तेज़ संतोष ट्राफी गोल कर रचा इतिहास पंजाब ने हिमाचल को 6-0 से हराया



**नई दिल्ली।** पंजाब ने 71वीं संतोष ट्राफी अभियान की शुरुआत बेहद शानदार अंदाज़ में करते हुए हिमाचल प्रदेश को 6–0 से करारी शिकस्त दी। हालांकि इस मुकाबले के असली हीरो मिनर्वा अकादमी के उत्पाद हिमांशु जांगड़ा रहे जिन्होंने भारतीय फुटबाल इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया। तेज़तर्रार फारवर्ड हिमांशु जांगड़ा ने मैच शुरु होने के महज 35 सेकंड बाद गोल दागकर संतोष ट्राफी के इतिहास का सबसे तेज़ गोल करने का रिकार्ड अपने नाम किया। इस शुरुआती गोल ने मैच की दिशा तय कर दी और पंजाब ने शुरुआत से ही मुकाबले पर पूरी तरह कब्जा जमा लिया। हिमांशु यहीं नहीं रुके। उन्होंने मैच में एक और गोल दागकर अपना व्यक्तिगत स्कोर दोहरा किया और ब्रेस पूरी की। उनकी शानदार मूवमेंट संयम और क्लिनिकल फिनिशिंग ने पूरे मुकाबले में हिमाचल प्रदेश की रक्षा पंक्ति को परेशान किए रखा। पंजाब की टीम ने इसके बाद भी आक्रमण जारी रखा और चार और गोल दागते हुए मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। टीम की हाई–प्रेसिंग तेज़ ट्रांजिशन और आपसी तालमेल ने उनकी बेहतरीन तैयारी और टूर्नामेंट में मजबूत इरादों को साफ तौर पर दर्शाया।यह बड़ी जीत न केवल संतोष ट्राफी में पंजाब को एक आदर्श शुरुआत दिलाने वाली रही बल्कि मिनर्वा अकादमी की टैलेंट पाइपलाइन के प्रभाव को भी उजागर करती है जहां हिमांशु जांगड़ा ने देश के सबसे प्रतिष्ठित घरेलू फुटबाल टूर्नामेंट में आगे बढ़कर नेतृत्व किया।

### हाकी इंडिया लीग 2026: वेदांता कलिंगा लांसर्स ने संजय और आर्थर वैन डोरेन को बनाया सह-कप्तान



**भुवनेश्वर।** आगामी हीरो हाकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2026 से पहले वेदांता कलिंगा लांसर्स ने शनिवार को भारतीय ड्रैग–फ्लिकर संजय और बेल्जियम के दिग्गज खिलाड़ी आर्थर वैन डोरेन को टीम का सह–कप्तान नियुक्त करने की घोषणा की है। हीरो एचआईएल 2026 का आयोजन 3 से 26 जनवरी 2026 तक चेन्नई रांची और भुवनेश्वर में किया जाएगा। भारतीय टीम के प्रमुख ड्रैग–फ्लिकर संजय हाल ही में अपनी कप्तानी में भारत को उपविजेता तक पहुंचा चुके हैं जबकि आर्थर वैन डोरेन ने नवंबर 2025 में आयोजित 31वें सुल्तान अजलान शाह कप में बेल्जियम को खिताब दिलाया था। दोनों खिलाड़ियों का नेतृत्व अनुभव वेदांता कलिंगा लांसर्स के लिए नए सीजन में बड़ी ताकत साबित होने की उम्मीद है। हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले संजय ने जूनियर स्तर पर तेजी से पहचान बनाई। उन्होंने 2018 यूथ ओलंपिक गेम्स और 2021 जूनियर विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया जहां वे उपकप्तान रहे और टीम के सर्वाधिक गोल स्कोरर भी बने। संजय ने 2022–23 एफआईएच हाकी प्रो लीग के दौरान सीनियर टीम में पदार्पण किया और तब से भारतीय टीम का अहम हिस्सा बने हुए हैं। वह 2023 एशियन गेम्स में भारत की स्वर्ण पदक विजेता टीम और पेरिस ओलंपिक 2024 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहे। अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित संजय अब तक भारत के लिए 78 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। दूसरी ओर आर्थर वैन डोरेन आधुनिक हाकी के सबसे सफल डिफेंडरों में गिने जाते हैं।

### तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टान वावरिंका 2026 के बाद लेंगे संन्यास



**पेरिस।** तीन बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन स्टान वावरिंका ने शुक्रवार को घोषणा की कि 2026 सीजन उनका आखिरी पेशेवर टेनिस सत्र होगा। सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए वावरिंका ने कहा कि वह अपने करियर का समापन सबसे बेहतरीन तरीके' से करना चाहते हैं। वावरिंका ने लिखा हर किताब का एक अंत होता है। अब समय आ गया है कि मैं एक पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में अपने करियर का अंतिम अध्याय लिखूं। 2026 मेरा टूर पर आखिरी साल होगा। मार्च में 41 वर्ष के होने वाले वावरिंका ने पुरुष टेनिस के स्वर्णिम दौर में अपनी अलग पहचान बनाई जब रोजर फेडरर राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच का दबदबा था। उन्होंने 2014 में आस्ट्रेलियन ओपन 2015 में फ्रेंच ओपन और 2016 में यूएस ओपन का खिताब जीता। अपने करियर में वावरिंका ने कुल 16 एटीपी खिताब अपने नाम किए हालांकि उनका आखिरी खिताब 2017 में जिनेवा में आया था। 2014 में वह विश्व रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान तक पहुंचे। हाल के वर्षों में चोटों से जूझने के कारण उनकी रैंकिंग गिरकर 157 हो गई है। वावरिंका के नाम टूर–स्तरीय 582 जीत दर्ज हैं जो सक्रिय खिलाड़ियों में चौथी सबसे अधिक हैं। इस सूची में उनसे आगे केवल गेल मोनफिल्स हैं जिन्होंने भी अगले साल के अंत में संन्यास लेने की योजना जताई है।




# टी-20 वर्ल्डकप के लिए भारतीय टीम का ऐलान

## सूर्या कप्तान, ईशान की वापसी, शुभमन बाहर

**मुंबई, 20 दिसंबर (एजेंसियां)।**

आगामी टी20 विश्व कप 2026 के लिए मंच तैयार है; यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 7 फरवरी को शुरू होने के लिए पूरी तरह तैयार है, और प्रतियोगिता से पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मुख्य भूमिका निभाते हुए विश्व कप के लिए टीम इंडिया की टीम की घोषणा की। सूर्यकुमार यादव टूर्नामेंट में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। दिग्गज ऑलराउंडर अक्षर पटेल को उप–कप्तान बनाया गया है, साथ ही अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या भी टीम में शामिल हैं।

शुभमन गिल अब तक उप–कप्तान थे। जब गिल टी20 मैच ज्यादा नहीं खेल रहे थे, तब अक्षर उप–कप्तान थे। इसलिए, उनका दोबारा यह भूमिका निभाना स्वाभाविक ही है। इसके साथ ही शुभमन गिल को टीम में शामिल भी नहीं किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि टी20 विश्व कप के मौजूदा चैंपियन के तौर पर भारत अपने खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनने का लक्ष्य रखेगा। यह ध्यान देने योग्य है कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा जैसे दिग्गज खिलाड़ी टीम में नहीं होंगे, क्योंकि इन तीनों ने 2024 में टीम को खिताब दिलाने के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। तीन अनुभवी स्टार खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में आगामी विश्व कप में भारत का प्रदर्शन देखना दिलचस्प होगा।

टी20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम के कार्यक्रम की बात करें तो, ब्लू टीम अपने अभियान की शुरुआत अमेरिका के खिलाफ करेगी। दोनों टीमें 7 फरवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आमने–सामने होंगी। इसके बाद वे 12 फरवरी को दिल्ली में नामीबिया से भिड़ेंगी।

टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम: सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल (उप–कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह।

# विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 के लिए बंगाल की टीम घोषित ईश्वरन कप्तान



**कोलकाता,20 दिसंबर (एजेंसियां) ।**

विजय हजारे ट्राफी 2025–26 एकदिवसीय टूर्नामेंट के लिए बंगाल की टीम का ऐलान कर दिया गया है। सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को टीम की कमान सौंपी गई है जबकि अनुभवी भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी तेज आक्रमण की अगुवाई करेंगे।

भारतीय टीम से कुछ समय से बाहर चल रहे मोहम्मद शमी को घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। शमी ने हालिया घरेलू सत्र में सभी प्रारूपों में कुल 36 विकेट चटकाए हैं और लंबी चोट से वापसी के बाद बंगाल के लिए लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया है।

हाल के महीनों में शमी की फिटनेस को लेकर सवाल उठते रहे हैं और उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी। हालांकि राष्ट्रीय टीम में चयन न होने के बावजूद शमी घरेलू क्रिकेट में बंगाल के लिए सबसे भरोसेमंद गेंदबाज बनकर उभरे हैं। रेड–बाल सीजन की शुरुआत में शमी ने चार रणजी ट्राफी मैचों में 18.60 की औसत से 20 विकेट लिए जिसमें 38 रन पर पांच विकेट का प्रदर्शन भी शामिल रहा। उनके दम पर बंगाल ने अब तक खेले गए पांच मुकाबलों में तीन मैच सीधे जीतते हुए ग्रुप–सी में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद शमी ने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में भी अपनी लय बरकरार रखी और सात मैचों में 14.93 की औसत से 16 विकेट लेकर बंगाल के सबसे सफल गेंदबाज रहे। विजय हजारे ट्राफी में शमी के साथ तेज गेंदबाजी विभाग में आकाश दीप और मुकेश कुमार भी शामिल हैं जिससे बंगाल का पेस अटैक काफी मजबूत नजर आ रहा है। बंगाल को एलीट ग्रुप–बी में रखा गया है और टीम अपने अभियान की शुरुआत 24 दिसंबर को राजकोट में विदर्भ के खिलाफ करेगी। इस ग्रुप में असम बड़ौदा जम्मू–कश्मीर हैदराबाद चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश की टीमें भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट ग्रुप मुकाबलों के लिए अहमदाबाद (ग्रुप–ए) राजकोट (ग्रुप–बी) जयपुर (ग्रुप–सी) और अलूर (ग्रुप–डी) में आयोजित किया जाएगा जबकि नाकआउट मुकाबले 12 से 18 जनवरी तक बेंगलुरु के सेंटर आफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे।

## बीडब्ल्यूएफ टूर फाइनल्स : सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में



**हांगझोउ।** भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सीजन के आखिरी टूर्नामेंट बीडब्ल्यूएफ टूर फाइनल्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नाकआउट चरण में प्रवेश कर लिया है। शुक्रवार को ग्रुप–बी के अपने अंतिम मुकाबले में उन्होंने मलेशिया की शीर्ष जोड़ी एरन चिया और सोह वूई यिक को रोमांचक मुकाबले में 17–21 21–18 21–15 से शिकस्त दी। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी की और 70 मिनट तक चले हाई–वोल्टेज मुकाबले में पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशियाई जोड़ी पर दबाव बनाए रखा। इस जीत के साथ सात्विक–चिराग सीजन के अंत वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बन गई है। ग्रुप–बी में एकमात्र अपराजेय जोड़ी रही सात्विक और चिराग को सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए सिर्फ एक गेम की जरूरत थी लेकिन उन्होंने उससे कहीं आगे बढ़ते हुए पूरे मैच पर नियंत्रण किया। पहले गेम के बाद रणनीति में बदलाव करते हुए भारतीय जोड़ी ने बेहतर पोजिशनिंग अपनाई और रिटर्न में विविधता लाकर मलेशियाई खिलाड़ियों की लय तोड़ दी।

# एशेज एडिलेड टेस्ट: 435 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने 207 रन पर 6 विकेट खोए

**ऑस्ट्रेलिया को अंतिम दिन जीत के लिए चार विकेट की जरूरत**



**एडिलेड,20 दिसंबर (एजेंसियां) ।**

आस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज में 3–0 की अजेय बढ़त की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं। तीसरे एशेज टेस्ट के चौथे दिन पैट कमिंस और नाथन लियोन की शानदार गेंदबाज़ी के दम पर आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 435 रनों के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए शनिवार को एडिलेड ओवल में स्टंप्स तक 207/6 पर रोक दिया। अब अंतिम दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 228 रन चाहिए जबकि आस्ट्रेलिया को सीरीज अपने नाम करने के लिए सिर्फ चार विकेट की जरूरत है।

### आस्ट्रेलिया की दूसरी पारी

चौथे दिन आस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 271/4 से आगे खेलते हुए 78 रन जोड़े और पूरी टीम 349 रन पर सिमट गई। इसके साथ ही इंग्लैंड को जीत के लिए 435 रनों का पहाड़ जैसा लक्ष्य मिला। सुबह के सत्र में ट्रेविस हेड और एलेक्स कैरी ने तेजी से रन बटोरते हुए आस्ट्रेलिया की बढ़त को 400 के पार पहुंचाया। हेड ने शानदार 170 रन की पारी खेली लेकिन जोश टंग की गेंद पर आउट हो गए। कैरी को बेन स्टोक्स की गेंद पर लेग स्लिप में कैच कराया गया। इंग्लैंड की ओर से जोश टंग सबसे सफल गेंदबाज़ रहे जिन्होंने चार विकेट चटकाए।

### इंग्लैंड की संघर्षपूर्ण शुरुआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड को शुरुआत में ही झटका लगा जब पैट कमिंस ने दूसरे ओवर में बेन डकेट को पवेलियन भेज दिया। मार्नस लाबुशेन ने शानदार कैच लपका। लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 5/1 था। 435 रनों का पीछा करना वैसे भी बेहद कठिन था और आस्ट्रेलियाई गेंदबाज़ों की सटीक गेंदबाज़ी ने इसे और भी मुश्किल बना दिया। पैट कमिंस ने ओली पोप का विकेट लेकर इंग्लैंड पर दबाव और बढ़ा दिया। इसके बाद ज़ैक क्राली और जो रूट ने तीसरे विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी कर कुछ उम्मीद जगाई लेकिन कमिंस ने एक बार फिर रूट को आउट किया। यह टेस्ट क्रिकेट में 13वीं बार था जब कमिंस ने रूट को अपना शिकार बनाया। चाय तक इंग्लैंड ने 106/2 का स्कोर बना लिया था। इसके बाद क्राली और हैरी ब्रूक ने 68 रनों की साझेदारी कर टीम को संभालने की कोशिश की लेकिन नाथन लियोन ने मैच का रुख पलट दिया। लियोन ने पहले ब्रूक को आउट किया और फिर कप्तान बेन स्टोक्स को भी पवेलियन भेज दिया। इसके बाद अपने अगले ओवर में उन्होंने जैक क्राली को फंसाकर तीसरा विकेट लिया।

# टीम से गिल के बाहर होने पर अजीत अगरकर बोले- यह फॉर्म नहीं बल्कि कॉम्बिनेशन का मामला है

**मुंबई,20 दिसंबर (एजेंसियां) ।**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) मेंस टी20 कप 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान शनिवार को कर दिया गया जिसमें सबसे बड़ा झटका शुभमन गिल के बाहर होने के रूप में लगा। चयनकर्ताओं ने अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया है जबकि ईशान किशन ने शानदार वापसी करते हुए टीम में जगह पाई है।

टीम में एक और बड़ा बदलाव देखने को मिला जहां जितेश शर्मा को बाहर कर रिंकू सिंह को शामिल किया गया। गिल के बाहर होने के बाद संजू सैमसन के भारत के लिए पारी की शुरुआत करने की संभावना है और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में खेले गए पांचवें टी20 मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद वह विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी भी संभाल सकते हैं।

बीसीसीआई मुख्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में बोर्ड सचिव देवजीत सैकिया भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य



चयनकर्ता अजीत अगरकर ने टीम चयन को लेकर मीडिया से बातचीत की।


गिल को बाहर करने के फैसले पर मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा हम निरंतरता को देख रहे हैं और चाहते हैं कि टाप आर्डर में एक विकेटकीपर बल्लेबाज हो। शुभमन गिल एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं भले ही हाल के समय में उनके रन न आए हों। यह फैसला फार्म से ज्यादा टीम काम्बिनेशन को ध्यान में रखकर लिया गया है। हर खिलाड़ी हर फार्मेट में नहीं खेल सकता इसलिए कुछ लोगों को बाहर बैठना पड़ता है। पिछले कुछ सालों में गिल दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज रहे हैं। उन्हें पता है कि क्या करना है और हमें उम्मीद है कि कप तक वह फिर से उसी स्तर पर लौटेंगे।

उन्होंने कहा कोई यह नहीं पूछ रहा कि यशस्वी जायसवाल टीम में क्यों नहीं हैं जबकि वह पिछले टी20 कप में थे। हमने आगामी टूर्नामेंट के लिए जो सबसे बेहतर संयोजन बन सकता था वही चुना है।

ईशान किशन की वापसी पर अगरकर ने कहा ईशान सफेद गेंद क्रिकेट में पारी की शुरुआत करते हैं और हालिया फार्म भी अच्छा रहा है। टाप आर्डर में विकेटकीपर होने से हमें ज्यादा विकल्प मिलते हैं। टीम में कई आलराउंडर्स को शामिल करने पर अगरकर ने कहा इतने आलराउंडर्स होने से टीम को लचीलापन मिलता है। अक्षर और वाशिंगटन जैसे खिलाड़ी हैं साथ ही हमारे पास बेहतरीन कलाई के स्पिनर भी हैं। किस मैच में कौन सा काम्बिनेशन उतरेगा यह विपक्ष के हिसाब से तय होगा।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने चयन से संतोष जताते हुए कहा टीम काफी संतुलित दिख रही है। सभी जरूरी जगहों को अच्छे से भरा गया है और हमारे पास कई तरह के काम्बिनेशन मौजूद हैं। गिल के बाहर होने पर उन्होंने कहा यह फार्म का मामला नहीं है बल्कि काम्बिनेशन का है। हम टाप पर विकेटकीपर और निचले क्रम में रिंकू या वाशिंगटन जैसे बल्लेबाज चाहते थे। तिलक वर्मा की भूमिका पर सूर्यकुमार ने कहा मैं और गौतम भाई अब महसूस करते हैं कि लेफ्ट–राइट काम्बिनेशन को जरूरत से ज्यादा तवज्जो दी जाती है।

# भारत में ओपनएआई, गूगल और परप्लेक्सिटी ने एआई टूल्स मुफ्त किए




नई दिल्ली,20 दिसंबर (एजेंसियां)।

**ओपनएआई, गूगल और परप्लेक्सिटी ने भारत में अपने प्रीमियम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स को मुफ्त में उपलब्ध कराना शुरू किया है। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय यूजर्स की संख्या तेजी से बढ़ाना है।**

**भारत दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में से एक है, यहां लगभग 73 करोड़ स्मार्टफोन यूजर्स**

भारत दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में से एक है, जहां लगभग 73 करोड़ स्मार्टफोन यूजर्स हैं और मोबाइल डेटा दुनिया में सबसे सस्ता है। यूजर्स हर महीने लगभग 21 गीगाबाइट डेटा इस्तेमाल करते हैं और प्रति गीगाबाइट केवल 9.2 सेंट का भुगतान करते हैं, जिससे एआई टूल्स का इस्तेमाल और किफायती हो जाता है। ओपनएआई ने अपना चेटजीपीटी गो प्लान भारत में एक साल के लिए मुफ्त कर दिया है। पहले यह प्लान 54 डॉलर सालाना था। सेंसर टॉवर के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में चेटजीपीटी के दैनिक एक्टिव यूजर्स 73 मिलियन तक पहुँच गए हैं, जो पिछले साल की तुलना में 607 प्रतिशत की वृद्धि है। यह संख्या अमेरिका के दैनिक यूजर्स से दोगुनी है, जिससे भारत अब चेटजीपीटी के लिए सबसे बड़ा रोजाना यूजर बाजार बन गया है। परप्लेक्सिटी ने भी अपने प्रो प्लान को, जो दुनियाभर में 200 डॉलर सालाना है, एयरटेल ग्राहकों के लिए मुफ्त कर दिया। इसके बाद भारत के डेली एक्टिव यूजर्स की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत तक पहुँच गई, जबकि यह पिछले साल केवल 7 प्रतिशत थी। यूजर इंगेजमेंट डेटा से पता चलता है कि भारत में चेटजीपीटी सबसे लोकप्रिय है। नवंबर में लगभग 46 प्रतिशत मासिक यूजर्स ने रोज ऐप खोला, जबकि परप्लेक्सिटी के लिए यह संख्या 20 प्रतिशत और जेमिनी के लिए 14 प्रतिशत थी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मनी लॉन्ड्रिंग: अनिल अंबानी के बेटे से लगातार दूसरे दिन ईडी ने की पूछताछ




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक लोन धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से शनिवार को लगातार दूसरे दिन पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अनिल अंबानी के 34 वर्षीय बेटे अनमोल के बयान धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत शुक्रवार को पहली बार दर्ज किए गए थे, आज भी पूछताछ जारी रही। हालांकि, रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह ने इस घटनाक्रम पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सूत्रों ने बताया कि ईडी की यह जांच येस बैंक से जुड़ी है। बैंक का 31 मार्च 2017 तक रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह में करीब 6,000 करोड़ रुपये का निवेश था, जो एक साल के अंदर बढ़कर लगभग 13,000 करोड़ रुपये हो गया। इन कंपनियों में रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड शामिल थीं। उल्लेखनीय है कि ईडी रिलायंस समूह की कंपनियों से जुड़े कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी से भी पूछताछ कर चुकी है। ईडी का ये आरोप है कि इन निवेशों का एक ''बड़ा'' हिस्सा गैर-निष्पादित निवेश में बदल गया, जिसके चलते बैंक को बाद में करीब 3,300 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

### ओडिशा का हैदराबाद निवेशक सम्मेलन में 67,000 करोड़ का निवेश प्रस्ताव



**भुवनेश्वर।** हैदराबाद में आयोजित दो दिवसीय निवेशक सम्मेलन में ओडिशा सरकार को लगभग 67,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सम्मेलन में भाग लिया और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को संबोधित किया। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करना और ओडिशा को दीर्घकालिक निवेश का केंद्र बनाना था। सम्मेलन में दवा उद्योग, चिकित्सा उपकरण, नवीकरणीय ऊर्जा, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, डाटा सेंटर और उन्नत विनिर्माण में उद्योग की रुचि देखी गई। इस दौरान 13 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिनसे 27,650 करोड़ रुपये के निवेश और लगभग 15,905 रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। इसके अलावा 39,131 करोड़ रुपये के अन्य निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए हैं, जिनसे 40,000 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है। माझी ने कहा कि ओडिशा स्थिर नीतियों, प्रतिस्पर्धी लागत और सहयोगपूर्ण प्रशासन के जरिए भविष्य के लिए तैयार निवेश गंतव्य बन रहा है। सम्मेलन में 500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और निवेश के अवसरों पर विस्तृत चर्चा हुई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### मच्छी: मार्केट ...

और दूसरी मंजिल पर कैंटीन के साथ सूखी मछली का अनुभाग बनाया गया है।उधर, ऋक्कवउ अधिकारियों ने भी दावा किया था कि नया मछली बाज़ार अस्वच्छ वातावरण और विक्रेताओं की अव्यवस्थित व्यवस्था को समाप्त कर देगा। स्टालों की व्यवस्थित व्यवस्था और बिक्री के तरीकों के साथ एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। यह जलीय किसानों (अर्गिं ऋीशीं) के लिए आजीविका का एक साधन होगा और उन्हें अपना उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।अधिकारियों के अनुसार, स्वच्छता इस बाज़ार का सबसे आकर्षक पहलू होगा। साथ ही, ट्रैफिक की समस्या, जो ग्राहकों के लिए एक बड़ी बाधा थी, उसे भी दूर कर दिया गया है। पानी की अपर्याप्त आपूर्ति, सीवरेज सिस्टम, बिजली की खराबी और सबसे महत्वपूर्ण बातसैकड़ों ग्राहकों के लिए पार्किंग की कमी, जो विशेष रूप से सप्ताहांत पर यहाँ उमड़ते थे। इन सभी समस्याओं को हल कर लिया गया है। अब सेलार में पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध होंगी। उद्घाटन के बाद मंत्री ने कहा था कि जिन विक्रेताओं को स्टॉल आवंटित किए जाएंगे, उनके नामों की सूची बाज़ार के बाहर लगाई जाएगी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा था, ङ्गङ्गसभी स्टॉल बाज़ार के अंदर ही होने चाहिए। यदि कोई व्यक्ति स्टॉल मिलने के बाद भी बाज़ार के बाहर अपना व्यवसाय लगाता है, तो उसका स्टॉल आवंटन रद्द कर दिया जाएगा।फ्फ इस उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के वरिष्ठ बीआरएस नेता नंदकिशोर व्यास बिलाल, बेगम बाजार के कार्पोरेटर जी.शंकर यादव, मंगलहाट की पूर्व कार्पोरेटर परमेश्वरी सिंह आदि भी उपस्थित थे।

# बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव भरा रुख दिखाया

**सप्ताह की कुल गिरावट लगभग 0.3 फीसदी रही पर शुक्रवार की तेजी ने निवेशकों में भरोसा बहाल किया**




नई दिल्ली,20 दिसंबर (एजेंसियां)।


बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव भरे रुख को दिखाया। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी 50 दोनों सूचकांकों में कुल मिलाकर लगभग 0.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन सप्ताह के अंत में आई मजबूती ने निवेशकों के भरोसे को थोड़ा बहाल किया। सप्ताह की शुरुआत में वैश्विक बाजारों की कमजोरी, अमेरिकी और एशियाई संकेतों में नकारात्मक रुख, और घरेलू स्तर पर रुपये की गिरावट ने बाजार पर दबाव डाला। इसके परिणामस्वरूप सोमवार और मंगलवार को सेंसेक्स और निफ्टी दोनों लाल निशान में बंद हुए।सोमवार को सेंसेक्स 54.30 अंक गिरकर 85,213.36 पर और निफ्टी 19.65 अंक गिरकर 26,027.30 पर बंद हुआ। मंगलवार को गिरावट और तेज रही, सेंसेक्स 533.50 अंक गिरकर 84,679.86 और निफ्टी 167.20 अंक गिरकर 25,860.10 पर बंद हुआ। निवेशकों में सतर्कता बढ़ गई और बाजार में बेचवाली का दबाव नजर आया।सप्ताह के मध्य बुधवार और गुरुवार को बाजार ने कुछ हद तक स्थिरता दिखाई। शुरुआती कारोबार में हल्की मजबूती देखने को मिली, लेकिन सेंसेक्स और निफ्टी दोनों दिनों लाल निशान में बंद हुए। बुधवार को सेंसेक्स 120.21 अंक गिरकर 84,559.65 और निफ्टी 41.55 अंक गिरकर 25,818.55 पर बंद हुआ। गुरुवार को मामूली गिरावट रही, सेंसेक्स 77.84 अंक गिरकर 84,481.81 और निफ्टी 3.00 अंक गिरकर 25,815.55 पर बंद हुआ। शुक्रवार को बाजार ने चार दिनों की गिरावट के बाद मजबूती दिखाई। अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़े उम्मीद से कम आने के कारण फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना बढ़ गई। इसका सकारात्मक असर भारतीय बाजार पर पड़ा।

### भारत, नीदरलैंड ने संयुक्त व्यापार एवं निवेश समिति का गठन किया



**नई दिल्ली।** भारत और नीदरलैंड ने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए एक संयुक्त व्यापार और निवेश समिति का गठन किया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। दोनों देशों ने इसके लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समिति का मुख्य उद्देश्य भारत और नीदरलैंड के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को और सुदृढ़ करना है। यह द्विपक्षीय व्यापार की समीक्षा करेगी, निवेश को बढ़ावा देगी, निवेश और व्यापार से जुड़े मुद्दों को सुलझाएगी और आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं की पहचान करेगी। समझौते के तहत समिति की बैठक हर साल आयोजित होगी और इसे बारी-बारी से भारत और नीदरलैंड में आयोजित किया जाएगा। इससे दोनों देशों के बीच संस्थागत स्तर पर लगातार संपर्क बना रहेगा और दीर्घकालिक आर्थिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

# केबीसी के मंच से बिग बी ने साझा की एसबीआई की ऐतिहासिक यात्रा




नई दिल्ली,20 दिसंबर (एजेंसियां)।

**एनआरआई पहल से लेकर 1991 के संकट तक अहम योगदान**

टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति (केबलसी) के एक हालिया एपिसोड में मेजबान अमिताभ बच्चन ने देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की ऐतिहासिक यात्रा पर रोशनी डाली। उन्होंने एसबीआई के चौथे दशक की उन महत्वपूर्ण पहलों का जिक्र किया, जिनका असर न सिर्फ नॉन-रेजिडेंट इंडियंस (एनआरआई) पर पड़ा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली।

मिताभ बच्चन ने बताया कि वर्ष 1983 में एनआरआई शब्द को पहली बार भारत के कानूनी तंत्र में मान्यता मिली। इसे एक अहम घटक मानते हुए एसबीआई ने 1987 में एक विशेष एनआरई सेल की स्थापना की। इसके अगले ही साल, 1988 में मुंबई में भारत की पहली पूरी तरह कंप्यूटराइज्ड एनआरआई शाखा शुरू की गई। उस समय यह कदम तकनीक और बैंकिंग दोनों के लिहाज से काफी आगे की सोच को दर्शाता था। बिग बी ने 1991 के फॉरेन एक्सचेंज संकट का जिक्र करते हुए बताया कि उस कठिन दौर में एसबीआई ने इंडिया डेवलपमेंट बॉन्ड के जरिए 1.6 अरब डॉलर जुटाए। इस पहल ने देश की डगमगाती अर्थव्यवस्था को सहारा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख को मजबूत किया।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि हाल ही में एसबीआई ने अपना नया और अपग्रेडेड योनो 2.0 ऐप लॉन्च किया है। वर्तमान में योना प्लेटफॉर्म पर करीब 9.4 करोड़ यूजर्स हैं और बैंक का लक्ष्य अगले दो वर्षों में इसे बढ़ाकर 20 करोड़ तक पहुंचाना है। योना 2.0 में यूपीआई और पेमेंट सिस्टम को पूरी तरह से नया रूप दिया गया है। इसके साथ ही इंटरनेट बैंकिंग को दोबारा कोड कर योनस नेट बैंकिंग के नाम से पेश किया गया है। यह ऐप हर तरह के मोबाइल और नेटवर्क कंडीशन में बेहतर प्रदर्शन और मजबूत सुरक्षा के साथ काम करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# सनाया होम्स का बड़ा कदम : पाटनचेरु में ट्विन टावर प्रोजेक्ट का रोडमैप पेश



**हैदराबाद,20 दिसंबर (एजेंसियां)।** रियल एस्टेट क्षेत्र के उभरते नाम सनाया होम्स ने हैदराबाद के बंजारा हिल्स में अपने प्रतिष्ठित पाटनचेरु ट्विन टावर प्रोजेक्ट के लिए एक परियोजना चर्चा और प्रस्तुति समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बंजारा हिल्स के रोड नंबर 11 स्थित कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख हितधारकों और विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की।सभा को संबोधित करते हुए सनाया होम्स के प्रबंध निदेशक इलियास खान ने पाटनचेरु ट्विन टावर प्रोजेक्ट के विज़न, डिज़ाइन और विकास के रोडमैप के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने आधुनिक वास्तुशिल्प मानकों और टिकाऊ प्रथाओं का पालन करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले आवासीय और वाणिज्यिक विकास प्रदान करने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।श्री खान ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह प्रोजेक्ट पाटनचेरु क्षेत्र के तेजी से हो रहे विकास और बदलते स्काईलाइन में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट को इस तरह से तैयार किया गया है जो भविष्य की जरूरतों को पूरा करे और ग्राहकों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करे।

# भारत के बैंकों में ताबड़तोड़ हिस्सेदारी खरीद रहीं विदेशी कंपनियां

**बैंकों और एनबीएफसी में हिस्सेदारी खरीदकर भारत की ग्रोथ स्टोरी में शामिल हो रही वैश्विक कंपनियां**




नई दिल्ली,20 दिसंबर (एजेंसियां)।

2025 में भारतीय फाइनेंशियल सेक्टर विदेशी निवेशकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण बनकर उभरा है। जापान, यूएई और अमेरिका की बड़ी वित्तीय संस्थाओं ने भारतीय बैंकों और एनबीएफसी में भारी निवेश किया है। पहली नजर में ये सौदे सामान्य साझेदारी जैसे दिखते हैं, लेकिन गहराई से देखने पर यह भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और तेज क्रेडिट ग्रोथ पर विदेशी भरोसे को दर्शाते हैं। इस साल का सबसे बड़ा सौदा दिसंबर में सामने आया, जब जापान की मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप (एमयूएफजी) ने श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड में 20 फीसदी हिस्सेदारी करीब 39,618 करोड़ रुपये में खरीदने का फैसला किया।


इससे पहले मई में जापान की ही सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन (एसएमबीसी) ने यस बैंक में 20 फीसदी हिस्सेदारी 13,483 करोड़ रुपये में खरीदी थी। इन सौदों से साफ है कि जापानी बैंक भारत को दीर्घकालिक ग्रोथ मार्केट मान रहे हैं। यूएई के एमिरेट्स एनबीडी बैंक ने आरबीएल बैंक में 60 फीसदी बहुमत हिस्सेदारी 26,853 करोड़ रुपये में खरीदने का फैसला किया।

वहीं अबू धाबी स्थित एवेनीर इन्वेस्टमेंट ने सम्मान कैपिटल में 43.46 फीसदी हिस्सेदारी लगभग 9,000 करोड़ रुपये में लेने की सहमति दी है। इसके अलावा एडीआईए और वारबर्ग पिंकस ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में मिलकर 7,500 करोड़ रुपये का निवेश किया। अमेरिकी निवेश कंपनी ब्लैकस्टोन ने फेडरल बैंक में 6,196 करोड़ रुपये का निवेश किया। वहीं ज्यूरिख इंश्योरेंस ने कोटक महिंद्रा इंश्योरेंस में 70 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी।

# 750 से अधिक क्रेडिट स्कोर काफी नहीं ! लोन मंजूरी में क्यों अहम है आपकी क्रेडिट रिपोर्ट

मुंबई,20 दिसंबर (एजेंसियां)।

**अगर आप नया लोन या क्रेडिट कार्ड लेने की योजना बना रहे हैं और आपका क्रेडिट स्कोर 750 से ऊपर है, तो यह निश्चित रूप से एक अच्छी शुरुआत है। लेकिन केवल अच्छा क्रेडिट स्कोर होना ही लोन की मंजूरी की गारंटी नहीं देता। बैंक और वित्तीय संस्थान अंतिम फैसला लेने से पहले आपकी पूरी क्रेडिट रिपोर्ट को गहराई से जांचते हैं।**




**केवल अच्छा क्रेडिट स्कोर होना ही लोन की मंजूरी की गारंटी नहीं देता**

भारत में सीआईबीआईएल, एक्सपेरियन, इक्विफेक्स और सीआरआईएफ हाई मार्क जैसे प्रमुख क्रेडिट ब्यूरो उधारकर्ताओं से जुड़े वित्तीय डेटा को एकत्र करते हैं। इसी जानकारी के आधार पर क्रेडिट रिपोर्ट और क्रेडिट स्कोर तैयार किया जाता है, जिससे बैंक आपकी क्रेडिटवर्थीनेस का आकलन करते हैं। क्रेडिट रिपोर्ट आपकी पूरी उधारी का विस्तृत रिकॉर्ड होती है। इसमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी, अब तक लिए गए लोन और क्रेडिट कार्ड, उनकी लिमिट, बकाया राशि और भुगतान का इतिहास दर्ज होता है। साथ ही, इसमें यह भी दिखता है कि आपने ईएमआई या क्रेडिट कार्ड बिल समय पर चुकाए या नहीं, और किसी तरह की चूक या डिफॉल्ट तो नहीं हुआ।

क्रेडिट स्कोर 300 से 900 के बीच की तीन अंकों की संख्या होती है, जो आपकी क्रेडिट रिपोर्ट का संक्षिप्त सार बताती है। आमतौर पर 750 या उससे ऊपर का स्कोर अच्छा माना जाता है, जिससे लोन और क्रेडिट कार्ड मिलने की संभावना बढ़ जाती है और कई बार कम ब्याज दर भी मिलती है। कई बार अच्छा स्कोर होने के बावजूद लोन आवेदन खारिज हो सकता है। अगर आपकी क्रेडिट रिपोर्ट में हालिया डिफॉल्ट, बार-बार देरी, बहुत ज्यादा हार्ड इन्क्वायरी या कोई पुराना सेटल्ड अकाउंट दिखता है, तो बैंक लोन राशि घटा सकते हैं या ब्याज दर बढ़ा सकते हैं। लोन की आसान मंजूरी के लिए जरूरी है कि ईएमआई और क्रेडिट कार्ड बिल समय पर चुकाएं, क्रेडिट लिमिट का सीमित उपयोग करें और साल में कम से कम एक बार अपनी क्रेडिट रिपोर्ट जरूर जांचें।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
# म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 21 जनवरी, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# कुलदेवी बधर माताजी का जागरण 3 जनवरी को

**हैदराबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
बधर माता माहेश्वरी सेवा समिति की एक विशेष बैठक सेवा समिति के उपाध्यक्ष श्री रमेश मर्दा के अमीरपेट स्थित निवास स्थान पर संपन्न हुई। यह बैठक सेवा समिति के अध्यक्ष श्री राजेश सोमानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें आगामी जागरण की तैयारियों की समीक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में समिति के सचिव श्री गोविंद सोमानी ने जानकारी दी कि समिति की ओर से आयोजित कुलदेवी बधर माता का यह 16वां जागरण होगा। लगभग 15 वर्ष पूर्व गठित इस सेवा समिति द्वारा प्रति वर्ष कुलदेवी बधर माता का भव्य एवं विशाल जागरण आयोजित किया जाता है, जिसमें न केवल नगर द्वय बल्कि तेलंगाना और महाराष्ट्र से भी बड़ी संख्या में भक्तगण सहभागी होते हैं।



उन्होंने बताया कि इस वर्ष का जागरण माहेश्वरी भवन, बेगम बाज़ार में 3 जनवरी, शनिवार को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर द्वय के प्रसिद्ध भजन गायक विजय जाजू (श्री भवानी कीर्तन मंडल) द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर में कुलदेवी बधर माता का दुर्गासप्तशती पाठ के साथ हवन आयोजित किया जाएगा तथा सायंकाल विधिवत पूजन संपन्न होगा।

समिति ने जानकारी दी कि जो भी भक्त हवन अथवा पूजन में भाग लेना चाहते हैं, वे समिति के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। हवन अथवा पूजन के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा तथा सभी व्यवस्थाएं समिति की ओर से पूर्णतः निशुल्क की जाएंगी।

बैठक के दौरान श्री विष्णु मर्दा एवं श्री कमल मर्दा ने भक्तों से अभी से फोन के माध्यम से संपर्क स्थापित करने का सुझाव दिया। वहीं श्री राजगोपाल मर्दा ने कहा कि इस वर्ष माताजी का सोलहवां जागरण है, इसलिए माताजी के सोलह श्रृंगार किए जाने का सुझाव रखा।

श्री शाम सोमानी एवं श्री सुरेश सोमानी ने इस वर्ष कुलदेवी भक्तों की एक विशेष डायरी प्रकाशित करने हेतु समिति को प्रयासशील रहने का सुझाव दिया। बैठक के अंत में उपाध्यक्ष श्री रमेश मर्दा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए समिति के सदस्यों से आग्रह किया कि जागरण के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा भक्तों से निरंतर संपर्क स्थापित किया जाए।

इस बैठक में श्री राजेश सोमानी, श्री गोविंद सोमानी, श्री रमेश मर्दा, श्री शाम सुंदर सोमानी, श्री कमल मर्दा, श्री सुरेश सोमानी, श्री राजगोपाल मर्दा एवं श्री विष्णु गोपाल मर्दा उपस्थित रहे।






**महेश बैंक के वाइस चेयरमैन बनने पर गोविंद राठी एवं महेश बैंक के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार बंग का सम्मान करते हुए हशमतगंज निवासी श्रीनिवास लोया, विजय मोदानी, सुमित राठी , शंकर यादव, मनोहर सूर्यवंशी, श्रीनिवास लोया, अमित राठी, घनश्याम तोषनीवाल व अन्य।**

# एनएमडीसी ने पीआरएसआई राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 में 7 प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते

**हैदराबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक और एक जिम्मेदार खनन कंपनी, एनएमडीसी ने पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा आयोजित 47वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन 2025 में सात प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए। तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन का विषय सशक्त विकास, जड़ों का संरक्षण रहा, जिसमें जनसंपर्क और रणनीतिक संचार में उत्कृष्टता का उत्सव मनाया गया। कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण पहल, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (उडठ), अनुसंधान एवं विकास, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच तथा कॉर्पोरेट संचार जैसे विविध क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान के लिए एनएमडीसी की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया, जो सतत विकास और राष्ट्र-निर्माण के प्रति संगठन के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाता है।

इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल, उत्तराखंड के जैव



प्रौद्योगिकी मंत्री श्री गणेश जोशी, सांसद श्री नरेश बंसल तथा स्वामी चिदानंद जी सरस्वती महाराज सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

पुरस्कार मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा, उत्त-ाराखंड के वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल की उपस्थिति में प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. प्रसाद गौरीनेनी सहित उद्योग जगत की अन्य विशिष्ट हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। एनएमडीसी की ओर से श्री च. श्रीनिवास राव, उप महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस) ने संगठन की ओर से सम्मान ग्रहण किया। एनएमडीसी को सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) द्वारा सर्वश्रेष्ठ कौशल विकास कार्यक्रम, वार्षिक रिपोर्ट तथा गृह पत्रिका (हिंदी) के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने हेतु सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान एवं विकास प्रयास तथा महिला विकास के लिए सर्वश्रेष्ठ सीएसआर परियोजना के लिए द्वितीय पुरस्कार, जबकि सीएसआर परियोजनाओं के कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ पीएसयू और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली उत्कृष्ट पहलों के लिए तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

टीम को बधाई देते हुए सुश्री जी. प्रियदर्शिनी, निदेशक (कार्मिक) ने कहा, ये सम्मान इस विश्वास की पुनः पुष्टि करते हैं कि सार्थक प्रगति तब हासिल होती है जब प्रदर्शन उद्देश्य से निर्देशित हो और स्पष्टता के साथ संप्रेषित किया जाए। हमारी यात्रा खनन से आगे बढ़कर समुदायों को सशक्त बनाने, कौशल को पोषित करने, नवाचार को आगे बढ़ाने और राष्ट्र के विकास में जिम्मेदारीपूर्वक योगदान देने तक विस्तृत है। ये पुरस्कार हमारी टीम की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसके माध्यम से वे एनएमडीसी के इतिहास को प्रामाणिकता, प्रभाव और गर्व के साथ प्रस्तुत करते हुए सभी हितधारकों के साथ विश्वास को सुदृढ़ कर रहे हैं।

अपने नेतृत्व को और मजबूत करते हुए, एनएमडीसी पीआरएसआई द्वारा मान्यता प्राप्त सभी क्षेत्रों में व्यापक पहलों को आगे बढ़ा रहा है। संरचित कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से एनएमडीसी भविष्य के लिए प्रतिभाओं का निर्माण कर रहा है तथा युवाओं में रोजगार क्षमता को बढ़ा रहा है।

# लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद राजधानी द्वारा महेश बैंक के नव निर्वाचित निदेशकों का सम्मान समारोह आयोजित

**हैदराबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद राजधानी की दिसंबर माह की बैठक अध्यक्ष लायन श्रीगोपाल अट्टल की अध्यक्षता में होटल रेसिडेंसी में आयोजित की गई। इस अवसर पर महेश बैंक के नव निर्वाचित डायरेक्टर्स के सम्मान हेतु विशेष समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ लायन गौतम अलिजार द्वारा ध्वज वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात अध्यक्ष लायन श्रीगोपाल अट्टल ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में बैठक में पधारे सभी अतिथियों, क्लब सदस्यों एवं विशिष्ट अतिथिगणमहेश बैंक के नव निर्वाचित डायरेक्टर्सका स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने अपने विगत छह माह के अध्यक्षीय कार्यकाल में सदस्यों द्वारा क्लब को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

क्लब के मानद मंत्री लायन प्रकाश एच. भंडारी ने विगत छह महीनों में किए गए सेवा कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भले ही पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कुछ कमी रही हो, फिर भी क्लब द्वारा नेत्रदान, अन्नदान, रक्तदान, चिकित्सा शिविर, वृक्षारोपण सहित अनेक सेवा



कार्यों के साथ-साथ शिक्षा सहायता के महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद राजधानी डिस्ट्रिक्ट का एक अग्रणी क्लब है, जिसे समय-समय पर रिजन एवं डिस्ट्रिक्ट स्तर पर विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने क्लब संचालन में सभी सदस्यों के सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसके पश्चात मानद मंत्री प्रकाश एच. भंडारी ने सम्मान समारोह की शोभा बढ़ाने हेतु पधारे महेश बैंक के संस्थापक पैनल एवं बैंक के चेयरमैन श्री रमेश बंग, वाइस चेयरमैन एवं क्लब के पूर्व अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनारायण राठी, नव मनोनीत चेयरमैन श्री मुरली मनोहर पलोड़, वाइस चेयरमैन श्री गोविंद नारायण राठी तथा डायरेक्टर्स श्री अमित लड्डा, श्री दीपक कुमार बंग, श्री देवेंद्र झंवर, श्री कैलाश मंत्री, श्री पवन कुमार लोहिया एवं श्री विनोद बंग का स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि श्री रमेश बंग के नेतृत्व में संस्थापक पैनल की यह अभूतपूर्व सफलता एक मिसाल है। बैंक के अंशधारकों ने उन पर लगाए गए मिथ्या आरोपों को नकारते हुए पुनः उन्हें बैंक का नेतृत्व सौंपा है और अब इस अपार समर्थन को अंशधारकों की अपेक्षाओं के अनुरूप आगे बढ़ाना सभी की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर नव मनोनीत चेयरमैन श्री मुरली मनोहर पलोड़ ने कहा कि इस सफलता में अंशधारकों के साथ-साथ लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद राजधानी के सदस्यों का निरंतर सहयोग और समर्थन रहा है, जिसकी उन्हें आगे भी अपेक्षा रहेगी। वहीं नव निर्वाचित डायरेक्टर्स श्री विनोद बंग एवं श्री देवेंद्र झंवर ने लायंस क्लब के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सम्मान समारोह के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान श्री राजेन्द्र जैन एवं श्री लक्ष्मीनारायण राठी ने भी अपने विचार साझा किए।

सम्मान समारोह में लायन प्रकाश एच. भंडारी द्वारा श्री रमेश बंग, अध्यक्ष श्रीगोपाल अट्टल द्वारा श्री मुरली मनोहर पलोड़, श्री राजेन्द्र जैन एवं श्री मुन्ना लाल बंग द्वारा श्री गोविंद नारायण राठी तथा क्लब के अन्य सदस्यों द्वारा सभी डायरेक्टर्स को शॉल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री देवेंद्र झंवर ने लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद राजधानी की ओर से अध्यक्ष श्र-ीगोपाल अट्टल का भी स्वागत एवं अभिनंदन किया।

सम्मान समारोह कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं धन्यवाद ज्ञापन लायन प्रकाश एच. भंडारी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष श्री मुन्ना लाल बंग, श्री राजेन्द्र जैन, श्री गौतम अलिजार, श्री लक्ष्मीनारायण राठी, श्री रमेश गांधी, श्री श्रीकिशन बंग, श्री बाल किशन नावंदर, श्री पुरुषोत्तम अटल, श्री दीपक अग्रवाल, श्री राजेश कुमार अग्रवाल, श्री कृष्ण कुमार गोयंका, श्री गोपाल झंवर, श्री नवल बंग, श्री अरुण भंडारी, श्री नरेश अग्रवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# जगन्नाथ मठ में माता गोदा तिरुनक्षत्रम कार्यक्रम आज



**हैदराबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
सीताराम बाग स्थित श्री जगन्नाथ स्वामी मठ में धनुर्मास के अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त भाग ले रहे हैं।आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में मठ के महंत अच्युत रामान-ुजाचार्य अजय स्वामी ने बताया कि वैकुंठ काशी श्री श्री श्री त्रिदण्डी श्रीनिवास कृतधर नारायण रामानुज जीयर स्वामीजी के आशीर्वाद से श्री जगन्नाथ मठ (माधवदास झीरा), सीताराम बाग में रविवार, 21 दिसंबर को माता गोदा जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः शुभ मुहूर्त में माता गोदा का अभिषेक, पूजा, आरती तथा 108 प्रकार के भोग अर्पित किए जाएंगे।मठाधिपति अच्युत रामानुजाचार्य ने मंदिर में आयोजित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में पधारे श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए धनुर्मास (जिसे खरमास भी कहा जाता है) के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हिंदी पंचांग के अनुसार यह वह पवित्र अवधि है जब सूर्य देव वृश्चिक राशि से धनु राशि में प्रवेश करते हैं, जो सामान्यतः 16 दिसंबर से 14 जनवरी तक रहती है। यह 30 दिनों का समय भगवान विष्णु की उपासना, ब्रह्म मुहूर्त में साधना तथा दान-पुण्य के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है, हालांकि विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्यों के लिए यह अवधि वर्जित मानी जाती है।अजय महाराज ने कहा कि धनुर्मास को भक्ति का महीना माना जाता है। इस दौरान सूर्य देव गुरु (ज्ञान) की राशि धनु में स्थित रहते हैं, जो आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने भक्तों से ब्रह्म मुहूर्त में उठकर साधना करने का आह्वान किया और कहा कि इस माह में सूर्योदय से लगभग डेढ़ घंटे पूर्व पूजा करना तथा भगवान विष्णु को विशेष भोग जैसे पोंगल या खीर अर्पित करना अत्यंत पुण्यदायी माना गया है।उन्होंने आगे बताया कि मान्यता के अनुसार खरमास के दौरान विवाह, मुंडन और नए घर में प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। वहीं इस ठंड के मौसम में गरीबों और ब्राह्मणों को तिल, गुड़, वस्त्र और कंबल का दान विशेष फलदायी माना जाता है। यह महीना सांसारिक दौड़ से विराम लेकर अंतर्मन की शुद्धि और ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण का संदेश देता है।आयोजित धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में महंत अच्युत रामानुजाचार्य, श्रीगोपाल सोनी, नरसिंहदास वासट, रिद्धीश जागीरदार, मेघराज अग्रवाल, रमेश मोदानी, रामेश्वर बंग, जगदीशप्रसाद लोया, राजू कर्मा, आलोक तिवारी, जितेन्द्र अवस्थी, शांता अग्रवाल, मधुबाला उपाध्याय, निर्मल सोनी, सत्यव्रत बंग, सरोज गोयल, स्किवृति रामानुजाचार्य सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा का मासिक अन्नप्रसाद कार्यक्रम सम्पन्न

**हैदराबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा के तत्वावधान में गंज स्थित अग्रसेन हॉल के पास मासिक अन्नप्रसाद कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। लगभग 650 लोगों ने अन्नप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त



किया।अग्रवंशी सिकंदराबाद शाखा के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष अरुण अग्रवाल की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इससे दोनों शाखाओं के बीच सामाजिक एकता का संदेश प्रसारित हुआ।मलकपेट शाखा के अध्यक्ष पंकज कुमार संघी, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, मंत्री प्रदीप बंसल, सहमंत्री शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मोदी तथा परामर्शदाता महावीर प्रसाद अग्रवाल, लाजपत राय गुप्ता, श्याम सुंदर अग्रवाल, हरिश्चंद्र बजाज, निश्चित अग्रवाल ने तन-मन-धन से सेवा प्रदान की।

# राजस्थानी स्नातक संघ का वार्षिक व्याख्यान की तैयारियां पूर्ण, आज होगा भव्य आयोजन



**हैदराबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्थानी स्नातक संघ (आरजीए) द्वारा रविवार शाम 6 बजे से एफटीसी में आयोजित होने वाले आरजीए वार्षिक व्याख्यान कार्यक्रम की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। शनिवार को संघ के पदाधिकारियों और समिति के सदस्यों ने बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया।

कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आरजीए वार्षिक व्याख्यान समिति के परामर्शदाता रमेश कुमार बंग और राजस्थानी स्नातक संघ के अध्यक्ष मनोज गोयल के नेतृत्व में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मंत्री अजय कुमार अग्रवाल और समिति संयोजक रवींद्र बजाज ने आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, कोषाध्यक्ष संदीप झंवर, कार्यकारिणी सदस्य सी.एस. गोविंद तोषनीवाल, पन्ना माहेश्वरी और विजय ओझा भी उपस्थित थे। सभी सदस्यों ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन और अतिथियों के स्वागत हेतु जिम्मेदारियां साझा कीं।



भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार जी ने शनिवार को हैदराबाद के ऐतिहासिक चारमीनार स्थित प्रसिद्ध मां भाग्यलक्ष्मी मंदिर के दर्शन किए। मंदिर आगमन पर उन्होंने देवी की विशेष पूजा-अर्चना की और मां भाग्यलक्ष्मी का आशीर्वाद लिया।



देश के पूर्व कोयला सचिव एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकार पी. सी. पारेख (आईएएस) को 80 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए जैनरत्न रमेश पी. तातेड़, योगेश जी गांधी, मोतीलाल भलघट, महेन्द्रजी रांका, रितेश तातेड़, पूनम तातेड़ एवं तातेड़ परिवार (सिकंदराबाद, सिरोही निवासी) ।

# अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन तेलंगाना की प्रथम कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

**हैदराबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, तेलंगाना के 2025-2028 सत्र की प्रथम कार्यकारिणी बैठक होटल वेजपार्क, बशीरबाग में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष योगेश जैन ने की। उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए परिचय सत्र आयोजित किया, जिसमें प्रत्येक सदस्य ने अपना परिचय दिया।

बैठक में महिला एवं युवा समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने पर विस्तार से चर्चा हुई, जिस पर अनेक सुझाव प्राप्त हुए। विचार-विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी समय में काइट फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने की जिम्मेदारी महिला एवं युवा समिति को सौंपी गई।इस अवसर पर कोषाध्यक्ष विनोद जैन ने संस्था का लेखा-जोखा सभा के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। युवा अध्यक्ष प्रतीक कुमार नर्सरियां ने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के सभी सदस्यों का एक साझा ग्रुप बनाकर जन्मदिन एवं विवाह वर्षगांठ पर शुभकामनाएं देने का सुझाव रखा, जिसे राजकुमार अग्रवाल ने प्रारंभ करने की जिम्मेदारी ली।



राष्ट्रीय संगठन मंत्री शशिकांत अग्रवाल ने एक भव्य तंबोला कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया। वहीं महिला अध्यक्ष अलका अग्रवाल ने महिलाओं में बढ़ती मांग को देखते हुए महिला बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव रखे।अंत में उपाध्यक्ष शिव कुमार भालवाले ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस बैठक में संस्था के राष्ट्रीय संगठन मंत्री शशिकांत अग्रवाल, सह संगठन मंत्री महावीर प्रसाद अग्रवाल, राष्ट्रीय सह प्रवक्ता अशोक बंसल, अध्यक्ष योगेश जैन, उपाध्यक्ष शिव कुमार भालवाले, मंत्री विपिन अग्रवाल, सह मंत्री जगतनारायण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनोद जैन, युवा अध्यक्ष प्रतीक कुमार नर्सरियां, महिला अध्यक्ष अलका मिंडा, महिला मंत्री शीनू बंसल, कार्यकारिणी सदस्य सतीश कुमार अग्रवाल, रामप्रकाश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, महेंद्र गुप्ता, मनीष अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, सत्यनारायण फोगला, दीपा गर्ग, मोनिका अग्रवाल, अंजू गोयल सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# राधे-राधे ग्रुप हम सबका साझा परिवार : अशोक गुप्ता

**हैदराबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद पिछले डेढ़ वर्ष से निरंतर सेवा कार्यों से समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन रहा है। नामपल्ली पब्लिक गार्डन (पिलर नंबर 1265 ए) के पास आयोजित नियमित अन्नदान कार्यक्रम में अशोक गुप्ता ने कहा कि यह ग्रुप किसी एक का नहीं, बल्कि हम सभी का साझा परिवार है।उन्होंने सतीश जी, जगत नारायण जी, राम प्रकाश जी एवं महेश जी सहित सभी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों की सराहना की। नामपल्ली, बेगम बाजार व केबीआर पार्क में नियमित अन्नसेवा प्रशंसनीय है। अशोक गुप्ता ने कहा कि सेवा कार्यों में सहभागिता से मन को अपार शांति मिलती है।कार्यक्रम में राम प्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, महेश गुप्ता, नंदकिशोर अग्रवाल, जय प्रकाश सारडा, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, उमाकांत गुप्ता, कमला देवी, गौरव गोयल, बरखा गोयल उपस्थित रहे।



# राजस्थानी ब्राह्मण सभा द्वारा वृद्धवय दंपत्ति सम्मान समारोह की तैयारियां जोरों पर



**हैदराबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्थानी ब्राह्मण सभा हैदराबाद-सिकंदराबाद द्वारा आगामी 28 दिसंबर 2025 को ऋषि शृंग भवन में आयोजित होने वाले स्नेह मिलन 2026, मल्टी कलर कैलेंडर लोकार्पण एवं वृद्धवय दंपति सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक सभा कार्यालय, घासी बाजार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा अध्यक्ष पं. पुरुषोत्तम लाला ने की।बैठक का शुभारंभ गायत्री वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात महामंत्री रामदेव नागला ने जानकारी दी कि स्नेह मिलन कार्यक्रम के अंतर्गत अपनों से अपनों का मिलन आयोजित किया जाएगा, जिसके पश्चात सभा की ओर से वर्ष 2026 का तिथि, मिति, वार एवं त्योहारों से युक्त मल्टी कलर कैलेंडर का लोकार्पण किया जाएगा।उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में श्री सोहनलालजी पल्लौड दाहिमा, श्री लालचंदजी उपाध्याय एवं श्री बजरंगलालजी शर्मा सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सभा द्वारा इस वर्ष 75 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध दंपतियों का सम्मान किया जाएगा। अभी तक 50 से अधिक दंपतियों ने अपने नाम पंजीकृत कराए हैं।कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न समितियों का गठन किया गया। सभा की ओर से नगर द्वय में बसे सभी 13 उपन्याती परिवारों से इस समारोह में सहपरिवार पधारने की अपील की गई।

आज की इस बैठक में पुरुषोत्तम लाला, रामदेव नागला, सुरेश गांधी, दामोदर जोशी, रामनिवास पाराशर, गोपाल शर्मा, श्रीलाल पारीक, संदीप जायलवाल, मुर-लीधर तिवाड़ी, विजय नवहाल, दिनेश खंडेलवाल, विजय शर्मा पांडिया एवं ओमनारायण पंडित उपस्थित रहे। बैठक का समापन संदीप जायलवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।



संस्थापक पैनल के संयोजक रमेश कुमार बंग के मार्गदर्शन में महेश बैंक निदेशक मण्डल के चुनाव में संस्थापक पैनल को भारी बहुमत से विजयी करवाने पर श्री बंग का सम्मान करते हुए आरबीआई के निदेशक संतोष मराठे, राजधानी बैंक के चेयरमैन एन. नरसिम्हा रेड्डी, अग्रसेन बैंक के चेयरमैन प्रमोद केडिया, वरंगल को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन टी. प्रदीप राव, तेलंगाना स्टेट को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष मदनगोपाल स्वामी इस अवसर पर अन्य को-ऑपरेटिव बैंकों के चेयरमैन व कार्यकारी अधिकारी उपस्थित थे ।

# सेवा में ही साधना, संस्कारों का संगम है राधे-राधे ग्रुप : जगतनारायण अग्रवाल



**हैदराबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद केवल अन्नदान की सेवा नहीं कर रहा, बल्कि सेवा को साधना बनाकर समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार कर रहा है। यह विचार राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के संयोजक जगतनारायण अग्रवाल ने बेगम बाजार स्थित गौशाला के समीप आयोजित नियमित अन्नदान कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए।जगतनारायण अग्रवाल ने कहा कि जब हाथ सेवा में लगते हैं और मन प्रभु स्मरण में रहता है, तभी सच्ची साधना पूर्ण होती है। राधे-राधे ग्रुप का प्रत्येक सेवा कार्य प्रभु कृपा का ही परिणाम है, जिसमें स्वयंसेवक केवल माध्यम बनते हैं।

इस अवसर पर जगत नारायण अग्रवाल, रवि अग्रवाल,वंश अग्रवाल, राजेश सर योगा, अनिल अग्रवाल, गोविंदराम पचेरिया, लता गोयल,नीलम विजयवर्गीय, शर्मिला अग्रवाल, परी अग्रवाल, मीना अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



महेश बैंक के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष गोविंद राठी को रेड हिल्स डिवीजन की बीआरएस पार्टी महिला विंग की महासचिव एकुला अनीता एवं एकुला विनोद कुमार ने सम्मानित किया। इस अवसर पर शुक्रवार को दोनों नेता कोठी के हशमतगंज स्थित गोविंद राठी के आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने गोविंद राठी को माला एवं शॉल भेंट कर उपाध्यक्ष पद पर चुने जाने की शुभकामनाएं दीं।



मां बनभौरी परिवार के सुशील मित्तल और रमेश मित्तल ने गोविंद नारायण राठी को महेश बैंक के वाइस चेयरमैन नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई दी है।





तेलंगाना गोशाला फेडरेशन द्वारा शनिवार को संतोषनगर स्थित चिंतल गोशाला एवं उप्पुगुड़ा स्थित विरांजनेया गोशाला में अध्यक्ष श्री महेश अग्रवाल के हाथों निःशुल्क सेंधव लवण औषधि का वितरण किया गया। विशेषकर सर्दियों के मौसम में गोवंश के स्वास्थ्य को हित में रखकर गोवंश को सेंधव लवण औषधि प्रदान की जाती है । विगत में संस्था द्वारा नगर की विभिन्न छोटी गौशालाओं को सेंधव लवण औषधि निःशुल्क रूप से प्रदान की गई है।

# बंडारू दत्तात्रेय की अगुवाई में एचएमडीए मास्टर प्लान पर चर्चा



**हैदराबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय जी के नेतृत्व में 20 दिसंबर, 2025 को सोमाजीगुडा स्थित हैदराबाद प्रेस क्लब में एचएमडीए (हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी) क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर एक विशेष चर्चा मंच का आयोजन किया गया।इस चर्चा में लोकसत्ता के अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण, सांसद श्र कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी, पूर्व सांसदबूरा नरसैया गौड, पद्मश्री चिंतला वेंकट रेड्डी (आदर्श किसान), चर्चा मंच के संयोजक डॉ. एस. मल्ला रेड्डी (पूर्व सरपंच), पूर्व विधायक के.एस. रत्नम, सेवानिवृत्त आईएएस श्रीमती निर्मला गोनेला, मफ्यूचरिस्टिक सिटीजफ की संस्थापक श्रीमती करुणा गोपाल और क्मृूअ क्षेत्र के विभिन्न गांवों के किसान शामिल हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि राज्य सरकार ने क्मृूअ मास्टर प्लान में जोनों का निर्णय निर्दोष और गरीब किसानों के लिए हानिकारक तरीके से लिया है। पिछले 11 वर्षों से इन जोनों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

उन्होंने मांग की कि किसानों के हितों को देखते हुए मरेक्रिएशनल जोनफको ममल्टीपल जोनफ में बदला जाए।हैदराबाद और उसके आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए 2013 में 7,257 वर्ग किमी क्षेत्र का मास्टर प्लान तैयार किया गया था। वर्तमान में क्मृूअ के दायरे में हैदराबाद, रंगारेड्डी, मेडचल, संगारेड्डी, मेडक, सिद्दीपेट और भुवनगिरी जिलों के 70 मंडल, 24 नगर पालिकाएं, 8 नगर निगम और लगभग 750 गांव आते हैं।

हाल ही में 20 नगर पालिकाओं और 7 नगर निगमों का विलय त्रह्लक्चउ में कर दिया गया है।उन्होंने दुख व्यक्त किया कि मास्टर प्लान से नियोजित विकास तो दूर की बात है, यह किसानों के लिए मशापफ बन गया है।

श्री दत्तात्रेय ने बताया कि मास्टर प्लान के तहत भूमि को कंजर्वेशन (कृषि), पब्लिक-सेमी पब्लिक, रेक्रिएशन, ओपन स्पेस, ट्रैफिक, ट्रांसपोर्ट, पेरी-अर्बन, रेजिडेंशियल (आवासीय), कमर्शियल (व्यावसायिक), इंडस्ट्रियल (औद्योगिक) और मल्टीपल (बहुउद्देशीय) जोनों में विभाजित किया गया है।गरीब और छोटे किसानों की जमीनें मकंजर्वेशन जोनफ जैसे क्षेत्रों में डाल दी गई हैं, जहाँ मकान बनाने की भी अनुमति नहीं है। इस कारण लगभग 50,000 किसान अपनी ही जमीन पर अपना घर नहीं बना पा रहे हैं। दूसरी ओर, रसूखदार लोगों और बड़े रियल एस्टेट कारोबारियों की जमीनें रेजिडेंशियल और मल्टीपल जोनों में हैं, जहाँ वे कितनी भी मंजिलों का निर्माण कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यहीं पर अमीर और गरीब के बीच का अंतर साफ दिखाई देता है। रसूखदार लोग करोड़ों कमा रहे हैं, जबकि एक-दो एकड़ जमीन वाला गरीब किसान अपने घर के सपने से भी दूर होता जा रहा है।आउटर रिंग रोड के अंदर के सभी गांवों को नगरपालिकाओं में बदलकर त्रह्लक्चउ में शामिल किया जा चुका है। ऐसी स्थिति में रिंग रोड के अंदर की जमीनों को कंजर्वेशन, ओपन या रेक्रिएशन जोन में रखने का कोई औचित्य नहीं है।

बंडारू दत्तात्रेय ने सरकार से मांग की कि किसानों के हितों के खिलाफ बने इस मास्टर प्लान को तुरंत बदला जाए और इसे किसानों के अनुकूल बनाया जाए। साथ ही, उन्होंने मग्रोथ कॉरिडोरफ में प्रस्तावित 100 फीट चौड़ी ग्रिड रोड के विषय पर भी सरकार से पुनर्विचार करने की मांग की।

DAILY शुभ लाभ
Classifieds
FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, THOTAKURA VENKTESWARAMMA is Mother of Army No: JC735496L Rank: Nb Sub Trade: Amn Tech Name: Thotakura Balaji, permanent resident of Vil: Gavini Vari Palem, PO: Bavaji Palem, Teh & PS: Nizampatnam, Dist: Guntur, A.P, Pin: 522314, I have changed my name and date of birth from THOTAKURA VENKATESWARAMMA and 04-01-1968 to THOTAKURA VENKTESWARAMMA and 01-01-1968. respectively vide affidavit dated 18-12-2025 sworn before Borra Srinivasa Rao, Notary & Advocate, Repalle.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, THOTAKURA SUBBRAO, is father of Army No: JC735496L Rank: Nb Sub Trade: Amn Tech Name: Thotakura Balaji, permanent resident of Vil: Gavini Vari Palem, PO: Bavaji Palem, Teh & PS: Nizampatnam, Dist: Guntur, State: A.P, Pin: 522314, I have changed my name and date of birth from THOTAKURA SUBBA RAO and 01-04-1966 to THOTAKURA SUBBRAO and 01-01-1966 respectively vide affidavit dated 18-12-2025 sworn before Borra Srinivasa Rao,Notary & Advocate, Repalle.

**CHANGE OF NAME**
I, SAVITA Spouse of Service No.JC 732666Y Sub (Hony Lt) Wayadande Dhanaji Jagannath, R/o.Vill and Po:Kundalwadi, Teh:Walwa, Dist:Sangli, Maharashtra-416411 have changed my name from SAVITA to SAVITA DHANAJI WAYADANDE vide affidavit dt:20-12-2025 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, GNANAMMAL MURUGESAN, mother of No 14447606Y Hav (DMT) M KAMATCHI, presently residing at Vill & Post-Kombai , Teh-Uthama palayam, Distt-Theni, State:(Tamil Nadu) PIN-625522 have changed my name From M NANAMMAL to GNANAMMAL MURUGESAN and my date of Birth is 07 Nov 1960, vide Affidavit dt: 20-12-2025, before C Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I Service No JC-771619X, Rank-SUB, Uttam Biswas, R/o Village-Dakshin Bishnupur, Post-Nawpara, PS -Ranaghat,Dist-Nadia,State-West BengalPin-741255, have changed my Mother name from SHAILABALA to SHAILABALA BISWAS add in my service documents vide affidavit date 20 Dec 2025 before Notary C Samuel Advocate Secunderabad.

# बेल्लमपल्ली में शिशु मंदिर रोड चौड़ीकरण शुरू

## व्यापारियों का विरोध, पुलिस सुरक्षा में चला काम





**बेल्लमपल्ली, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरियाल जिले के बेल्लमपल्ली शहर में शिशु मंदिर रोड चौड़ीकरण का कार्य शनिवार को शुरू हो गया। नगर पालिका अधिकारियों ने कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच सड़क चौड़ीकरण का काम प्रारंभ किया। इस दौरान स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने 60 फीट चौड़ी सड़क के चौड़ीकरण का विरोध करते हुए काम रोकने की कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद अधिकारियों ने कार्य जारी रखा।व्यापारियों के लगातार विरोध के बीच भी नगर पालिका के अधिकारी अपनी योजना के अनुसार काम करते रहे। कुछ व्यापारियों ने जेसीबी मशीन को रोकने की कोशिश की और नगर आयुक्त रमेश से सड़क चौड़ीकरण की चौड़ाई 60 फीट से घटाकर 40 फीट करने का अनुरोध किया। इस पर नगर आयुक्त रमेश ने स्पष्ट किया कि उन्हें उच्च अधिकारियों द्वारा जारी आदेशों का पालन करना अनिवार्य है और सड़क चौड़ीकरण की चौड़ाई कम करना उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

नगर आयुक्त ने साफ कहा कि सड़क चौड़ीकरण का काम बिना किसी घोषणा के 60 फीट तक किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से विकास कार्य में सहयोग करने का अनुरोध किया और चेतावनी दी कि यदि सहयोग नहीं किया गया तो जेसीबी मशीन से तोड़फोड़ करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। साथ ही, यदि किसी ने काम में बाधा डालने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगले दिन से सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूरी तरह पुलिस सुरक्षा के बीच किया जाएगा।स्थिति को देखते हुए और कोई विकल्प न होने के कारण कुछ व्यापारियों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। इससे पहले अधिकारी शिशु मंदिर स्कूल की बाउंड्री वॉल को गिरा चुके हैं। सड़क चौड़ीकरण के दौरान पुलिस बंदोबस्त के तहत बेल्लमपल्ली वन टाउन सीआई श्रीनिवास राव, तांडूर सीआई देवैया, बेल्लमपल्ली रूरल सीआई हनोक, एसआई सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे।

## दिवंगत होम गार्ड के परिवार को 15 हजार की आर्थिक सहायता

**मंचेरियाल, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कर्तव्य पालन के दौरान स्वास्थ्य कारणों से दिवंगत होम गार्ड के. चंद्रैया (एचजी-166) के परिवार को तेलंगाना राज्य होम गार्ड्स वेलफेयर फंड से 15,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

रामगुंडम पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में सेवा दे रहे चंद्रैया के निधन पर यह राशि स्वीकृत हुई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (प्रशासन) श्रीनिवास ने अपने कार्यालय में परिजनों को चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा में ड्यूटी करते हुए शहीद या दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों की सहायता विभाग की जिम्मेदारी है।कार्यक्रम में एआर एसीपी प्रताप, होम गार्ड्स आरआई पेद्दन्ना सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## बोडुप्पल में महिला का गुप्त वीडियो बनाने का प्रयास

### नहाते समय वेंटिलेटर के पास दिखा मोबाइल फोन, पड़ोसी युवक पर शक–मामला दर्ज

बोडुप्पल, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। मेडीपल्ली पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला का गुप्त रूप से वीडियो रिकॉर्ड करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 18 दिसंबर को बोडुप्पल के श्रीलक्ष्मी नगर में घटित हुई।पीड़ित 29 वर्षीय महिला जब अपने घर में नहा रही थी, तभी उसकी नज़र वेंटिलेटर पर पड़ी, जहाँ एक मोबाइल फोन के ज़रिए उसकी रिकॉर्डिंग की जा रही थी। इस घुसपैठ से घबराकर महिला ने शोर मचा दिया, जिसके बाद आरोपी तुरंत मौके से फरार हो गया।

बाद में महिला ने अपने पति को पूरी घटना की जानकारी दी। पीड़ित परिवार ने बगल के घर में किराए पर रहने वाले अपने पड़ोसी, जिसकी पहचान हरीश कुमार के रूप में हुई है, पर संदेह जताया है। परिवार की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर मेडीपल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की तलाश और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। डिजिटल सबूतों और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा सकती है ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके।

## आसिफाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**आसिफाबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला मुख्य न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष लाल सिंह श्रीनिवास नायक ने घोषणा की है कि राष्ट्रीय लोक अदालत 21 दिसंबर को जिला केंद्र स्थित जिला न्यायालय परिसर में आयोजित होगी।उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम आपराधिक समझौता, राष्ट्रीय आय अधिनियम, विवाह, वाहन दुर्घटना दावा, दीवानी, बैंक वसूली और अन्य सभी प्रकार के मामलों को सुलह के माध्यम से हल करने का मंच बनेगा। लोगों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और समझौते से अपनी समस्याओं का समाधान करें।

## कोत्तागुडेम में अवैध बेल्ट शॉप्स पर फूटा जनता का गुस्सा, बड़े आंदोलन की तैयारी

### मुन्नूरू कापू एसोसिएशन और बंजारा सेवा संघ ने दी चेतावनी

**कोत्तागुडेम, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिले भर में कुकुरमुत्ते की तरह खुलती शराब की अवैध बेल्ट शॉप्स (अनाधिकृत काउंटर) के खिलाफ अब विभिन्न जन संगठनों ने मोर्चा खोलने की तैयारी कर ली है। मुन्नूरू कापू एसोसिएशन और ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ ने ग्रामीण इलाकों में चल रही इन दुकानों के विरोध में सार्वजनिक प्रदर्शन का आह्वान किया है। संघ के नेत-ाओं का कहना है कि इन अवैध केंद्रों के अनियंत्रित प्रसार के कारण गांवों में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ रही है।

### शराब के नाम पर लूट और सामाजिक बुराई

मुन्नूरू कापू एसोसिएशन (पालोंचा टाउन) के अध्यक्ष चेन्नमसेट्टी रंगा राव ने आरोप लगाया कि जिले में अवैध बेल्ट शॉप का रैकेट सभी सीमाएं पार कर चुका है। उन्होंने बताया, जहाँ अधिकृत दुकानों पर शराब एमआरपी पर बेची जाती है, वहीं बेल्ट शॉप्स प्रति क्वार्टर बोतल 30 से 40 रुपये अतिरिक्त वसूल कर उपभोक्ताओं को लूट रही हैं।रंगा राव ने कहा कि आबकारी विभाग की चुप्पी जनता के गुस्से को और भड़का रही है। विशेष रूप से महिलाएं इस बात से चिंतित हैं कि हर कोने पर शराब की आसान उपलब्धता से युवा नशे के आदी हो रहे हैं, जिससे परिवारों पर भारी आर्थिक संकट मंडरा रहा है।

### कलेक्टर कार्यालय के घेराव और बंद की चेतावनी

इस पृष्ठभूमि में, जिले भर के लोग स्वेच्छा से एकजुट हो रहे हैं और जल्द ही एक बड़ा आंदोलन शुरू करने की योजना बना रहे हैं। इसके तहत हर गांव में बैठकें की जाएंगी, रैलियां निकाली जाएंगी और बेल्ट शॉप्स को बंद करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किए जाएंगे।

जनता के बीच यह धारणा बन रही है कि संबंधित अधिकारी अपनी निष्क्रियता के जरिए इन अवैध दुकानों को संरक्षण दे रहे हैं। रंगा राव ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने इन्हें बंद नहीं किया, तो जिला मुख्यालय और जिला कलेक्टर कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन किए जाएंगे। यदि आवश्यकता पड़ी, तो सड़क जाम और बंद का आयोजन भी किया जाएगा।

### सरकार की नीतियों पर सवाल

ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ के जिला अध्यक्ष भुक्या चंदू नायक ने कहा कि यह मुद्दा केवल शराब की कीमतों का नहीं, बल्कि लोगों के सर्वांगीण कल्याण का है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद बेल्ट शॉप्स की संख्या कई गुना बढ़ गई है।उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार केवल शराब की बिक्री से राजस्व जुटाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जबकि ग्रामीण समुदायों पर इसके हानिकारक प्रभावों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत हस्तक्षेप करे और सभी अवैध बेल्ट शॉप्स को बंद कराए।

## स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग में जिले के स्कूलों को विशेष मान्यता



**आसिफाबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा विभाग के स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग-2025-26 कार्यक्रम में जिले के स्कूलों ने प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त की है। शनिवार को जिला अतिरिक्त कलेक्टर (स्थानीय संस्थान) एवं प्रभारी शिक्षा अधिकारी दीपक तिवारी ने कलेक्टर कक्ष में विजेता स्कूलों के प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।कलेक्टर ने बताया कि सावरकडे गांव का पीएम श्री मंडल परिषद प्राथमिक विद्यालय, चिन्ना रसीपेल्ली का पीएम श्री जिला परिषद उच्च विद्यालय, रेब्बेना व कौतला के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, दाहेगाम मंडल के रामपुर जीपी प्राथमिक विद्यालय, नागेपल्ली का मंडल परिषद प्राथमिक विद्यालय तथा कागजनगर का अरुणोदय उच्च विद्यालय को विशेष मान्यता मिली है।उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों का लक्ष्य केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और हरित जीवनशैली की जागरूकता भी होना चाहिए। इन स्कूलों ने जल उपयोग, शौचालय रखरखाव, व्यक्तिगत स्वच्छता, पर्यावरण स्वच्छता, व्यवहार परिवर्तन और मिशन लाइफ में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री कटुकम मधुकर, शिक्षा अधिकारी, शिक्षक, विद्यालय प्रतिनिधि और छात्र उपस्थित थे।

## केजीबीवी छात्राओं ने प्राचार्या के अपशब्दों के खिलाफ धरना दिया



**आसिफाबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वांकिडी के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में प्राचार्या की कथित अनुचित टिप्पणियों और मानसिक उत्पीड़न के आरोपों से नाराज छात्राओं ने शनिवार को कक्षाओं का बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। अभिभावकों के साथ वे तहसीलदार कार्यालय के सामने धरना देने बैठ गईं।

छात्राओं ने नारे लगाते हुए कहा, हमें यह प्राचार्या नहीं चाहिए... कलेक्टर को बुलाओ, न्याय दिलाओ।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्राचार्या समय-समय पर अपशब्दों का इस्तेमाल करती हैं और स्कूल में उपलब्ध सुविधाएं, जैसे मुर्गी के अंडे तक, नहीं दे रही हैं। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

अभिभावकों ने प्राचार्या के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सहायक पुलिस अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर छात्राओं को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं मानीं।

उन्होंने कहा कि कलेक्टर के हस्तक्षेप तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दृष्टिबाधितों को स्मार्ट चश्मा वितरण सराहनीय



**आसिफाबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने भारत डायनेमिक लिमिटेड (रक्षा मंत्रालय) और ब्लेंड विजन फाउंडेशन द्वारा दृष्टिबाधितों को स्मार्ट विजन चश्मा उपलब्ध कराने की पहल को सराहनीय बताया। शनिवार को जिला कलेक्टर भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में 26 दृष्टिबाधित व्यक्तियों को ये चश्मे वितरित किए गए।

कार्यक्रम में एसपी नितिका पंत, जिला अतिरिक्त कलेक्टर (स्थानीय संस्थान) दीपक तिवारी और जिला कल्याण अधिकारी आदेपु भास्कर उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि 40 हजार रुपये कीमत वाले ये एआई-आधारित चश्मे बेंगलुरु की एसएचजी टेक्नोलॉजी ने बनाए हैं। कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत यह मदद प्रशंसनीय है।

उन्होंने लाभार्थियों से चश्मों का सही उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में फाउंडेशन प्रतिनिधि चालपति, सागर, आकांक्षा, जिला ब्लॉक समन्वयक बालाराजू और लाभार्थी मौजूद रहे।

## हार से बौखलाए कांग्रेस प्रत्याशी ने बैलगाड़ी से रोका रास्ता, परिजनों ने पुलिस पर किया हमला

**आदिलाबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नेराडिगोंडा मंडल के चिन्नबुग्गारम गांव में शनिवार को उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई, जब ग्रामीणों ने एक पराजित उम्मीदवार के परिजनों द्वारा सड़क बंद किए जाने पर आपत्ति जताई।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, हाल ही में हुए ग्राम चुनावों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार चंद्रकला को बीआरएस समर्थित उम्मीदवार उज्जवल यादव ने हरा दिया था। चुनावी परिणाम से निराश चंद्रकला के पति ने ग्रामीणों के प्रति मन में द्वेष पाल लिया और विरोध स्वरूप सड़क के बीचों-बीच एक बैलगाड़ी खड़ी कर रास्ता जाम कर दिया। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया।

ग्रामीणों ने इस अवरोध की सूचना तुरंत पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और रास्ता साफ करने के लिए बैलगाड़ी को वहां से हटा दिया।

हालांकि, आरोप है कि जब पुलिस ग्रामीणों की आवाजाही सुगम बनाने के लिए गाड़ी हटा रही थी, तब चंद्रकला के परिवार के सदस्यों ने उन पर हमला कर दिया।

हंगामा कर रहे लोगों ने पुलिस पर पथराव भी किया, जिससे गांव में तनाव व्याप्त हो गया। इस पथराव की घटना में एक सब-इंस्पेक्टर और एक कांस्टेबल को मामूली चोटें आई हैं।

पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थिति पर नज़र रखी जा रही है।

## गोदावरी खानी में दुकानों की तोड़फोड़ के खिलाफ व्यापारियों का धरना



**मंचेरियाल, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ऑपरेशन चौरास्ता के तहत गोदावरी खानी के गणेश चौक में सरकारी जमीन पर बनी अवैध दुकानों को हटाने की कार्रवाई से तनाव फैल गया। रामागुंडम नगर निगम के नगर नियोजन अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह टैक्सी स्टैंड के पास जेसीबी से तोड़फोड़ शुरू की, जिसके खिलाफ व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

व्यापारियों ने जेसीबी के सामने बैठकर हंगामा किया और अधिकारियों से गुहार लगाई कि बिना मुआवजे के दुकानें गिराने से उनकी आजीविका छिन जाएगी। उन्होंने रोते हुए कहा कि परिवार बेघर हो जाएंगे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पहले नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन जगह खाली न करने पर कार्रवाई जरूरी थी।

राजनीतिक दलों के नेताओं ने पीड़ितों का समर्थन किया। पुलिस ने स्थिति नियंत्रित की और प्रदर्शनकारियों को हटाया। नगर निगम की चेतावनी के बाद व्यापारियों ने दुकानें खाली कर दीं।

## पंचायत चुनावों में पूर्ववर्ती जिले शराब बिक्री 112 करोड़ पार

**मंचेरियाल, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आबकारी एवं निषेध विभाग ने तीन चरणों के ग्राम पंचायत चुनावों के दौरान शराब बिक्री में भारी उछाल दर्ज किया। 5 से 19 दिसंबर के बीच चार जिलों में कुल 112.74 करोड़ रुपये की बिक्री हुई, जो सामान्य से 40% अधिक है। अधिकारियों ने 11-17 दिसंबर को 1,020 गांवों में हुए मतदान को इसका मुख्य कारण बताया।मंचेरियाल सबसे आगे रहा, जबकि आसिफाबाद सबसे पीछे। ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब दुकानों की संख्या बढ़ी, जहां एमआरपी से 20% अधिक कीमत वसूली जा रही है।

## मंचेरियाल के बुग्गा इलाके में बाघ की मौजूदगी, ग्रामीण दहशत में

**मंचेरियाल, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरियाल जिले के कासिपेटा और बेल्लमपल्ली मंडलों के बाहरी इलाकों में बाघ की मौजूदगी से हड़कंप मच गया है। बुग्गा मंदिर के पास रहने वाले कई लोगों ने बाघ को देखा और वन अधिकारियों को सूचना दी।

वन विभाग ने बुग्गा शिव मंदिर के आसपास इलाकों की जांच शुरू कर दी है।

अधिकारियों के अनुसार, कासिपेटा मंडल के तिरुमलपुर से बुग्गागुडेम पहुंचा बाघ वहीं घूम रहा है। हाल ही में बुग्गागुडेम के बाहरी इलाके में उसने एक बकरी को मार डाला था। पहले कासिपेटा और तिरियानी के जंगलों में विचरण करने वाला बाघ अब मानव बस्तियों के करीब आ गया है।

स्थानीय लोग दहशत में हैं। बाघ बुग्गा मंदिर के पीछे से गुजरा, जिससे अधिकारियों को संदेह है कि वह मदराम की ओर जा सकता है। बुग्गागुडेम ग्राम पंचायत और आसपास के गांवों में सतर्कता बरतने का नोटिस जारी किया गया है।

लोगों को जंगल न जाने, मवेशी न ले जाने और सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## कपास फसल बर्बाद होने से किसान ने की आत्महत्या

**आसिफाबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंडल के इदुलावाड़ा ग्राम पंचायत के गोल्लागुडा गांव में 58 वर्षीय किसान उप्पारी लच्छैया ने शुक्रवार शाम अपने खेत में पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। परिवार के अनुसार, उन्होंने अपनी 7 एकड़ जमीन पर कपास की फसल उगाई थी, जो भारी बारिश से पूरी तरह बर्बाद हो गई थी। इससे वे रोज परेशान रहते थे।परिवार बताता है कि लच्छैया उसी दिन मजदूरों के साथ खेत गए थे।

**CHANGE OF NAME**
I, VASIM PASHA (old Name), S/o. ABDUL RASHEED, R/o. H.No.1-3-223, Chaitanya Nagar, Town & Mandal:METPALLY, Pincode: 505325, Dist. JAGTIAL, Telangana State, India, have changed my name to VASEEM PASHA. Here after my name is known as VASEEM PASHA

# भारत स्टील 2026: कुमारस्वामी ने राजदूतों संग बैठक कर वैश्विक इस्पात साझेदारी को दी नई दिशा



**नई दिल्ली, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने प्रमुख भागीदार देशों के राजदूतों और प्रतिनिधियों के साथ एक संवादमूलक बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने इस्पात मंत्रालय के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-सह-प्रदर्शनी भारत स्टील 2026 में सक्रिय भागीदारी के लिए वैश्विक समुदाय को आमंत्रित किया। यह सम्मेलन अप्रैल 2026 में आयोजित किया जाएगा।इस संवाद सत्र में वैश्विक इस्पात मूल्य शृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले देशों के राजदूतों और राजनयिक प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। यह बैठक अंतरराष्ट्रीय सहयोग को गहरा करने तथा वैश्विक इस्पात उत्पादक और उपभोक्ता देशों के साथ भारत की भागीदारी को सुदृढ़ करने के मंत्रालय के प्रयासों का हिस्सा रही।

सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री एच.डी. कुमारस्वामी ने सभी राजदूतों का हार्दिक स्वागत किया और उनकी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी भागीदारी भारत द्वारा विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को दिए जाने वाले महत्व को दर्शाती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का इस्पात क्षेत्र देश के व्यापक आर्थिक परिवर्तन का प्रतिबिंब है और आज यह विकास, दृढ़ता तथा वैश्विक एकीकरण का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है।श्री कुमारस्वामी ने रेखांकित किया कि भारत वर्तमान में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश है। यह उपलब्धि निरंतर सुधारों, स्थिर निवेशों और आधुनिकीकरण, आत्मनिर्भरता तथा स्थिरता पर केंद्रित दीर्घकालिक विजन के माध्यम से हासिल की गई है। उन्होंने बताया कि इस्पात क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 2.5 प्रतिशत का योगदान देता है और करीब 28 लाख लोगों की आजीविका का आधार है। बुनियादी ढांचे के विस्तार, विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि और रक्षा एवं परिवहन जैसे रणनीतिक क्षेत्रों के कारण इस्पात की मांग लगातार बढ़ रही है।केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत 2030 तक 300 मिलियन टन इस्पात उत्पादन क्षमता हासिल करने की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है, जबकि 2047 तक 500 मिलियन टन इस्पात उत्पादन का भी महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि ये लक्ष्य भारत को वैश्विक इस्पात मूल्य शृंखलाओं के साथ और अधिक एकीकृत करेंगे तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए अवसर खोलेंगे।श्री कुमारस्वामी ने घोषणा की कि इसी पृष्ठभूमि में इस्पात मंत्रालय ने भारत स्टील नामक एक वार्षिक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-सह-प्रदर्शनी को संस्थागत रूप देने का निर्णय लिया है। इसका पहला संस्करण भारत स्टील 2026, अप्रैल 2026 में नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि भारत स्टील 2026 को एक वैश्विक मंच के रूप में परिकल्पित किया गया है, जहां दुनिया भर के नीति निर्माता, उद्योग जगत के अग्रणी, निवेशक, प्रौद्योगिकी प्रदाता और खरीदार एक साथ जुटेंगे। इस आयोजन की एक प्रमुख विशेषता समर्पित रिवर्स बायर-सेलर बैठक होगी, जिसका उद्देश्य संरचित बी2बी संवाद को प्रोत्साहित करना और दीर्घकालिक साझेदारियों को मजबूत करना है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सम्मेलन इस्पात की खपत बढ़ाने, स्थिरता और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, कच्चे माल की आपूर्ति शृंखलाओं को सुरक्षित करने, तकनीकी नवाचार को गति देने और क्षमता विस्तार के लिए निवेश को सक्षम बनाने पर केंद्रित रहेगा। इसमें हरित इस्पात इकोसिस्टम, डिजिटल रूप से सक्षम इस्पात संयंत्र और खदानें, लाभकारीकरण और पेलेटाइजेशन के माध्यम से निम्न श्रेणी के अयस्कों का कुशल उपयोग, स्वच्छ ऊर्जा एवं गतिशीलता के लिए उन्नत इस्पात तथा चक्रीय इस्पात अर्थव्यवस्था जैसे भविष्य उन्मुख विषयों पर भी व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा।

श्री कुमारस्वामी ने राजदूतों और देश प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने देशों से उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तियों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं और निवेशकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करें। साथ ही उन्होंने भागीदार देशों को कंट्री राउंडटेबल में शामिल होने और भारत स्टील 2026 में आधिकारिक भागीदार देश के रूप में सहभागिता करने का भी आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की भागीदारी इस्पात क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग और दीर्घकालिक साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ करेगी।संवाद सत्र का समापन करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री एच.डी. कुमारस्वामी ने विश्वास व्यक्त किया कि मजबूत अंतरराष्ट्रीय समर्थन और साझेदारी के साथ भारत स्टील 2026 इस्पात उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक वैश्विक आयोजन के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि मंत्रालय अप्रैल 2026 में नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों का स्वागत करने के लिए उत्सुक है, जिसकी परिकल्पना वैश्विक इस्पात सहयोग के भविष्य को आकार देने वाले एक निर्णायक मंच के रूप में की गई है।

# तेलंगाना में हेट स्पीच के खिलाफ आएगा सख्त कानून : रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शनिवार, 20 दिसंबर को घोषणा की कि राज्य सरकार धार्मिक नफरत फैलाने वाले भाषणों (हेट स्पीच) पर रोक लगाने के उद्देश्य से विधानसभा में एक नया विधेयक पेश करेगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा कानूनों में संशोधन किया जाएगा ताकि दूसरे धर्मों को गाली देने वाले या उनका अपमान करने वाले अपराधियों के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित की जा सके।



शनिवार को एलबी स्टेडियम में आयोजित मक्रिसमसफसमारोह में भाग लेते हुए रेवंत रेड्डी ने इस बात पर जोर दिया कि लोगों को अपने विश्वास का पालन करते हुए दूसरे धर्मों का भी सम्मान करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, ङ्गङ्घहम जल्द ही विधानसभा में अभद्र भाषा (हेट स्पीच) पर कानून लाएंगे। तेलंगाना सरकार बजट सत्र में यह कानून लाकर हर धर्म के लिए समान अधिकार और अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा, ङ्गङ्घहम यहाँ आपके अधिकारों की रक्षा के लिए हैं। यदि आपके अधिकारों को कहीं भी ठेस पहुँचती है, तो हमारी सरकार उसे सुधारने के लिए तैयार है।

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने कब्रिस्तान के लिए भूमि की कमी के मुद्दे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि सरकार के पास कब्रिस्तानों के लिए गांवों से सटे हुए क्षेत्र में ज़मीन उपलब्ध नहीं है, इसलिए सरकार गांवों से थोड़ी दूर पर अपनी भूमि प्रदान करेगी। उन्होंने ईसाई समुदाय से आग्रह किया कि वे शवों को कब्रिस्तान तक ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था करें।

उन्होंने कहा, जब सरकार कल्याणकारी उपाय के रूप में आवास प्रदान कर रही है, तो कब्रिस्तान के लिए भूमि आवंटित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार ईसाइयों और मुस्लिमों के लिए कब्रिस्तान हेतु भूमि आवंटित करने के कदम उठाएगी, भले ही वे गांवों या शहरों से थोड़ी दूर हों।

मुख्यमंत्री ने अपनी इच्छा व्यक्त की कि तेलंगाना सरकार द्वारा अपनाए जा रहे 'TelanganaRising' मॉडल के साथ राज्य को देश में नंबर एक बनाना है। उन्होंने सभी समुदायों से शांति और विकास के इस मिशन में साथ आने का आह्वान किया।

# रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना सरकार की ओर से अजमेर शरीफ दरगाह में पेश की चादर

**हैदराबाद, 20 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना राज्य सरकार की ओर से अजमेर शरीफ दरगाह में एक मचादरफ पेश की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की जनता के लिए शांति, आपसी सद्भाव और समृद्धि की कामना की।यह चादर मंत्रियों- मोहम्मद अज़हरुद्दीन और पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, सरकारी सलाहकारोंशब्बीर अली और वेम नरेंद्र रेड्डी, सांसद बलराम नाइक, विभिन्न विधायकों, ढचठएखड के उपाध्यक्ष फहीम कुरैशी, तेलंगाना हज कमेटी के अध्यक्ष अफ़ज़ल



बियाबानी, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अज़मतुल्लाह हुसैनी, अल्पसंख्यक वित्त निगम के अध्यक्ष ओबैदुल्ला कोतवाल और कई अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यक नेताओं की उपस्थिति में पेश की गई।

सरकार की ओर से किए गए इस कार्य को सांप्रदायिक सद्भाव और समावेशी शासन के प्रति तेलंगाना सरकार की प्रतिबद्धता के प्रतिबिंब के रूप में वर्णित किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य में भाईचारे और एकता को और मजबूत करने का संदेश दिया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.